यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

# इलाहाबाद हाईकोर्ट

# समूह 'ग' एवं 'घ'

# Point by Point Theory + MCQ

# सम्पूर्ण अध्यायवार

# अध्ययन सामग्री एवं वस्तुनिष्ठ कोश

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण त्रिपाठी, चरन सिंह, भूपेन्द्र मिश्र

**सम्पादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए सम्पादक एवं प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सामान्य-ज्ञान

### इतिहास


प्राचीन इतिहास....5-9
■ इतिहास का विभाजन....5
■ प्रागैतिहासिक काल, ताम्र-पाषाण काल, सिन्धु घाटी सभ्यता....5
■ वैदिक सभ्यता, जैन एवं बौद्ध धर्म, बौद्ध संगीतियाँ, जैन संगीति (सभा), महाजनपदों का उदय....6
■ मौर्य साम्राज्य/मौर्योत्तर साम्राज्य....7
■ गुप्त साम्राज्य, गुप्तकालीन साहित्यकार व नाटककार....8
■ विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....8
मध्यकालीन इतिहास....10-14
■ अरबों का आक्रमण, दिल्ली सल्तनत, सल्तनतकालीन स्थापत्य....10
■ सल्तनत काल के अन्य अधिकारी तथा उनके कार्य, सल्तनतकालीन साहित्य....11
■ मुगल साम्राज्य, मुगलकालीन इमारतें, मुगलकालीन साहित्य, मुगलकालीन प्रशासन....11
■ सिक्ख धर्म, विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....12
आधुनिक इतिहास....15-24
■ भारत में यूरोपीय का आगमन, भूमि व्यवस्था और उसके प्रवर्तक, मैसूर युद्ध....15
■ मराठों तथा अंग्रेजों के मध्य हुई महत्वपूर्ण संधियाँ, 1857 का विद्रोह एक नजर में....15
■ सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन, प्रमुख सामाजिक-धार्मिक संस्थाएँ, किसान आंदोलन....16
■ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन एवं अध्यक्ष....17
■ महात्मा गाँधी के जीवन की प्रमुख घटनाएं....18
■ प्रमुख समाचार और उनके सम्पादक/संस्थापक, प्रमुख गवर्नर जनरल....19
■ स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान लिखी पुस्तकें....20
■ शिक्षा से संबंधित प्रमुख आयोग तथा समितियाँ, विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....21
विश्व का इतिहास....25-25
■ विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....25


### भूगोल


विश्व का भूगोल....26-35
■ सौरमण्डल, ग्रहों का क्रम, भूकम्प/प्रमुख ज्वालामुखी एवं उनकी स्थिति....26
■ पर्वत श्रृंखलाएँ/हिमनद/स्थानीय पवनें, हिमालय के प्रमुख हिमनद....27
■ वायुमण्डल, रेगिस्तान/महासागर....28
■ महासागरीय गर्त, चैनल/स्ट्रेट, जलसंधिया/जलडमरूमध्य, नदियाँ/झील/नहर, प्रमुख नदियाँ....29
■ वन/घास के मैदान, परिवहन, खनिज संसाधन, विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....30
भारत का भूगोल....36-44
■ भारत एक संक्षिप्त परिचय, भारत के सीमावर्ती देश, भारत की जनसंख्या, जनगणना, 2011....36
■ खनिज संसाधन/उद्योग....37
■ पर्वत श्रृंखलाएँ/दर्रे/घाटियाँ....38
■ नदी/झील/जल प्रपात/नदी घाटी परियोजनाएँ....39
■ जलवायु....40
■ विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....41
भारतीय राजव्यवस्था....45-53
■ भारत का संवैधानिक विकास....45
■ संविधान सभा की प्रमुख समितियाँ एवं अन्य प्रमुख आयोग....46
■ मौलिक अधिकार/मौलिक कर्तव्य, राज्य के नीति निदेशक तत्त्व, आपातकाल एवं राष्ट्रपति शासन....47
■ राष्ट्रीय प्रतीक : एक नजर, संविधान के प्रमुख अनुच्छेद....48
■ विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....49
भारतीय अर्थव्यवस्था....54-60
■ गरीबी अनुमान संबंधी समितियाँ....54
■ बैंकिंग सेक्टर में सुधार से संबंधित विभिन्न समितियाँ, भारत में स्थापित बैंक....55
■ राष्ट्रीय योजनायें एवं प्रमुख संगठन....56
■ विभिन्न कृषि क्रांतियाँ, विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न....57

## विज्ञान


**भौतिक विज्ञान ............ 61-70**

- भौतिक राशियाँ, गुरुत्वाकर्षण, यांत्रिकी ............ 61
- कंपन, तरंग एवं ध्वनि ............ 62
- ऊष्मा एवं ऊष्मागतिकी ............ 63
- प्रकाश ............ 65
- वैद्युत, कूलॉम का नियम ............ 67
- चुम्बक एवं चुम्बकत्व ............ 69
- विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न ............ 70

**रसायन विज्ञान ............ 70-82**

- पदार्थ की संरचना, तत्व ............ 70
- आधुनिक परमाणु सिद्धान्त ............ 71
- समस्थानिक, समभारिक, समन्यूट्रॉनिक और समइलेक्ट्रॉनिक में अन्तर, रेडियोसक्रियता ............ 73
- भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन ............ 74
- गैसीय नियम, ईंधन ............ 75
- ईंधन का ऊष्मीय मान, अम्ल, क्षार व लवण, कुछ सामान्य पदार्थों का pH मान, लवण ............ 76
- तत्वों के वर्गीकरण से सम्बन्धित सिद्धान्त, मोजले की आधुनिक आवर्त सारणी ............ 77
- आवर्त सारणी में अधात्विक तत्व, धातुएँ, प्रमुख धातुएं एवं उनके अयस्क ............ 78
- कार्बन, फुलेरीन्स, सीमेन्ट ............ 79
- काँच, प्लॉस्टिक, प्रमुख बहुलक, कार्बनिक रसायन ............ 80
- प्रमुख कार्बनिक यौगिकों के सामान्य सूत्र, किण्वन, कुछ कार्बनिक अम्ल एवं स्रोत, प्रमुख अम्ल एवं उनके उपयोग ............ 81
- विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न ............ 82

**जीव विज्ञान ............ 83-104**

- जीव विज्ञान की शाखाएँ, जीवों का वर्गीकरण ............ 83
- आनुवंशिकी ............ 84
- कोशिका संरचना ............ 85
- प्रमुख पादप ऊतक ............ 86
- पादप जगत ............ 87
- जड़, पुष्प ............ 89
- मानव शरीर, तंत्रिका तंत्र ............ 92
- कंकाल तंत्र ............ 94
- प्रजनन तंत्र ............ 96
- विटामिन एवं पोषण ............ 97
- पोषक पदार्थ ............ 98
- मानव स्वास्थ्य तथा रोग, मनुष्य में प्रोटोजोआ द्वारा उत्पन्न प्रमुख रोग, विषाणुओं द्वारा होने वाले मानवीय रोग ............ 99
- जीवाणु जनित बीमारियाँ, जीवाणुओं द्वारा उत्पन्न रोग एवं उनकी रोकथाम के उपाय ............ 100
- यौन-संबंधों द्वारा उत्पन्न रोग, आनुवांशिक बीमारियाँ, विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न ............ 101

**विज्ञान एवं तकनीकी ............ 105-110**

- अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम ............ 105
- विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न ............ 108

**कम्प्यूटर ............ 111-126**

**परम्परागत सामान्य-ज्ञान ............ 127-143**

**पर्यावरण/पारिस्थितिकी ............ 144-156**

**उत्तर प्रदेश सामान्य-ज्ञान ............ 157-168**


## हिन्दी


- वर्णमाला ............ 169-170
- वर्तनी एवं वाक्य शुद्धि ............ 171-177
- संज्ञा से अव्यय तक ............ 178-193
- तद्भव/तत्सम/देशज/विदेशज ............ 194-196
- उपसर्ग/प्रत्यय ............ 197-199
- विलोम शब्द ............ 200-206
- पर्यायवाची/समानार्थी/अनेकार्थी शब्द ............ 207-210
- वाक्यांश के लिए एक शब्द ............ 211-214
- संधि ............ 215-219

■ समास ........ 220-224
■ वाक्य-भेद ........ 225-227
■ काल ........ 228-229
■ रस/छन्द/अलंकार ........ 230-237
■ मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ ........ 238-245
■ अपठित गद्यांश ........ 246-253
■ महत्वपूर्ण रचनाएँ ........ 254-256
■ रिक्त स्थान की पूर्ति ........ 257-257
■ विविध ........ 258-259


## ENGLISH


■ PARTS OF SPEECH ........ 260-270
■ NUMBER & GENDER ........ 271-272
■ TENSE ........ 273-278
■ THE SENTENCE ........ 279-285
■ ARTICLE ........ 286-307
■ ACTIVE/PASSIVE VOICE ........ 308-311
■ DIRECT AND INDIRECT SPEECH ........ 312-318
■ SYNONYMS ........ 319-322
■ ANTONYMS ........ 323-326
■ MISSPELT WORD ........ 327-329
■ ONE WORD SUBSTITUTION ........ 330-335
■ IDIOM & PHRASES ........ 336-340
■ READING COMPREHENSION ........ 341-350
■ CLOZE TEST ........ 351-353
■ PARAJUMBLE/P.Q.R.S. ........ 354-355


## तर्कशक्ति परीक्षण


■ सादृश्य परीक्षण ........ 356-358
■ वर्गीकरण ........ 359-361
■ कोडिंग-डिकोडिंग ........ 362-366
■ संख्या श्रृंखला ........ 367-369
■ लुप्त संख्या/अक्षर/पद/आकृति ........ 370-376


## गणित


■ संख्या पद्धति (NUMBER SYSTEM) ........ 377-389
■ दशमलव एवं भिन्न (DECIMAL & FRACTION) ........ 390-393
■ घातांक तथा करणी (INDICES AND SURDS) ........ 394-397
■ लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक (Lowest Common Multiple & Highest Common Factor) ........ 398-404
■ सरलीकरण (SIMPLIFICATION) ........ 405-408
■ औसत (AVERAGE) ........ 409-413
■ अनुपात एवं समानुपात (RATIO & PROPORTION) ........ 414-420
■ प्रतिशतता (PERCENTAGE) ........ 421-429
■ लाभ एवं हानि/छूट या बट्टा (PROFIT & LOSS/DISCOUNT) ........ 430-438
■ साधारण ब्याज (SIMPLE INTEREST) ........ 439-442
■ चक्रवृद्धि ब्याज (COMPOUND INTEREST) ........ 443-448
■ मिश्रण तथा पृथ्थीकरण (MIXTURE & ALLIGATION) ........ 449-453
■ कार्य और समय (WORK & TIME) ........ 454-458
■ पाइप और टंकी (PIPE & CISTERN) ........ 459-461
■ समय, चाल और दूरी (TIME, SPEED & DISTANCE) ........ 462-467
■ नाव एवं धारा (BOAT & STREAM) ........ 468-469
■ आयु (AGE) ........ 470-471
■ समंकों का विश्लेषण (DATA INTERPRETATION) ........ 472-473
■ सांख्यिकी (STATISTICS) ........ 474-475
■ प्रायिकता (PROBABILITY) ........ 476-477
■ बीजगणित (ALGEBRA) ........ 478-487
■ त्रिकोणमिति (TRIGONOMETRY) ........ 488-493
■ ज्यामिति (GEOMETRY) ........ 494-506
■ निर्देशांक ज्यामिति (CO-ORDINATE GEOMETRY) ........ 507-508
■ क्षेत्रमिति 2D/3D (MENSURATION 2D/3D) ........ 509-520

# इतिहास

## A. प्राचीन इतिहास (Ancient History)

### इतिहास का विभाजन

प्राचीन भारतीय इतिहास की विशद सामग्री को समझने योग्य बनाने के लिए इतिहासकारों ने इसे तीन भागों में बांटा है -

1. प्रागैतिहासिक काल
2. आद्य-ऐतिहासिक काल
3. ऐतिहासिक काल

**प्रागैतिहासिक काल**–सुविधानुसार तीन भागों में बांटा गया है-

(i) पुरापाषाण काल
(ii) मध्यपाषाण काल
(iii) नवपाषाण काल

- मध्यपाषाण कालीन महदहा (प्रतापगढ़, उ.प्र.) से हड्डी एवं सींग से निर्मित उपकरण प्राप्त हुए हैं।
- पहिए का प्रयोग नवपाषाण काल में हुआ था।
- पशुपालन का प्रारंभ मध्यपाषाण काल में हुआ।
- मानव द्वारा आग का सर्वप्रथम प्रयोग नवपाषाण काल में किया गया था।
- कृषि का आविष्कार नवपाषाण काल में हुआ।
- भीमबेटका के गुफा चित्र पुरापाषाण कालीन हैं।
- नवपाषाण युगीन प्राचीनतम बस्ती पाकिस्तान में स्थित बलूचिस्तान प्रांत के मेहरगढ़ में है।

**ताम्र-पाषाण काल**

- सबसे बड़ी ताम्र निधि मध्य प्रदेश के गुंगेरिया से प्राप्त हुई है।
- सभी ताम्र-पाषाण समुदाय चाकों पर बने काले व लाल मृद्भाण्डों का प्रयोग करते थे।
- जिस काल में मनुष्य ने पत्थर एवं तांबे के औजारों का साथ-साथ प्रयोग किया, उस काल को 'ताम्र-पाषाणिक' काल अथवा 'कैल्कोलिथिक' काल कहा जाता है।

**सिन्धु घाटी सभ्यता (Indus Valley Civilization)**

- मोहनजोदड़ो, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'मृतकों का टीला' सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) के महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है। इसकी खोज वर्ष 1922 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के राखल दास बनर्जी ने की थी।
- लोथल एवं सुरकोतदा– सिन्धु सभ्यता का बन्दरगाह नगर था।
- सिन्धु सभ्यता के लोग धरती को उर्वरता की देवी मानकर उसकी पूजा किया करते थे।
- वृक्ष–पूजा एवं शिव-पूजा के प्रचलन के साक्ष्य भी सिन्धु सभ्यता से मिलते हैं।
- सिन्धु सभ्यता में मातृदेवी की उपासना सर्वाधिक प्रचलित थी।
- पशुओं में कूबड़ वाला साँड, इस सभ्यता के लोगों के लिए विशेष पूजनीय था।
- हड़प्पा स्थल कालीबंगा से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं। कालीबंगन राजस्थान में घघ्घर नदी के तट पर स्थित है। इस स्थल की खोज बी.बी. लाल एवं बी.के. थापर ने की थी।
- कालीबंगा एकमात्र हड़प्पाकालीन स्थल था, जिसका निचला शहर भी रक्षा प्राचीर दीवारों से घिरा हुआ था। कालीबंगा से अग्नि पूजा के भी प्रमाण मिले हैं।

| स्थल | नदी/उत्खनन वर्ष | स्थल की स्थिति/उत्खननकर्ता |
|---|---|---|
| हड़प्पा | रावी नदी के बायें तट पर (1921 ई.) | मांटगोमरी जिला पंजाब (पाकिस्तान)/दयाराम साहनी |
| मोहनजोदड़ो | सिन्धु नदी के दायें तट पर (1922 ई.) | सिन्ध का लरकाना जिला (पाकिस्तान)/आर. डी. बनर्जी |
| सुत्कागेंडोर | दाश्क नदी (1927 ई.) | पाकिस्तान/आर. एल. स्टाइन |
| चन्हूदड़ो | सिन्धु नदी (1931 ई.) | सिन्ध (पाकिस्तान)/एन. जी. मजूमदार |
| रंगपुर | मादर नदी (1954 ई.) | अहमदाबाद (भारत)/एस.आर.राव |
| कोटदीजी | सिन्धु नदी (1955 व 1957 ई.) | सिन्ध (पाकिस्तान)/फजल अहमद खाँ |
| रोपड़ | सतलज नदी (1953 ई.) | पंजाब (भारत)/वाई. डी. शर्मा |
| कालीबंगा | घग्गर नदी (1961 ई.) | हनुमानगढ़ (राजस्थान)/बी.बी.लाल एवं बी.के. थापर |
| लोथल | भोगवा नदी (1955-62 ई.) | अहमदाबाद (गुजरात)/एस.आर. राव |
| आलमगीरपुर (भारत) | हिण्डन नदी (1958 ई.) | मेरठ (उ. प्र.)/वाई.डी. शर्मा |
| सुरकोटदा | 1972-75 ई. | गुजरात (कच्छ)/जगतपति जोशी |
| बनावली | प्राचीन सरस्वती नदी (रंगोई)(1973 ई.) | हरियाणा /आर.एस. बिष्ट |
| धौलावीरा | 1990-91 ई. | कच्छ (गुजरात)/आर. एस. बिष्ट |

## वैदिक सभ्यता (Vedic Culture)

| क्र.सं. | वेद | उपवेद | विशेष |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋग्वेद | आयुर्वेद | चिकित्सा से सम्बंधित। |
| 2. | सामवेद | गन्धर्व वेद | संगीतकला से सम्बन्धित। |
| 3. | यजुर्वेद | धनुर्वेद | युद्ध कला से सम्बंधित। |
| 4. | अथर्ववेद | शिल्पवेद, ब्रह्मवेद | शिल्प से सम्बन्धित कला का ज्ञान। |

- ऋग्वेद में सर्वप्रथम 'भरत जन' का उल्लेख मिलता है, जिसके नाम पर इंडिया का नाम 'भारत' रखा गया। ऋग्वेद प्राचीनतम वेद माना जाता है। इसमें कुल 10 मंडल तथा 1028 सूक्त है। इस वेद को पढ़ने वाले ऋषि को 'होतृ' कहते है। ऋग्वेद का पहला एवं 10वाँ मंडल सबसे अंत में जोड़ा गया।
- दसराज्ञ युद्ध (दस राजाओं का युद्ध) का वर्णन ऋग्वेद में 7वें मंडल में है। यह परुषणी नदी के तट पर लड़ा गया। इसमें भरत जन के राजा सुदास ने दस राजाओं के संघ को हराया।
- चार वेदों में से अथर्ववेद में बुरी आत्माओं और बीमारियों से बचने के लिए जादू मंत्र और तंत्र-मंत्र का संग्रह है। अथर्वा ऋषि द्वारा रचित इस वेद में कुल 731 मंत्र तथा लगभग 6000 पद्य हैं।
- अथर्ववेद में आयुर्वेद और चिकित्सा पद्धति का वर्णन है।

## ~~जैन एवं बौद्ध धर्म~~ (Jainism/Buddhismsm)

- कुषाण वंश के शासक कनिष्क के शासनकाल के दौरान चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन कश्मीर के कुण्डलवन में हुआ। इसके अध्यक्ष वसुमित्र एवं उपाध्यक्ष अश्वघोष थे। इसी संगीति में बौद्ध धर्म दो सम्प्रदायों हीनयान एवं महायान में विभाजित हुआ।
- तीन भागों में विभाजित त्रिपिटक (विनयपिटक, सुत्तपिटक, अभिधम्मपिटक) बौद्ध धर्म का प्रमुख ग्रन्थ है। त्रिपिटक में महात्मा बुद्ध के बुद्धत्व (ज्ञान) प्राप्त करने से लेकर महापरिनिर्वाण तक दिये हुए प्रवचनों का संकलन किया गया है।

### बौद्ध संगीतियाँ

| बौद्ध संगीतियाँ | स्थान | समय | अध्यक्ष | शासक |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | राजगृह | 483 ई. पू. | महाकाश्यप | अजातशत्रु |
| द्वितीय | वैशाली | 383 ई. पू. | सबाकामी | कालाशोक |
| तृतीय | पाटलिपुत्र | 250 ई. पू. | मोग्गलिपुत्ततिस्स | अशोक |
| चतुर्थ | कुण्डलवन (कश्मीर) | ईसा की प्रथम शताब्दी | वसुमित्र | कनिष्क |

- जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक 24वें तथा अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी थे। इनका जन्म वैशाली जिले के कुंडग्राम में हुआ था, महावीर की मृत्यु (मोक्ष की प्राप्ति) राजगृह के निकट पावापुरी में 72 वर्ष की अवस्था में हुई।
- पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर थे।

### जैन संगीति (सभा)

| संगीति | स्थान | समय | अध्यक्ष | कार्य |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | पाटलिपुत्र | 322 ई.पू. 300 ई.पूर्व | स्थूलभद्र | जैन धर्म के प्रधान भाग 12 अंगों का सम्पादन हुआ जैन धर्म का श्वेताम्बर एवं दिगम्बर में विभाजन |
| द्वितीय | वल्लभी (गुजरात) | 513 ई. | देवर्धि क्षमाश्रमण | धर्मग्रन्थों (कुल 11 अंगो) का अंतिम रूप से संकलन कर इन्हें लिपिबद्ध किया गया |

## महाजनपदों का उदय
## (Emergence of Mahajanapadas)

### सोलह महा-जनपद (600-325 ई.पू.)

बौद्ध ग्रंथ 'अगुत्तरनिकाय' के अनुसार छठीं शताब्दी ई.पू. में निम्न 16 महा-जनपद (क्षेत्रीय राज्य) विद्यमान थे-

| महा-जनपद | | राजधानी |
|---|---|---|
| ✪ अवन्ति | : | उत्तरी अवन्ति-**उज्जयिनी**, दक्षिणी अवन्ति-**महिष्मती** |
| ✪ मल्ल | : | कुशीनारा या पावा |
| ✪ कुरु | : | इन्द्रप्रस्थ |
| ✪ मगध | : | राजगृह या गिरिव्रज |
| ✪ वज्जि-संघ | : | वैशाली |
| ✪ काशी | : | वाराणसी |
| ✪ चेदि | : | सुक्तिमति |
| ✪ कम्बोज | : | राजपुर या हाटक। |
| ✪ वत्स | : | कौशाम्बी |
| ✪ अंग | : | चम्पा |
| ✪ पांचाल | : | उत्तरी पांचाल-अहिच्छत्र, दक्षिणी पांचाल-कांपिल्य। |
| ✪ मत्स्य | : | विराटनगर। |
| ✪ कोशल | : | उत्तरी कोसल- श्रावस्ती, दक्षिणी कोसल राजधानी-कुशावती। |
| ✪ अश्मक | : | पाटन या पोटली |
| ✪ गांधार | : | तक्षशिला। |
| ✪ शूरसेन | : | मथुरा |

- बिहार की राजधानी पटना का पुराना नाम पाटलिपुत्र है। सम्राट अजातशत्रु के उत्तराधिकारी उदयिन ने अपनी राजधानी को राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित किया और बाद में चन्द्रगुप्त मौर्य ने यहाँ साम्राज्य स्थापित कर अपनी राजधानी बनाई। जिससे पाटलिपुत्र सत्ता का केन्द्र बन गया। फाहियान ने अपने यात्रा वृतान्त में उसका जीवन्त वर्णन किया और मेगस्थनीज ने पाटलिपुत्र नगर का प्रथम लिखित विवरण दिया।
- हर्यंक वंश का शासक अजातशत्रु, बिम्बिसार का पुत्र था। अजातशत्रु 492 ई.पू. में अपने पिता बिम्बिसार की हत्या करके गद्दी पर बैठा। अजातशत्रु का उपनाम कुणिक था तथा प्रारम्भ में वह जैन धर्म का अनुयायी था परन्तु बाद में इसने बौद्ध धर्म अपना लिया। इसने राजगृह में स्तूपों का निर्माण करवाया और 483 ई.पू. राजगृह की सप्तपर्णी गुफा में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन किया।
- हर्यक वंश का संस्थापक बिम्बिसार मगध की राजगद्दी पर 544 ई.पू. (बौद्ध ग्रंथों के अनुसार) में बैठा। प्रसिद्ध चिकित्सक जीवक मगध के सम्राट बिम्बिसार का राजवैद्य था। महात्मा बुद्ध की सेवा में बिम्बिसार ने अपने राजवैद्य 'जीवक' को भेजा था। इसके अतिरिक्त जब अवन्ति प्रदेश के राजा प्रद्योत पाण्डु रोग से ग्रसित थे तब भी बिम्बिसार ने अपने राजवैद्य जीवक को उनकी सेवा के लिए भेजा था। जीवक 7 वर्ष तक तक्षशिला में चिकित्सा शास्त्र का अध्ययन किया था।
- नंद वंश का संस्थापक महापद्मनंद था। पुराणों में महापद्मनंद को सर्वक्षत्रांतक (क्षत्रियों का नाश करने वाला) तथा भार्गव (परशुराम का अवतार) कहा गया है उसने 'एकराट' और 'एकच्छत्र' की उपाधि धारण की। महापद्मनंद के आठ पुत्रों में घनानंद नंद वंश का अंतिम शासक था। इसी के समय सिकन्दर (325 ई.पू.) ने पश्चिमोत्तर भारत पर आक्रमण किया था। ग्रीक लेखकों ने घनानंद को 'अग्रमीज' कहा है। 322 ई.पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से घनानंद की हत्या कर मौर्यवंश के शासन की नीव डाली।

## मौर्य साम्राज्य/मौर्योत्तर साम्राज्य
## (Mauryan Empire/Post Mauryan Empire)

### अशोक के अभिलेखों में वर्णित विषय

| शिलालेख | वर्णित विषय |
|---|---|
| पहला | अहिंसा पर बल, पशुबलि की निंदा एवं समारोह पर प्रतिबंध। |
| दूसरा | समाज कल्याण हेतु कार्य, मनुष्यों एवं पशुओं के लिए चिकित्सा की व्यवस्था एवं पड़ोसी राज्य चोल-पाण्ड्य-सतियपुत्र एवं केरलपुत्र का वर्णन |
| तीसरा | ब्राह्मणों तथा श्रमणों से उदारतापूर्ण व्यवहार। इसमें राजकीय अधिकारियों को यह आदेश दिया गया कि वे हर पांचवें वर्ष दौरा पर जाएं। |
| चौथा | भेरीघोष की जगह धम्मघोष की घोषणा की गई है। पशु हत्या को बहुत हद तक रोके जाने का दावा है। |
| पांचवां | शासन के 13वें वर्ष में धम्ममहामात्र नामक अधिकारी की नियुक्ति की चर्चा। |
| छठा | अपने प्रतिवेदकों को आदेश देता है कि मै जहां भी रहूँ, मुझे प्रजा के विषय में सूचना दें। |
| सातवां | सभी संप्रदायों के लिए सहिष्णुता। |
| आठवां | अशोक के धर्म (तीर्थ) यात्राओं का उल्लेख। |
| नौवां | सच्ची भेंट एवं सच्चे शिष्टाचार का उल्लेख |
| दसवां | इसमें ख्याति एवं गौरव की निंदा की गई है तथा धम्मकीर्ति की श्रेष्ठता पर बल दिया गया है। |
| ग्यारहवां | धर्म के दान को सर्वोत्कृष्ट एवं धम्म की व्यख्या किया गया है। |
| बारहवां | सभी प्रकार के विचारों का सम्मान, विभिन्न सम्प्रदायों के बीच टकराव एवं महिला महामात्रों की नियुक्ति। |
| तेरहवां | कलिंग युद्ध का वर्णन एवं अशोक के हृदय परिवर्तन की बात तथा पड़ोसी राजाओं का वर्णन है। |
| चौदहवां | अशोक ने जनता को धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। |

- चंद्रगुप्त मौर्य ने 322 ई.पू. में मौर्यवंश की नींव रखी और विशाल मौर्य साम्राज्य की स्थापना की। चाणक्य ने 'अर्थशास्त्र' नामक ग्रंथ की रचना की थी।
- मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने 305 ईसा पूर्व में सिकन्दर के सेनापति सेल्यूकस निकेटर को पराजित किया था।
- मेगस्थनीज सेल्यूकान निकेटर का राजदूत था, जो चन्द्रगुप्त के दरबार में रहता था। इसकी पुस्तक इंडिका है।
- सम्राट अशोक (273-236 ईसा पूर्व) मौर्य वंश का तीसरा शासक था। कलिंग की विजय (261 ई.पू.) के बाद अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण किया।
- अशोक प्राचीन भारत में मौर्य राजवंश का तीसरा राजा था। अशोक को 'देवानाम प्रिय' एवं 'प्रियदर्शी' आदि नामों से भी जाना जाता है।
- मौर्य शासक अशोक ने राज्याभिषेक के आठवें वर्ष (261 ई.पू.) में अशोक ने कलिंग पर विजय प्राप्त की थी।
- शुंग वंश का संस्थापक पुष्यमित्र शुंग था। पुष्यमित्र शुंग मौर्यों का सेनापति था। उसने मौर्यों के अन्तिम शासक बृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की। पुष्यमित्र शुंग द्वारा सत्ता प्राप्ति की तिथि 185 ई.पू. मानी जाती है। पुराणों के अनुसार उसका शासनकाल 36 वर्ष का था अर्थात् उसने 149 ई.पू. तक शासन किया। पुष्यमित्र शुंग उज्जैन का एक ब्राह्मण था इसके पुरोहित एवं प्रधानमंत्री महर्षि पतंजलि थे जिन्होंने दो बार अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन करवाया था। इण्डो यूनानी शासक मिनांडर को इसने पराजित किया था और भरहुत स्तूप का निर्माण भी करवाया था। पुष्यमित्र शुंग के उत्तराधिकारी– अग्निमित्र → वसुज्येष्ठ →वसुमित्र → आन्ध्रक → पुलिन्दक → घोष → वज्रमित्र → भागभद्र (भागवत) → देवभूति
- देवभूति इस वंश का अंतिम शासक था इसकी हत्या वासुदेव ने 75 ईसा पूर्व में करके कण्व वंश की स्थापना की थी।

## गुप्त साम्राज्य (Gupta Empire)

### गुप्तकालीन पदाधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| ✪ **महाबलाधिकृत** | – | सेनापति |
| ✪ **महादण्डनायक** | – | युद्ध एवं न्याय का मन्त्री। (न्यायाधीश) |
| ✪ **सर्वाध्यक्ष** | – | राज्य के सभी केंद्रीय विभागों का प्रमुख अधिकारी। |
| ✪ **महाभंडाराधिकृत** | – | राजकीय कोष का प्रमुख अधिकारी। |
| ✪ **महाक्षपटलिक** | – | दस्तावेजों एवं राजाज्ञाओं को लिपिबद्ध करने वाला अधिकारी। |
| ✪ **करणिक** | – | भूमि आलेख को सुरक्षित रखने वाला अधिकारी। |
| ✪ **न्यायाधिकरण** | – | भूमि विवाद का निपटारा करने वाला। |
| ✪ **अटाश्वपति** | – | अश्व सेना का प्रमुख। |
| ✪ **युक्त पुरुष** | – | युद्ध में प्राप्त की गयी तथा हस्तगत सम्पत्ति का लेखा रखता था। |
| ✪ **पुरपाल** | – | नगर का प्रधान अधिकारी। |

### गुप्तकालीन साहित्यकार व नाटककार

| नाम | रचनाएँ |
|---|---|
| **कालिदास** | अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्, मेघदूतम्, कुमारसंभवम्, |
| **विशाखदत्त** | मुद्राराक्षस और देवीचन्द्रगुप्तम् (नाटक) |
| **भारवि** | किरातार्जुनीयम |
| **शूद्रक** | मृच्छकटिकम् |
| **हरिषेण** | इलाहाबाद प्रशस्ति का लेखक |
| **विष्णु शर्मा** | पंचतंत्र |
| **आर्यभट्ट** | आर्यभट्टीयम्, सूर्य सिद्धान्त |
| **वराहमिहिर** | पंचसिद्धान्तिका, वृहत्संहिता वृहत्जातक, लघुजातक |

- प्राचीन भारत में गुप्त शासक 'कुमार गुप्त' (415-155 ई.पू.) ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।
- चन्द्रगुप्त प्रथम (319-335 ई.), जिसे गुप्त वंश का प्रथम वास्तविक संस्थापक माना जाता है। वह गुप्त शासक घटोत्कच का पुत्र था, जिसने एक गुप्त संवत 319 ई. चलाया। उसने **'महाराजाधिराज'** की उपाधि धारण की और लिच्छिवी राज्य की राजकुमारी **'कुमार देवी'** के साथ विवाह कर लिच्छिवियों की सहायता से शक्ति बढ़ाई।
- शक संवत 78 ई. में कुषाण शासक कनिष्क द्वारा प्रारम्भ किया गया था, जबकि 319 ई. में गुप्त शासक चन्द्रगुप्त प्रथम द्वारा गुप्त संवत का प्रारम्भ किया गया था।
- चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त था। समुद्रगुप्त गुप्त वंश का चौथा राजा था एवं उसके साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी। इतिहासकार विसेंट स्मिथ ने उसे भारत का नेपोलियन कहा।
- इलाहाबाद प्रशस्ति इसे 'प्रयाग प्रशस्ति' के नाम से भी जाना जाता है। समुद्रगुप्त का एक स्तंभ है जो इलाहाबाद में है तथा यह संस्कृत में लिखा गया है। इसकी रचना हरिषेण ने की थी।

**भारत आने वाले चीनी यात्री**

**(क) फाह्यान–** भारत में आने वाला यह प्रथम चीनी यात्री था, जो चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के समय भारत की यात्रा की। इसने 15 वर्षों तक बौद्ध ग्रन्थों का अध्ययन किया।

**(ख) शुंग युन–** यह 518 ईस्वी में भारत आया। इसने बंगाल व बिहार की तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक व धार्मिक स्थितियों का वर्णन किया।

**(ग) इत्सिंग–** यह 671–693 ईस्वी तक भारत में रहा। यह चीनी बौद्ध यात्री था जो नालन्दा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत रहा तथा त्रिपिटकों की 400 प्रतियाँ अपने साथ ले गया।

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

## जैन धर्म/बौद्ध धर्म (Jainism/Buddhism)

**1. बुद्ध की शिक्षायें कथाओं से पूर्वरचित की गई हैं, जो मुख्यतः _______ में पाई जाती हैं:**

(a) भगवद्गीता (b) कुरान
(c) बोधिसत्व (d) सुत्तपिटक

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (d) :** बुद्ध की शिक्षाएं कथाओं से पूर्वरचित की गई हैं, जो मुख्यतः सुत्तपिटक में पाई जाती हैं। सुत्तपिटक बौद्ध धर्म के पाली साहित्य का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें बुद्ध की शिक्षाएं और उपदेश संग्रहीत है। सुत्तपिटक में पांच निकाय है।
(1) दीघ निकाय (2) मज्झिम निकाय (3) संयुक्त निकाय
(4) अंगुत्तर निकाय (5) सुद्दक निकाय

**2. बौद्ध परिषद .......... में आयोजित की गयी थी जहाँ बौद्ध धर्म दो संप्रदायों - हीनयान और महायान में विभाजित हो गया था।**

(a) राजगीर (b) वैशाली
(c) पाटलिपुत्र (d) कश्मीर

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (d)** बौद्ध परिषद की चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन प्रथम सदी ई. में कश्मीर के कुण्डलवन में, कनिष्क के शासन काल में, वसुमित्र की अध्यक्षता में हुई थी। इस बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म हीनयान और महायान में विभाजित हो गया। हीनयान– ये रूढ़िवादी प्रकृति के थे। इन्हें निम्नमार्गी भी कहा जाता था। इन्होंने बुद्ध के मूल उपदेशों को ग्रहण किया। इनका उद्देश्य अर्हत् पद प्राप्त करना है। इसका विस्तार श्रीलंका, वर्मा, जावा आदि देशों तक है।
महायान – ये सुधारवादी प्रकृति के लोग थे। इन्हें अष्टमार्गी भी कहा जाता है। इनका आदर्श बोधिसत्व है। इनका विस्तार तिब्बत, चीन, कोरिया, मंगोलिया आदि देशों तक है।

3. **गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश के ............में अपना पहला उपदेश दिया था?**

(a) सारनाथ (b) मिर्जापुर (c) अयोध्या (d) कुशीनगर

**Allahabad High Court (Group D) Exam 27/09/2014**

**Ans. (a)** गौतम बुद्ध (563 ईसा पूर्व – 483 ईसा पूर्व) की शिक्षाओं पर बौद्ध धर्म का प्रचलन हुआ। इनका जन्म लुंबिनी में शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ। 29 वर्ष की अवस्था में बुद्ध ने घर त्याग दिया जिसे 'महाभिनिष्क्रमण' के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को वे काशी के समीप मृगदाव (वर्तमान में सारनाथ) पहुंचे। यही पर उन्होंने सबसे पहला धर्मोपदेश दिया जिसे 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा गया है।

## मौर्य साम्राज्य (Mauryan Empire)

4. **......... मध्य प्रदेश में भगवान बुद्ध के सम्मान में सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया बौद्ध स्मारक है।**

(a) धामक स्तूप (b) बविकोंडा स्तूप
(c) महाबोधि स्तूप (d) सांची स्तूप

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (d) :** सांची स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक द्वारा तीसरी सदी ई.पू. में भगवान बुद्ध के सम्मान में करवाया गया था। सांची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन जिले में बेतवा नदी के तट पर स्थित छोटा सा गांव है। रायसेन जिले में एक अन्य विश्व पर्यटक स्थल भीमबेटका भी है। सांची स्तूप को वर्ष 1989 में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया।

## गुप्त साम्राज्य (Gupta Empire)

5. **निम्नलिखित में से कौन प्रारंभिक भारतीय इतिहास के सर्वाधिक महत्वपूर्ण शासकों में से एक, चंद्रगुप्त II, की पुत्री थी?**

(a) सत्यवती गुप्त (b) प्रभावती गुप्त
(c) अमरावती गुप्त (d) कुषाण गुप्त

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (b) :** प्रभावती गुप्त चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी। उसकी मां नाग वंश की कुबेरनागा थीं। प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक वंश के राजा रूद्रसेन द्वितीय से हुआ था। रूद्रसेन की मृत्यु के बाद प्रभावती ने अपने अल्प-वयस्क पुत्रों (दिवाकर सेन और दामोदर सेन) की संरक्षिका के रूप में शासन किया। रामगुप्त के बाद चंद्रगुप्त द्वितीय गद्दी पर बैठा। चंद्रगुप्त द्वितीय चांदी के सिक्के जारी करने वाला पहला गुप्त शासक था।

## प्राचीन स्थापत्य कला (Ancient Architecture)

6. **सूची-I साथ सूची-II का मिलान कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| वह स्थान जहां देवता की मूर्ति स्थापित की जाती है। | प्रदक्षिणा पथ |
| टावर | स्तूप |
| स्तूप के आस- पास | शिखर का वृत्ताकार पथ |
| ढीला/ढूह | गर्भगृह |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A-I, B-IV, C-III, D-II
(b) A-III, B-II, C-IV, D-I
(c) A-IV, B-III,C-II, D-I
(d) A-IV, B-III, C-I, D-II

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है–

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| A. वह स्थान जहां देवता की मूर्ति स्थापित की जाती है। | (IV) गर्भगृह |
| B. टावर | (III) शिखर |
| C. स्तूप के आस- पास का वृत्ताकार पथ | (I) प्रदक्षिणा पथ |
| D. ढूह/टीला | (II) स्तूप |

7. **भारत में पाया गया इनमें से प्राचीनतम मंदिर कौन था?**

(a) लिंगराज मंदिर (b) जगन्नाथ मंदिर
(c) राजराजेश्वर मंदिर (d) दशावतार मंदिर

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त दिये गये विकल्पों में दशावतार मंदिर प्राचीनतम मंदिर है। गुप्तकालीन देवगढ़ का दशावतार मंदिर नागर शैली में निर्मित है। यह मंदिर लगभग 6वीं शताब्दी के आस-पास निर्मित किया गया था।

| | |
|---|---|
| जगन्नाथ मंदिर | - 12वीं शताब्दी |
| लिंगराज | - 11वीं शताब्दी |
| राजराजेश्वर मंदिर | - 11 वीं शताब्दी |

8. **भारत में मथुरा कला शैली का आरंभ किसके द्वारा किया गया था?**

(a) भारतीय-यूनानी (b) कुषाण
(c) सातवाहन (d) गुप्त

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** भारत में मथुरा कला शैली का आरम्भ कुषाणों द्वारा किया गया था।
मथुरा शैली उत्तर प्रदेश के मथुरा में दूसरी शताब्दी ई.पू. से 12वीं शताब्दी ई. तक विकसित हुई। यह स्वदेशी रूप से विकसित है। इस शैली में लाल बलुआ पत्थर का प्रयोग किया जाता है।

## विविध (Miscellaneous)

9. **निम्नलिखित में से चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों की पहचान करें।**

**(A) मेगास्थनीज (B) फाहियान**
**(C) हवेनसांग (D) आई-किंग**
**(E) इब्न बतूता**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

(a) केवल A, B, C (b) केवल C, D, E
(c) केवल B, D, E (d) केवल B, C, D

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (d) :** फाहयान, हवेनसांग और आई- किंग चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों का समूह है। मेगास्थनीज युनान का राजदूत था (सेल्यूकस) जो चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। इब्नबतुता एक मोरक्को यात्री था जो 14 वीं शताब्दी में भारत आया था।

# B. मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

## अरबों का आक्रमण (Arab's Invasion)

- अरबों के भारत पर हमले के प्रथम प्रमाण 636-37 ई. के आसपास मिलते है। 711-12 ई. में अरबो ने मुहम्मद बिन-कासिम के नेतृत्व में सिंध पर आक्रमण किया।
- महमूद गजनवी का सबसे चर्चित आक्रमण सोमनाथ मंदिर (सौराष्ट्र) पर 1025-26 ईस्वीं में हुआ। इस समय गुजरात का शासक भीम-I था।
- महमूद गजनवी (998-1030) मध्य अफगानिस्तान में केन्द्रित गजनवी वंश का महत्वपूर्ण शासक था, महमूद गजनवी का भारत पर प्रथम आक्रमण 1001 ई. में हिन्दूशाही शासक जयपाल पर हुआ। जिसमें महमूद गजनवी को विजय प्राप्त हुई। महमूद का अंतिम आक्रमण 1027 ई. में जाटों पर हुआ था।
- गुजरात के पश्चिमी तट पर सौराष्ट्र के वेरावल में स्थित सोमनाथ मन्दिर का निर्माण राजा चन्द्रदेव ने करवाया था। प्राचीन समय में इस मन्दिर पर कई बार आक्रमण (लूटा) किये गये, जिसमें 1025 में महमूद गजनी द्वारा किया गया आक्रमण विख्यात है। ऐसा माना जाता है कि इस मन्दिर को 17 बार लूटा गया और नष्ट किया गया।

## दिल्ली सल्तनत (Delhi Sultanate)

- मध्यकालीन भारतीय इतिहास में दिल्ली सल्तनत के प्रथम राजवंश जिसकों गुलाम वंश या मामलुक वंश के नाम से जाना जाता है।
- 1206 से 1526 ई. तक भारत पर शासन करने वाले पाँच वंश के सुल्तानों के शासनकाल को दिल्ली सल्तनत कहा जाता है। दिल्ली सल्तनत के क्रमानुसार पाँच वंश-
  1. गुलाम वंश/ मामलुक वंश/ इल्बरी वंश (1206-1290)
  2. खिलजी वंश (1290-1320)
  3. तुगलक वंश (1320 - 1414)
  4. सैयद वंश (1414 - 1451)
  5. लोदी वंश (1451 - 1526)
- कुतुबुद्दीन ऐबक दिल्ली सल्तनत का संस्थापक और गुलाम वंश का पहला सुल्तान था। इसका कार्यकाल 1206-1210 ई. तक था। उसकी हत्या कर इल्तुतमिश (कुतुबुद्दीन का दामाद और गुलाम) शासक बना था। इल्तुतमिश ने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।
- रजिया सुल्तान मुस्लिम एवं तुर्की इतिहास की पहली महिला शासक थी।
- रजिया को दिल्ली सल्तनत के सिंहासन से 1240 में हटाया गया था।
- कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी 'शेख मुइनुद्दीन चिश्ती' के शिष्य थे।
- सल्तनत काल के गुलामवंशी शासक उलूग खाँ ने 'बलबन' की उपाधि धारण की थी। उलूग खाँ को नासिरुद्दीन महमूद ने यह उपाधि प्रदान की थी। बलबन ने राजत्व के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। बलबन ने दरबार में सिजदा एवं पाबोस प्रथाओं को लागू किया तथा 'नवरोज' त्योहार मनाना प्रारम्भ किया। बलबन ने एक सैन्य विभाग 'दीवान-ए-अर्ज' की स्थापना की थी।
- बलबन ने प्रशासन के लिये 'रक्त एवं लौह नीति' अपनायी। गयासुद्दीन बलबन जाति से इल्बरी तुर्क था। बलबन ने एक नये राजवंश 'बलबनी वंश' की स्थापना की थी।
- खिलजी वंश का संस्थापक जलालुद्दीन फिरोज खिलजी था।
- अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल के दौरान वस्त्र बाजार को सराय-ए-अदल के रूप में जाना जाता था।
- मुहम्मद बिन तुगलक (1325 ई.–1351 ई.) अपने पिता गयासुद्दीन तुगलक की मृत्यु के बाद मुहम्मद बिन तुगलक के नाम से 1325 ई. में गद्दी पर बैठा। इसका मूल नाम 'उलूग खाँ' था। राजमुंदरी के एक अभिलेख में मुहम्मद बिन तुगलक (जूना खाँ/जौना खाँ) को 'दुनिया का खान' कहा गया है।
- वर्ष 1326-27 ई. में, मुहम्मद-बिन तुगलक ने अपनी राजधानी दिल्ली से महाराष्ट्र में देवगिरी स्थानांतरित कर दी, जिसका नाम बदलकर दौलताबाद कर दिया।
- 1333 ई. में मोरक्को (अफ्रीका) का प्रसिद्ध यात्री 'इब्न बतूता' भारत आया। मुहम्मद-बिन-तुगलक ने इसे 'दिल्ली का काजी' नियुक्त किया, जो 8 वर्षों तक इस पद पर कार्य किया
- लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी था। वह 19 अप्रैल, 1451 को 'बहलोल शाह गाजी' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा। दिल्ली पर प्रथम अफगान राज्य की स्थापना का श्रेय बहलोल लोदी को दिया जाता है। बहलोल लोदी ने बहलोल सिक्के का प्रचलन करवाया। बहलोल लोदी का पुत्र निजाम खाँ 17 जुलाई, 1489 ई में 'सुल्तान सिकन्दर शाह' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा।
- सिकंदर लोदी, लोदी वंश (1489-1517 ई.) का सर्वश्रेष्ठ शासक था। 1504 ई. में उसने आगरा शहर की स्थापना राजस्थान के शासकों पर अपने अधिकार को सुरक्षित रखने तथा व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से की थी। सिकन्दर लोदी ने आगरा को अपनी नयी राजधानी बनाया।
- इब्राहिम लोदी, लोदी वंश एवं दिल्ली सल्तनत का अंतिम सुल्तान था। वह 21 नवम्बर 1517 ई. को आगरा के सिंहासन पर 'इब्राहिम शाह' की उपाधि से बैठा। वह वर्ष 1526 में पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर से पराजित हुआ तथा वीरगति को प्राप्त किया।

## सल्तनत कालीन स्थापत्य

- कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिण प्रवेश द्वार अलाई दरवाजा का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने 1311 ई. में करवाया था
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की स्मृति में दिल्ली के मेहरौली नगर में कुतुबमीनार का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाया था।

## सल्तनत काल के अन्य अधिकारी तथा उनके कार्य

| पद | कार्य |
|---|---|
| ✪ वकील-ए-दर | यह शाही महल एवं सुल्तान की व्यक्तिगत सेवाओं का प्रबन्ध करता था। |
| ✪ अमीर-ए-हाजिब (बारबक) | यह दरबारी शिष्टाचार के नियमों को लागू करता था। |
| ✪ शहना-ए-मंडी | यह बाजार मूल्य नियंत्रण, बाँट-माप की जाँच करता था। |
| ✪ मजमुआदार | यह राजस्व का आय-व्यय ठीक करता था। |
| ✪ मतशर्रिफ | यह शाही कारखानों की देखभाल करता था। |
| ✪ वरीद-ए-मुमालिक | यह सूचनादाता एवं गुप्तचर विभाग का प्रमुख था। |
| ✪ खजीन | यह खजांची था। |
| ✪ काजी-उल-कुजात | यह न्याय विभाग का प्रमुख था। |
| ✪ कोतवाल | यह शहरों में शान्ति व्यवस्था करता था। |

## सल्तनत कालीन साहित्य
## (Literature of Sultanate Period)

| रचना | रचनाकार |
|---|---|
| मिफताह उल-फुतूह, तारीख ए दिल्ली, तुगलकनामा, खजाइन-उल- फुतूह, आशिका, नूह सिपिहर | अमीर खुसरो |
| तारीख-ए-फिरोजशाही | जियाउद्दीन बरनी |
| तबकात-ए-नासिरी | मिनहाज-उस-सिराज |
| फुतुहात-ए-फिरोजशाही | फिरोजशाह तुगलक |
| तारीख-ए-मुबारकशाही | याहिया बिन अहमद |

# मुगल साम्राज्य
# (Mughal Empire)

## मुगलकालीन इमारतें

| | इमारत | स्थान | निर्माता |
|---|---|---|---|
| ✪ | शेरशाह का मकबरा | सासाराम | शेरशाह सूरी |
| ✪ | पुराना किला | दिल्ली | शेरशाह सूरी |
| ✪ | बुलंद दरवाजा | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| ✪ | अकबर का मकबरा | सिकन्दरा | जहांगीर |
| ✪ | एतमाद्दौला का मकबरा (सफेद संगमरमर) | आगरा | नूरजहाँ |
| ✪ | लाल किला | दिल्ली | शाहजहाँ |
| ✪ | जामा मस्जिद | दिल्ली | शाहजहाँ |
| ✪ | ताजमहल | आगरा | शाहजहाँ |

## मुगलकालीन साहित्य

| लेखक/कवि | रचनाएं |
|---|---|
| **अबुल फजल** | अकबरनामा, आइन-ए-अकबरी |
| **अब्दुल-हमीद लाहौरी** | बादशाहनामा |
| **गुलबदन बेगम** | हुमायूँनामा |
| **निजामुद्दीन** | 'तबकात-ए-अकबरी' |
| **अब्दुल कादिर बदायूंनी** | मुंतखब-उल-तवारिख |
| **मुहम्मद हसन** | मीरात-ए-अहमदी |
| **बाबर** | तुजुक-ए-बाबरी (फारसी अनुवाद अब्दुर रहीम खान-ए-खाना) |
| **जहांगीर** | तुजुक-ए-जहांगीरी |

## मुगलकालीन प्रशासन (Mughal Administration)

| | |
|---|---|
| **मीर-ए-अर्ज** | बादशाह के पास भेजे जाने वाले पत्रों का प्रभारी। |
| **मीर-ए-बहर** | जल सेना का प्रधान |
| **मीर-ए-तोजक** | धर्मानुष्ठान अधिकारी |
| **मीर-ए-बर्र** | वन-विभाग का अध्यक्ष |
| **नाजिर-ए-बयूतात** | शाही कारखानों का अधीक्षक |
| **वाकिया नवीस** | समाचार लेखक |
| **खुफिया नवीस** | गुप्त पत्र लेखक |
| **स्वानिध-निगार** | राज्यों को समाचार (आदेश) प्रेषित करने वाला अधिकारी |
| **हरकारा** | संदेशवाहक एवं जासूस |
| **वितिक्ची** | दरबारी घटनाओं का लेखक |
| **परवानची** | सरकारी आदेश प्रेषक |
| **मुशरिफ** | राज्य के आय-व्यय का लेखा-जोखा रखने वाला अधिकारी |

- पानीपत का प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526 ई.)– इसमें बाबर ने इब्राहिम लोदी को हराकर भारत में मुगल वंश की स्थापना की थी।
- 'बाबरनामा' या 'तुज्क-ए-बाबरी' मुगल साम्राज्य के पहले शासक ''बाबर'' की आत्मलिखित जीवनी है।
- घाघरा का युद्ध भारतीय इतिहास में लड़े गये प्रसिद्ध युद्धो में से एक था। यह युद्ध भारत में मुगल वंश के संस्थापक बाबर एवं अफगानों (महमूद लोदी) के मध्य 1529 ई. में लड़ा गया था।
- हुमायूँ मुगल शासक बाबर का पुत्र था। हुमायूँ 26 जून, 1539 को चौसा का युद्ध और 17 मई 1540 के बिलग्राम (कन्नौज) के युद्ध में शेरशाह सूरी से पराजित हुआ। इस प्रकार शेरशाह ने दिल्ली को अपने आधिपत्य में ले लिया।
- खानवा का युद्ध 17 मार्च, 1527 ई. को आगरा के पास खानवा नामक स्थान पर बाबर और राणा सांगा के मध्य लड़ा गया जिसमें बाबर विजयी हुआ।
- हुमायूंनामा, गुलबदन बेगम की एक महत्वपूर्ण कृति है।
- शेरशाह सूरी या शेर खाँ, भारत में 'सूर' राजवंश का संस्थापक था। इसका जन्म 1472 ई. में नारनौल परगने में हसन खाँ सूर की अफगान पत्नी के गर्भ से हुआ था। 1539 ई. चौसा के युद्ध में मुगल सम्राट हुमायूँ का शेरशाह से आमना-सामना हुआ, जिसमें शेरशाह सूरी विजयी हुआ।

- अकबर ने बैरम खाँ की सहायता से 1556 ई. में पानीपत के द्वितीय युद्ध में हिंदू राजा हेमू विक्रमादित्य को पराजित किया। अक्टूबर 1605 ई. को अकबर की मृत्यु हो गयी। उसे आगरा के निकट सिकंदरा में दफनाया गया।

## सिक्ख धर्म (Sikhism)

- गुरुनानक देव सिक्खों के प्रथम गुरु थे। इनका जन्म 15 अप्रैल, 1469 को तलवंडी (वर्तमान में ननकाना साहिब, पाकिस्तान) नामक स्थान पर हुआ था।
- श्री हरिमंदिर साहिब जिसे दरबार साहिब या स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है।
- गुरु गोविन्द सिंह का जन्म दिसम्बर, 1666 ई. में पटना में हुआ। ये सिक्खों के दसवें एवं अन्तिम गुरू थे। इन्होंने 'पाहुल' प्रथा प्रारम्भ की एवं इस मत में दीक्षित व्यक्ति को 'खालसा' कहा गया। प्रत्येक सिक्ख को पंच ककार (केश, कंघा, कड़ा, कच्छा और कृपाण) धारण करने का आदेश दिया।

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

## दिल्ली सल्तनत (Delhi Sultanate)

**1. दास वंश के किस सम्राट ने ''जिल्ल-ए-इलाही'' की उपाधि प्राप्त की थी?**

(a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) गयासुद्दीन बलबन (d) नसीरूद्दीन महमूद

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** दास वंश के सम्राट ग्यासुद्दीन बलबन ने 'जिल्ल–ए–इलाही'' (ईश्वर की छाया) की उपाधि धारण की थी। ''जिल्ल–ए–इलाही'' उर्दू का शब्द है। जिसका शाब्दिक अर्थ 'भगवान की दया और सुरक्षा' है। बलबन ने सुल्तान की प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए रक्त और लौह की नीति का पालन किया। बलबन पहला सुल्तान था, जिसने राजस्व सिद्धान्त प्रतिपादित किया। बलबन ने ईश्वर, शासक तथा जनता के बीच त्रिपक्षीय सम्बन्धों को राजस्व का आधार बनाया। उसने फारसी परम्परा के अनुसार 'सिजदा' और 'पैबोस' को अपनाया। इसने इल्तुतमिश द्वारा स्थापित चालीसा भंग कर दिया।

**2. निम्नलिखित में से कौन दिल्ली सल्तन का मुखिया बनने वाला एकमात्र परिवर्तित भारतीय मुसलमान था?**

(a) कैकुबाद (b) नसीरुद्दीन खुसरो खान
(c) जलालुद्दीन खिलजी (d) मौहम्मद बिन तुगलक

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b) :** नसीरुद्दीन खुसरो खान (शाह) दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला एकमात्र परिवर्तित (धर्मांतरित) भारतीय मुसलमान था। वह अलाउद्दीन खिलजी (अक्टूबर, 1296 से 1306 ई. तक) खिलजी वंश के अंतिम शासक मुबारक शाह खिलजी की हत्या कर दी थी, तथा कुछ समय के लिए अप्रत्यक्षरूप से दिल्ली का सुल्तान बन गया था। दीपालपुर के राज्यपाल गाजी मलिक 1320 में उसकी हत्या कर गयासुद्दीन तुगलक के नाम से तुगलक वंश की स्थापना की और सिंहासनारूढ़ हुआ।

**3. किस सुल्तान ने षड्यंत्रों के होने से पहले ही उनकी रोकथाम करने के लिए दावतों और सभाओं को प्रतिबंधित कर दिया था और पूरे देश में अपने गुप्तचरों का जाल फैला दिया था?**

(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) जहाँगीर (d) इल्तुतमिश

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** अलाउद्दीन खिलज़ी दिल्ली सल्तनत का प्रमुख शासक था। इसने घोड़े को दागने/हुलिया प्रथा को चलवाया था, जिसका उद्देश्य था युद्ध के समय इनकी अदला-बदली न हो पाये। अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली में सिरी नगर बसाया तथा मंगोल आक्रमणों से सुरक्षा के लिए उसने सिरी को 1304 में अपनी राजधानी बनायी। अलाउद्दीन खिलजी ने राज्य में विद्रोह के दमन के लिए चार अध्यादेश जारी किये जो निम्न हैं–

1. अमीर वर्ग की भूमि जब्त कर उसे खालसा भूमि में परिवर्तित किया।
2. गुप्तचर प्रणाली का गठन किया तथा इसको मजबूती से लागू किया।
3. दिल्ली के अन्दर शराब (मद्य निषेध) बन्द करवा दिया।
4. अमीर वर्गों के परस्पर मेल-मिलाप व सामाजिक सम्मेलनों और परस्पर विवाह-सम्बन्धों पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

इस नियम को कठोरता से लागू किया गया। इस प्रकार अमीरों के सामाजिक सम्मेलनों तथा सहृदय गोष्ठियों का अन्त हो गया।

**4. 'स्वर्गद्वारी' शिविर, जिसमें मोहम्मद-बिन-तुगलक़ ने ढाई वर्ष बिताए थे, किस नदी के किनारे स्थित था?**

(a) गंगा (b) यमुना (c) गोमती (d) सोन

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (a)** 'स्वर्गद्वारी शिविर' जिसमें मोहम्मद-बिन-तुगलक ने ढाई वर्ष अकाल के समय बिताए थे, वह गंगा नदी के किनारे स्थित था।

**5. किस सुल्तान ने अपने महल के ख़ूबसूरत भित्ति चित्रों को मिटाने का आदेश दिया था?**

(a) मोहम्मद-बिन-तुगलक़ (b) फ़िरोज शाह तुगलक
(c) अलाउद्दीन ख़िलजी (d) मुबारक शाह ख़िलजी

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** सल्तनत कालीन शासकों में फिरोजशाह तुगलक दिल्ली का पहला सुल्तान था, जिसने इस्लामी कानून (शरीयत) व उलेमा वर्ग को राज्य प्रशासन में प्रधानता दी। शरीयत के विरूद्ध होने के कारण फिरोज तुगलक ने महल के सभी भित्ति चित्रों को नष्ट करवा दिया, रेशमी, जरी वस्त्रों के उपयोग पर रोक लगवा दी।

**6. लोदी वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**

(a) इब्राहिम लोदी (b) सिकंदर लोदी
(c) बहलोल लोदी (d) ख़िज्र ख़ान

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (c)** लोदी वंश की स्थापना बहलोल लोदी ने की थी। वह अफगानिस्तान के गिलजारी कबीले की महत्वपूर्ण शाखा शाहूखेल में पैदा हुआ था। 19 अप्रैल 1451 को बहलोल 'बहलोल शाह गाजी' की उपाधि धारण कर दिल्ली के सिंहासन पर वैठा था।

**7. दिल्ली सल्तनत काल में भू-मापन के लिए प्रयुक्त पद क्या था?**

(a) किस्मत-ए-गालिया (b) गालिया-बक्शी
(c) मसाहत (d) गाज़ी

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (c)** दिल्ली सल्तनत काल में भू-मापन के लिए मसाहत पद प्रयुक्त होता था। मसाहत का अर्थ भूमि की पैमाइश होता है।

**8. 'दास वंश' की स्थापना किसने की थी ?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) रजिया सुल्तान
(c) गयासुद्दीन बलबन (d) नसीरुद्दीन महमूद

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 20/01/2019**

**Ans. (a) :** दिल्ली सल्तनत में कुतुबुद्दीन ऐबक ने गुलाम वंश या दास वंश की स्थापना 1206 ई. में की थी। वह मुहम्मद गोरी का गुलाम था। 1206 ई. से 1290 ई. तक 'दिल्ली सल्तनत' पर शासन करने वाले तुर्क सरदारों को 'गुलाम वंश' (दास वंश) या मामलूक वंश का शासक माना जाता है। इस काल में कुतबी (कुतुबुद्दीन ऐबक), शम्शी (इल्तुतमिश) तथा बलबनी (बलबन) नामक राजवंशों ने शासन किया।

**9. इनमें से किसके द्वारा दिल्ली सल्तनत में इक्ता (Iqta) प्रणाली को संस्थागत रूप में लागू किया गया था?**

(a) इल्तुतमिश (b) गयासुद्दीन बलबन
(c) कुतब-उद-दिन-ऐबक (d) आराम शाह

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (a) :** इल्तुतमिश ने इक्ता प्रणाली की शुरूआत 1226 ई. में की थी। इक्ता एक भूखंड होता था जिसके नियंत्रणकर्ता को मुक्ती या वली कहा जाता था। यह इस भू-क्षेत्र में कानून व्यवस्था के साथ भू-राजस्व की वसूली करवाता था तथा इस राजस्व का एक हिस्सा केन्द्र को फवाजिल के रूप में भेजता था। इक्तादार का पद वंशानुगत न होकर समय-समय पर स्थानांतरित होता रहता था जो इसे नौकरशाही रूप देता था।

**10. 'अमीर-अल-खयाल' एक अरबी उपाधि है, जिसका अनुवाद सामान्यतः 'कमांडर ऑफ द फेथफुल' या 'लीडर ऑफ द फेथफुल' के रूप में किया जाता है। निम्नलिखित में से किसे यह उपाधि प्रदान की गयी थी?**

(a) मुइज-उद-दीन बहराम
(b) जमाल-उद-दीन याकूत
(c) मलिक इख्तियार-उद-दीन अल्तुनिया
(d) नसीरुद्दीन मुहम्मद

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (b) :** जमाल-उद्-दीन याकूत एक अफ्रीकी सिद्दी गुलाम कुलीन था, जो रजिया सुल्ताना का विशेष कृपापात्र था। वह रजिया का करीबी सलाहकार और दोस्त था। रजिया सुल्तान ने उसे शाही अस्तबल के प्रशासक के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया था। उसने याकूत को अमीर-अल-खयाल (घोड़ों का अमीर) और बाद में अमीर अल-उमरा (अमीर का अमीर) की उपाधि से सम्मानित किया।

## मुगल साम्राज्य (Mughal Empire)

**11. वह मध्य एशियाई शासक कौन था जिसने मुगल साम्राज्य की स्थापना की थी?**

(a) अकबर (b) हुमायूँ
(c) बाबर (d) जहांगीर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (c)** मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर ने इसकी नींव 1526 ई. में रखी। मुगलों ने भारत पर 300 सालों तक राज्य किया। बाबर के पिता उमरशेख मिर्जा फरगना नाम के छोटे से राज्य के शासक थे। बाबर ने भारत पर पांच आक्रमण किये। उस्ताद अली और मुस्तफा खाँ बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे जिन्होंने पानीपत के प्रथम युद्ध में भाग लिया और इब्राहिम लोदी की 21 अप्रैल, 1526 में पराजित किया था।

**12. मुगल सम्राट अकबर के हिन्दू सलाहकार, बीरबल का जन्म का नाम इनमें से क्या था?**

(a) इंद्रेश दास (b) महेश दास
(c) सुदेश दास (d) मुकेश दास

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 20/01/2019**

**Ans. (b)** मुगल सम्राट जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर के नवरत्नों में शामिल बीरबल के बचपन का नाम महेशदास था। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के सिंहवाल तहसील के घोघरा गांव में 1528 ई. में जन्में महेशदास की बुद्धिमता व हाजिरजवाबी से प्रसन्न होकर अकबर ने उन्हें बीरबल नाम दिया था। बीरबल अकबर द्वारा चलाये गये इलाही धर्म को अपनाने वाला प्रथम व अन्तिम हिन्दू व्यक्ति था।

**13. अकबर के शासनकाल में राजस्व व्यवस्था की देखभाल करते थे–**

(a) बीरबल (b) बैरम खान
(c) मान सिंह (d) टोडरमल

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 27/09/2014**

**Ans. (d)** अकबर के शासनकाल में राजस्व व्यवस्था की देखभाल टोडरमल करते थे। अकबर के शासनकाल में 'जब्त' प्रणाली प्रारम्भ किया गया जिसके तहत भूमि को वर्गीकृत किया गया और फसल उत्पादकता के आधार पर राजस्व दरों को मानकीकृत किया गया, जिससे निष्पक्ष कराधान सुनिश्चित हुआ और राज्य के राजस्व में वृद्धि हुई।

**14. कौन-सा मुगल शासक अपनी प्रजा द्वारा दी गयी न्याय की पुकार का सुनाजाना सुविधाजनक बनाने के लिए 'न्याय का घंटा' लगाने के लिए जाना जाता है?**

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) औरंगजेब (d) हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (b)** मुगल शासक जहाँगीर ने अपनी प्रजा द्वारा दी गई न्याय की पुकार को सुने जाने को सुविधाजनक बनाने के लिए 'न्याय का घंटा' जो आगरे के किले के शाहबुर्ज और यमुना तट पर स्थित पत्थर के खंभे में लगवाई गई थी, के लिए जाना जाता है।

**15. किसके शासन को मुगल काल का स्वर्ण युग कहा जाता था?**

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (c)** शाहजहाँ के शासन काल में मुगल स्थापत्य और वास्तुकला अपने चरमोत्कर्ष पर थी। इसके काल को मुगल स्थापत्य और वास्तु कला का 'स्वर्ण काल' भी कहा जाता है।

**16. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने अपने शासन काल में नवरोज का उत्सव समाप्त कर दिया था?**

(a) बाबर (b) जहाँगीर
(c) औरंगजेब (d) हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** औरंगजेब (1658–1707 ई.) ने कुरान को अपने शासन का आधार बनाया। इस्लामी कानून का कट्टरता से पालन करने के कारण सुन्नी प्रजा उसे 'जिंदा पीर' के नाम से पुकारती थी। औरंगजेब का मुख्य लक्ष्य भारत को दारूल हर्ब (काफिरों का देश) से दारूल

इस्लाम (इस्लाम का देश) में परिवर्तित करने का था। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया, तुलादान एवं झरोखा दर्शन प्रथा, पारसी त्योहार नौरोज एवं हिन्दू त्योहारों, सार्वजनिक संगीत समारोह तथा भांग उत्पादन पर प्रतिबन्ध लगा दिया। जनता शरियत के अनुसार जी रही है कि नहीं इसको देखने के लिए औरंगजेब ने मुहतसिब (सार्वजनिक सदाचार निरीक्षक) नामक अधिकारी को नियुक्त किया।

**17. कौन से मुगल सम्राट को ''जिन्दा पीर'' माना जाता था?**

(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहां (d) बाबर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (b)** मुगल सम्राट औरंगजेब को 'जिन्दा पीर' कहा जाता था। औरंगजेब का पूरा नाम मुहीउद्दीन मोहम्मद औरंगजेब था।

- बाबर को मुगल साम्राज्य का संस्थापक माना जाता है।
- शाहजहाँ को भारत में स्थापत्य का मोती कहा जाता है।
- अकबर को एक उदारवादी मुगल सम्राट कहा जाता है। इसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था।

**18. निम्नलिखित में से कौन से मुगल सम्राट ने अंग्रेजों के एक अप्रत्यक्ष कैदी के रूप में छह वर्षों तक इलाहाबाद के किले में निवास किया था ?**

(a) औरंगजेब (b) शाह आलम I
(c) शाह आलम II (d) शाहजहाँ

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (c)** बक्सर की लड़ाई (1764) में अंग्रेजों से परास्त होने के बाद शाहआलम द्वितीय ने अंग्रेजों से इलाहाबाद की संधि कर ली इस संधि के द्वारा इलाहाबाद के जिले अवध मे मिल गये और शाहआलम II ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा का राजस्व वसूलने का अधिकार कंपनी को 26 लाख रुपये सालाना खिराज पर दे दिया। परन्तु यह संधि 6 वर्ष पश्चात् 1771 में टूट गयी।

**19. मुगल शैली की लघु चित्रकारी स्वदेशी थीमों और शैलियों का .................... थीमों और शैलियों के साथ मिश्रण है।**

(a) पर्सियन और उत्तर यूरोपीय (b) पर्सियन
(c) अरबी और अफ्रीकी (d) पर्सियन और अफ्रीकी

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (a) :** मुगल शैली की लघु चित्रकारी स्वदेशी थीमों और शैलियों का पर्सियन और उत्तर यूरोपीय थीमों और शैलियों के साथ मिश्रण है। मुगल चित्रकला मध्य काल में और उत्तर यूरोपीय भारतीय उपमहाद्वीप में विकसित हुई। मुगल लघु चित्रकला में देशीय विषयवस्तु और चित्रकला शैली, फारसी शैली व उसके बाद यूरोपीय शैली का सम्मिश्रण रहा है। मुगल चित्रकला शैली अपने चरम पर इस्लामिक, भारतीय व यूरोपियन दृश्य संस्कृति और सौन्दर्य के अति परिष्कृत रूप से मिश्रित रूप को प्रस्तुत करती है।

## सिक्ख धर्म (Sikhism)

**20. इनमें से कौन-से शहर में स्वर्ण मंदिर स्थित है?**

(a) अंबाला (b) चंडीगढ़
(c) लुधियाना (d) अमृतसर

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (d)** अमृतसर पंजाब का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र शहर माना जाता है। पवित्र इसलिए माना जाता है क्योंकि सिक्खों का सबसे बड़ा गुरूद्वारा स्वर्ण मन्दिर अमृतसर में है। ताजमहल के बाद सबसे ज्यादा पर्यटक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को देखने आते है। इतिहास के मुताबिक सिखों के पांचवे गुरू अर्जुन देव जी ने लाहौर के एक सूफी सन्त साई मियां मीर जी से दिसम्बर, 1588 में गुरुद्वारे की नींव रखवाई थी।

## सूफी आंदोलन/भक्ति आंदोलन/विदेशी यात्री

**21. कौन से प्रसिद्ध सूफी संत को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है?**

(a) बख्तियार काकी (b) निजामुद्दीन औलिया
(c) शेख नसीरूद्दीन महमूद (d) अमीर खुसरो

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (c)** प्रसिद्ध सूफी संत शेख नसीरूद्दीन महमूद को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है। ये निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। नसीरूद्दीन महमूद 'चिश्ती' संप्रदाय के संत थे। इनका जन्म 1274 में अयोध्या, उत्तर प्रदेश में हुआ था। 1356 ई. में इनकी मृत्यु हो गयी।

**22. महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन का प्रणेता किसे माना जाता है?**

(a) रामदास (b) ज्ञानेश्वर
(c) एकनाथ (d) तुकाराम

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (b) :** संत ज्ञानेश्वर को महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन का प्रणेता माना जाता है। वरकरी सम्प्रदाय एक पूर्ण भक्ति सम्प्रदाय है जो शंकराचार्य के अद्वैतवाद में विश्वास करता है। ज्ञानेश्वर या ध्यानेश्वर को वरकरी सम्प्रदाय का संस्थापक माना जाता है। वरकरी परंपरा का विकास दक्षिणी महाराष्ट्र में पंढ़रपुर के आसपास अधिक हुआ है। बारकरी से जुड़े भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में ज्ञानेश्वर नामदेव, तुकाराम, चोखामोला, गाडगें महाराज शामिल है। वरकरी सम्प्रदाय वैष्णव संप्रदाय की एक शाखा है।

**23. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A | मार्को पोलो | I | मोरक्को |
| B | इब्न-बतूता | II | फ्रांस |
| C | अल-बिरूनी | III | इटली |
| D | फ्रैंकोइस बर्नियर | IV | उज्बेकिस्तान |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A- I, B- III, C- II, D- IV
(b) A- III, B- I, C- IV, D- II
(c) A- I, B- III, C- IV, D- II
(d) A- II, B- IV, C- I, D- III

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (b) :**

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| मार्को पोलो | इटली |
| इब्न-बतूता | मोरक्को |
| अल-बिरूनी | उज्बेकिस्तान |
| फ्रैंकोइस बर्नियर | फ्रांस |

# C. आधुनिक इतिहास (Modern History)

- यूरोपीय शक्तियों में पुर्तगाली कंपनी ने भारत में सबसे पहले प्रवेश किया।
- भारत के लिए नए समुद्री मार्ग की खोज पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा ने 17 मई, 1498 में की थी।
- ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना 31 दिसम्बर, 1600 ई. में हुई थी।
- वारेन हेस्टिंग्स ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला गवर्नर जनरल नियुक्त हुआ।
- डच, नीदरलैण्ड (हालैण्ड) के निवासी थे। उन्होनें मुगल साम्राज्य के दौरान 1605 ई. में मछलीपट्टनम में अपनी प्रथम फैक्ट्री स्थापित की।

| भारत में यूरोपीय का आगमन | | | |
|---|---|---|---|
| **पुर्तगाली (1498 ई.) 'एस्तादो द इंडिया' (पुर्तगीज कंपनी)** | **डच ईस्ट इंडिया कंपनी (1602 ई.)** | **अंग्रेज (1600 ई.) अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी** | **फ्रांसिसी (1664 ई.) कंपनी देस इंदसे ओरियंटलेस** |
| **1503 ई. -** पहली फैक्टरी (कोचीन) | **1605 ई.-** प्रथम डच फैक्टरी (मसूलीपट्टनम) | **1611 ई. -** अस्थायी कारखाना (मसूली पट्टनम) | **1668 ई. -** पहली कोठी (सूरत) |
| **1505 ई. -** दूसरी फैक्टरी (कन्नूर) | दूसरी डच फैक्टरी (पेत्तोपोली) | **1613 ई. -** प्रथम स्थायी कारखाना (सूरत) | **1669 ई. -** दूसरी कोठी (मसूलीपट्टनम) |
| **1961 ई. -** भारत में शासन समाप्त | **1759 ई. -** भारत में डचों का शासन समाप्त | **1947 ई. -** अंग्रेजो का शासन समाप्त | **1763 ई. -** शासन समाप्त |

| भूमि व्यवस्था और उसके प्रवर्तक | |
|---|---|
| **भूमि व्यवस्था** | **प्रवर्तक** |
| इजारेदारी व्यवस्था | वारेन हेस्टिंग्स |
| स्थायी बन्दोबस्त | लॉर्ड कार्नवालिस |
| रैय्यतवाड़ी बन्दोबस्त | टामस मुनरो |
| महालवाड़ी बन्दोबस्त | लॉर्ड मैकेन्जी |
| बम्बई रैय्यतवाड़ी | एलफिंस्टन |
| बनारस का स्थायी बन्दोबस्त | जोनाथन डंकन |

- टीपू सुल्तान मैसूर का शासक था। इसकी राजधानी श्रीरंगपट्टनम थी।
- द्वितीय आंग्ल-मैसूर (1780-1784 ई.) युद्ध में हैदर अली ने अंग्रेजों को पराजित कर अर्काट पर अधिकार कर लिया। मंगलौर की सन्धि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और टीपू सुल्तान के बीच मार्च, 1784 ई. में हुई थी।
- प्रथम आंग्ल सिक्ख युद्ध (1845-46) में ब्रिटिश साम्राज्य व सिक्ख साम्राज्य के मध्य लड़ा गया था। इस समय सिक्ख साम्राज्य के शासक राजा दिलीप सिंह (5 वर्ष की आयु) एक अल्प वयस्क शासक थे।

| मैसूर युद्ध | |
|---|---|
| प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध | 1767-69 ई. |
| द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध | 1780-84 ई. |
| तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध | 1790-92 ई. |
| चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध | 1799 ई. |

| मराठों तथा अंग्रेज के मध्य हुई महत्वपूर्ण संधियाँ | | |
|---|---|---|
| **संधियाँ** | **वर्ष** | **संधिकर्ता** |
| सूरत की संधि | 1775 | रघुनाथ राव तथा अंग्रेजों के बीच |
| सालबाई की संधि | 1782 | सिंधिया की मध्यस्थता से पूना दरबार तथा अंग्रेजों के बीच |
| नागपुर की संधि | 1816 | भोंसले तथा अंग्रेजों के बीच |
| ग्वालियर की संधि | 1817 | सिंधिया तथा अंग्रेजों के बीच |
| पूना की संधि | 1817 | बाजीराव द्वितीय तथा अंग्रेजों के बीच |

- भारत में सिपाही विद्रोह की शुरूआत 10 मई 1857 ई. को मेरठ शहर से हुई थी। भारत में प्रत्येक 10 मई को 'क्रान्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1857 का विद्रोह ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी के खिलाफ संगठित प्रतिरोध की पहली अभिव्यक्ति थी।

| 1857 का विद्रोह एक नजर में | | |
|---|---|---|
| **प्रमुख केन्द्र** | **नेतृत्वकर्ता** | **ब्रिटिश दमनकर्ता** |
| दिल्ली | बहादुर शाह जफर, बख्त खां | जान निकोलसन, हडसन |
| लखनऊ | बेगम हजरत महल | कॉलिन कैंपबेल |
| कानपुर | नाना साहब, तांत्या टोपे | कैंपबेल |

| | | |
|---|---|---|
| झांसी, ग्वालियर | रानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे | जनरल ह्यूरोज |
| फैजाबाद | मौलवी अहमदुल्ला | कैंपबेल |
| बरेली | खान बहादुर खां | कैंपबेल |
| इलाहाबाद | लियाकत अली | कर्नल नील |
| जगदीशपुर (बिहार) | कुंवर सिंह, अमर सिंह | मेजर विलियम टेलर, विसेंट आयर |
| कोटा (राजस्थान) | जयदयाल, हरदयाल | |
| असम | मनीराम दत्त | |

## सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन (Social and Religious Reform Movement)

- ब्रह्म समाज की स्थापना राजा राममोहन राय ने कलकत्ता में 20 अगस्त 1828 को की थी।
- राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के पिता और एक अथक समाज सुधारक थे।
- आर्य समाज की स्थापना दयानन्द सरस्वती ने 1875 ई. में मुम्बई में की थी। इन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया।
- रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द ने 1 मई 1897 ई. में की थी। इन्होंने 1893 में अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।
- प्रार्थना समाज की स्थापना मार्च 1867 को बंबई में महादेव गोविंद रानाडे, आत्माराम पांडुरंग और आर.जी भंडारकर द्वारा की गयी थी।
- ज्योतिबा फुले ने 1873 ई. में पुणे (महाराष्ट्र) में सत्यशोधक समाज की स्थापना की।
- तत्कालीन ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल 'लॉर्ड विलियम बेंटिक' द्वारा 4 दिसंबर 1829 को बंगाल सती रेगुलेशन पास किया गया था, इस कानून के माध्यम से पूरे ब्रिटिश भारत में सती प्रथा पर रोक लगा दी गयी।

### प्रमुख सामाजिक-धार्मिक संस्थाएँ

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| **ब्रह्म समाज** | 1828 | राजा राममोहन राय |
| **तत्वबोधिनी सभा** | 1839 | देवेन्द्र नाथ टैगोर |
| **आर्य समाज** | 1875 | दयानन्द सरस्वती |
| **देव समाज** | 1887 | शिवनारायण अग्निहोत्री |
| **थियोसोफिकल सोसाइटी** | 1875 | ब्लावत्स्की व कर्नल अल्काट |
| **रामकृष्ण मिशन** | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| **सर्वेण्ट ऑफ इंडिया सोसायटी** | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |
| **सती प्रथा का अंत** | 1829 ई. | लॉर्ड विलियम बेंटिक |
| **दास प्रथा का अंत** | 1843 ई. | लॉर्ड एलनबरो |
| **विधवा पुनर्विवाह** | 1856 ई. | लॉर्ड कैनिंग, ईश्वर चन्द विद्यासागर |

- 1921-22 में केरल के मालाबार समुद्र तट के किसानों ने एक महान विद्रोह किया, जिसे मोपला के रूप में जाना जाता है। इस विद्रोह के मुख्य नेता के रूप में अली मुसलियार चर्चित थे। महात्मा गांधी, शौकत अली, मौलाना आजाद जैसे नेताओं का सहयोग इस आन्दोलन को प्राप्त था।
- 1894 में अंग्रेजो की कर नीतियों के खिलाफ पाथरूघाट किसान विद्रोह हुआ था। पाथरूघाट असम में एक जगह है और वर्तमान में पथरीघाट के रूप में जाना जाता है।
- 1855–56 ई. में हुआ संथाल विद्रोह आदिवासी विद्रोहों में सर्वाधिक जबरदस्त था, यह विद्रोह मुख्यतः भागलपुर से राजमहल के बीच केन्द्रित था। संथालों ने भूमिकर अधिकारियों के हाथों दुर्व्यवहार, पुलिस के दमन, जमीदारों-साहूकारों की वसूलियों के विरूद्ध अपना रोष प्रकट करते हुए विद्रोह किया।
- गुजरात प्रान्त का बारदोली सत्याग्रह 1928 में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का सबसे संगठित, व्यापक एवं सफल आन्दोलन रहा है। यह आन्दोलन सरकार द्वारा बढ़ाये गये 22% कर के विरोध में चलाया गया था। इसका नेतृत्व सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया।

### किसान आन्दोलन

| आन्दोलन का नाम | प्रभावित क्षेत्र | नेतृत्व | कारण |
|---|---|---|---|
| **नील (1859–60 ई.)** | बंगाल | दिगम्बर विश्वास, विष्णु विश्वास | अंग्रेजों द्वारा किसानों से जबरन नील की खेती करवाना |
| **पावना (1873-76 ई.)** | बंगाल | ईशानचन्द राय, शम्भूपाल | अधिक लगान, 1859 ई. के अधिनियम 10 के तहत मिली काश्तकारों की जमीन पर कब्जे के विरुद्ध षड्यंत्र और बेदखली |
| **चम्पारण (1917 ई.)** | चम्पारण, रामनगर मोतिहारी, बेतिया, मधुबनी | महात्मा गांधी | तिनकठिया प्रणाली, शरहबेशी (लगान वृद्धि) तावान (एकमुश्त मुआवजा) के विरोध में |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **खेड़ा (1918 ई.)** | खेड़ा (गुजरात) | महात्मा गांधी | फसल बर्बाद होने के बावजूद सरकार मालगुजारी वसूल कर रही थी। अंग्रेजों ने बाद में इसे माफ कर दिया। |
| **मोपला (द्वितीय) (1921 ई.)** | मालाबार | याकूब हसन, गोपाल मेनन, पी मोइद्दीन कोया | अंग्रेजों द्वारा अली मुसलियार को पकड़ने के लिए तिरुरांगड़ी के मस्जिद पर छापा |
| **बारदोली (1928 ई.)** | सूरत का बारदोली तालुका | सरदार बल्लभ भाई पटेल | लगान में बढ़ोत्तरी, हाली पद्धति (बंधुआ मजदूरी) |

- कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर, 1885 को बम्बई के ग्वालिया टैंक स्थित गोकुल दास तेजपाल संस्कृत कालेज में की गई थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक 'ए.ओ ह्यूम' थे।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष एनी बेसेंट थी। इन्हें 1917 में कोलकाता अधिवेशन में अध्यक्ष चुना गया था।
- कांग्रेस का सूरत अधिवेशन (1907 ई.) ऐतिहासिक दृष्टि से अति महत्त्वपूर्ण था। गरम दल तथा नरम दल के आपसी मतभेदों के कारण इस अधिवेशन में कांग्रेस दो भागों में विभाजित हो गई।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1929 के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' का लक्ष्य घोषित किया। कांग्रेस के ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की।
- कर्नाटक के बेलगाम शहर का ऐतिहासिक महत्व है। यहाँ पर वर्ष 1924 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ जिसकी अध्यक्षता महात्मा गाँधी ने की थी।

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन एवं अध्यक्ष**

| क्र.सं. | स्थान | वर्ष | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| **1.** | बम्बई | 1885 | व्योमेश चन्द्र बनर्जी |
| **2.** | कलकत्ता | 1886 | दादाभाई नौरोजी (प्रथम पारसी) |
| **3.** | मद्रास | 1887 | बदरुद्दीन तैय्यबजी (प्रथम मुस्लिम) |
| **4.** | इलाहाबाद | 1888 | जॉर्ज यूल (प्रथम अंग्रेज) |
| **5.** | बम्बई | 1889 | विलियम वेडरवर्न |
| **6.** | कलकत्ता | 1890 | फिरोजशाह मेहता |
| **7.** | नागपुर | 1891 | पी. आनंद चार्लू |
| **8.** | इलाहाबाद | 1892 | व्योमेश शाह चटर्जी |
| **9.** | लाहौर | 1893 | दादाभाई नौरोजी |
| **10.** | मद्रास | 1894 | अल्फ्रेड बेव |
| **11.** | पूना | 1895 | सुरेन्द्रनाथ बनर्जी |
| **12.** | कलकत्ता | 1896 | रहीमतुल्लाह एम. स्यानी |
| **13.** | अमरावती | 1897 | सी. शंकरन नायर |
| **14.** | मद्रास | 1898 | आनंद मोहन बोस |
| **15.** | लखनऊ | 1899 | रोमेश चन्द्र दत्त |
| **16.** | लाहौर | 1900 | एन.जी. चन्दवारकर |
| **17.** | कलकत्ता | 1901 | दिनशॉ. ई. वाचा |
| **18.** | अहमदाबाद | 1902 | सुरेन्द्र नाथ बनर्जी |
| **19.** | मद्रास | 1903 | लाल मोहन घोष |
| **20.** | बम्बई | 1904 | सर हेनरी कॉटन |
| **21.** | बनारस | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |
| **22.** | कलकत्ता | 1906 | दादाभाई नौरोजी |
| **23.** | सूरत (स्थगित)<br>मद्रास | 1907<br>1908 | रास बिहारी घोष<br>रास बिहारी घोष |
| **24.** | लाहौर | 1909 | मदनमोहन मालवीय |
| **25.** | इलाहाबाद | 1910 | सर विलियम वेडरवर्न |
| **26.** | कलकत्ता | 1911 | बिशन नारायण धर |
| **27.** | बाँकीपुर | 1912 | रघुनाथ नरसिंह मुधोलकर |
| **28.** | कराची | 1913 | नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर |
| **29.** | मद्रास | 1914 | भूपेन्द्र नाथ बोस |
| **30.** | बम्बई | 1915 | सत्येन्द्र प्रसन्ना सिन्हा |
| **31.** | लखनऊ | 1916 | अम्बिकाचरण मजूमदार |
| **32.** | कलकत्ता | 1917 | एनी बेसेंट |
| **33.** | दिल्ली<br>विशेष अधिवेशन बम्बई, अगस्त 1918 रोमेश चन्द्र दत्त | 1918 | मदनमोहन मालवीय |
| **34.** | अमृतसर | 1919 | मोतीलाल नेहरू |
| **35.** | नागपुर | 1920 | सी. विजयराघवाचारी |
| **36.** | अहमदाबाद | 1921 | हकीम अजमल खान (सक्रिय अध्यक्ष सी.आर. दास) |
| **37.** | गया | 1922 | देशबन्धु चिरंजनदास |
| **38.** | विशेष अधिवेशन दिल्ली, अगस्त 1923 मौलाना अबुल कलाम आजाद | | |
| **39.** | बेलगाँव | 1924 | महात्मा गाँधी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **40.** | कानपुर | 1925 | सरोजनी नायडु |
| **41.** | गुवाहाटी | 1926 | श्रीनिवास आयंगर |
| **42.** | मद्रास | 1927 | एम.ए. अंसारी |
| **43.** | लाहौर | 1929 | पं. जवाहर लाल नेहरू |
| **44.** | कराची | 1931 | वल्लभभाई पटेल |
| **45.** | कलकत्ता | 1933 | नलिनी सेन गुप्ता |
| **46.** | बम्बई | 1934 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |
| **47.** | लखनऊ | 1936 | पं. जवाहर लाल नेहरू |
| **48.** | फैजपुर | 1937 | पं. जवाहर लाल नेहरू |
| **49.** | हरिपुरा | 1938 | सुभाष चन्द्र बोस |
| **50.** | त्रिपुरी | 1939 | सुभाष चन्द्र बोस |
| **51.** | रामगढ़ | 1940 | मौलाना अबुल कलाम आजाद |
| **52.** | मेरठ | 1946 | जे.बी. कृपलानी |
| **53.** | जयपुर | 1948 | डॉ. पट्टाभि सीतारमैया |

**नोट :** कांग्रेस का हरिपुरा अधिवेशन गाँव में संपन्न हुआ था।

**महात्मा गाँधी के जीवन की प्रमुख घटनाएं**

| **घटना** | **वर्ष** |
|---|---|
| • चंपारण आंदोलन | 1917 |
| • अहमदाबाद मिल हड़ताल | फरवरी- मार्च, 1918 |
| • खेड़ा आन्दोलन | 22 मार्च, 1918 |
| • असहयोग आन्दोलन | 1920-22 |
| • बारदोली सत्याग्रह | 1928 |
| • सविनय अवज्ञा आन्दोलन | 1930 |
| • भारत छोड़ो आन्दोलन | 1942 |

- 4 जून 1903 को महात्मा गाँधी ने नस्लीय भेदभाव के खिलाफ लड़ने और भारतीयों के लिए नागरिक अधिकारों की मांग के लिए दक्षिण अफ्रीका में अपना समाचार पत्र 'इण्डियन ओपिनियन' जारी किया।
- महात्मा गाँधी ने जलियावाला बाग नरसंहार (13 अप्रैल 1919 ई.) के जवाब में अपनी 'कैसर-ए-हिन्द' की उपाधि वापस कर दी, जो ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें दक्षिण अफ्रीका में बोअर युद्ध के दौरान उनकी सेवाओं के लिए दिया गया था
- महात्मा गाँधी ने 'अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ' की स्थापना '1932' में की थी।
- 1 अगस्त, 1920 को गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन आरम्भ किया। 4 फरवरी, 1922 को उ.प्र. के गोरखपुर जिले के चौरी चौरा नामक स्थान पर किसानों के एक जुलूस पर चौरी चौरा थाने के सिपाहियों ने गोली चला दी जिससे क्रुद्ध भीड़ ने भगवान दास अहिर के नेतृत्व में थाने को आग के हवाले कर दिया। इसमें 22 सिपाहियों की मृत्यु हो गयी। इससे आहत होकर गाँधी जी ने 12 फरवरी, 1922 को बारदोली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया।
- दांडी मार्च को नमक सत्याग्रह के रूप में जाना जाता है। महात्मा गाँधी ने दांडी मार्च की शुरूआत 12 मार्च 1930 में अहमदाबाद के पास स्थित साबरमती आश्रम से हुई थी। इस मार्च के जरिए गाँधी जी ने अंग्रेज सरकार द्वारा नमक के ऊपर कर लगाने के कानून का विरोध किया था। नमक सत्याग्रह 24 दिनों तक गाँधी जी समेत 78 लोगों के द्वारा साबरमती आश्रम से दांडी तक पैदल यात्रा (241 मील) करके 6 अप्रैल 1930 को नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून को भंग किया।
- 5 मार्च, 1931 को महात्मा गाँधी और लॉर्ड इरविन के मध्य एक राजनीतिक समझौता हुआ, जिसे गाँधी-इरविन समझौता कहा जाता है। इस समझौते में गाँधी जी की निम्न मांगों को स्वीकार कर लिया गया- हिंसा के आरोपियों को छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक बंदियों को रिहा कर दिया जायेगा। भारतीयों को समुद्र के किनारे नमक बनाने का अधिकार दिया गया।
- 1935 के भारत शासन अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्वैध शासन की स्थापना की गयी। प्रांतों में द्वैध शासन की व्यवस्था 1919 के अधिनियम द्वारा की गयी थी। 1935 के अधिनियम द्वारा प्रांतों में द्वैध शासन को समाप्त कर दिया गया।
- वर्ष 1939 में सुभाष चन्द्र बोस ने 'फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की थी। इसके अतिरिक्त जर्मनी में सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 'फ्री इण्डिया सेंटर' की स्थापना की गयी, इसी संस्था द्वारा सुभाष चन्द्र बोस ने प्रथम बार 'जय हिन्द' का नारा दिया। 21 अक्टूबर, 1943 में सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार का गठन किया। सुभाष चन्द्र बोस ने ही महात्मा गाँधी को प्रथम बार 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया था।
- 8 अगस्त 1942 को महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया और मुंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत छोड़ो प्रस्ताव स्वीकार किया। गाँधी जी ने ग्वालियर टैंक मैदान में अपने भाषण में 'करो या मरो' का आह्वान किया, जिसे अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है। 'भारत छोड़ो' का नारा एक समाजवादी और ट्रेड यूनियनवादी यूसुफ मेहर अली द्वारा गढ़ा गया था।
- महात्मा गांधी ने 1918 मे किसानों के समर्थन में गुजरात के खेड़ा जिले में सत्याग्रह का आयोजन किया था।
- खेड़ा सत्याग्रह का मुख्य कारण, गुजरात के खेड़ा जिले में फसलें खराब होने के बावजूद सरकार ने भारी भू-राजस्व लगाया।

## प्रमुख समाचार और उनके सम्पादक/संस्थापक

| समाचार-पत्र | सम्पादक/संस्थापक | वर्ष | स्थान | भाषा |
|---|---|---|---|---|
| **बंगाल गजट** | जेम्स आगस्टस हिक्की | 1780 | कलकत्ता | अंग्रेजी |
| **उदत्त मार्तंड** | जुगल किशोर | 1826 | कानपुर | हिन्दी |
| **बंगदूत** | राजा राम मोहन राय | 1829 | कलकत्ता | हिन्दी |
| **अमृत बाजार पत्रिका** | शिशिर कुमार घोष | 1867, 78 | कलकत्ता | बंगाली, अंग्रेजी |
| **कवि वचन सुधा** | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र | 1867 | उत्तर प्रदेश | हिन्दी |
| **हरिश्चन्द्र मैगजीन** | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र | 1872 | उत्तर प्रदेश | हिन्दी |
| **द हिन्दु** | जी. सुब्रमण्यम अय्यर | 1878 | मद्रास | अंग्रेजी |
| **बंगाली** | सुरेन्द्रनाथ बनर्जी | 1879 | कलकत्ता | अंग्रेजी |
| **केसरी, मराठा** | बाल गंगाधर तिलक | 1881 | बम्बई | मराठी, अंग्रेजी |
| **हिन्दुस्तान** | मदनमोहन मालवीय | 1882 | कालाकांकर | हिन्दी |
| **इंडियन ओपीनियन** | महात्मा गाँधी | 1903 | दक्षिण अफ्रीका | अंग्रेजी |
| **बॉम्बे क्रानिकल** | फिरोजशाह मेहता | 1913 | — | अंग्रेजी |
| **गदर** | लाला हरदयाल | 1913 | — | अंग्रेजी |
| **इंडिपेंडेंस** | मोतीलाल नेहरू | 1919 | इलाहाबाद | अंग्रेजी |
| **नवजीवन** | महात्मा गाँधी | 1919 | अहमदाबाद | हिन्दी, गुजराती |
| **यंग इंडिया** | महात्मा गाँधी | 1919 | अहमदाबाद | अंग्रेजी |
| **वंदे मातरम** | लाजपत राय | 1920 | लाहौर | उर्दू |
| **हिन्दुस्तान टाइम्स** | के.एम. पणिक्कर | 1920 | दिल्ली | अंग्रेजी |
| **हरिजन** | महात्मा गांधी | 1933 | पूना | हिन्दी, गुजराती |
| **नेशनल हेराल्ड** | जवाहलाल नेहरू | 1938 | दिल्ली | अंग्रेजी |

## प्रमुख गवर्नर जनरल

| गवर्नर जनरल | वर्ष | प्रमुख कार्य |
|---|---|---|
| **राबर्ट क्लाइव** | 1757 से 1760 ई. एवं 1765 से 1767 ई. | • बंगाल में द्वैध शासन की व्यवस्था<br>• मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय को इलाहाबाद की द्वितीय संधि द्वारा संरक्षण में लिया। |
| **वारेन हेस्टिंग्स** | 1774 से 1785 ई. | • बंगाल में द्वैध शासन की समाप्ति<br>• बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की स्थापना<br>• राजकीय कोषागार का मुर्शिदाबाद से कलकत्ता स्थानांतरण। |
| **लॉर्ड कॉर्नवालिस** | 1786 से 1793 ई. और 1805 ई. | • इसने 1793 ई. में स्थायी बंदोबस्त पद्धति लागू की।<br>• भारत में नागरिक सेवा का जनक |
| **लॉर्ड वेलेजली** | 1798 से 1805 ई. | • सहायक संधि की पद्धति शुरू की<br>• फोर्ट बिलियम कॉलेज की स्थापना की। |
| **लॉर्ड हेस्टिंग्स** | 1813 से 1823 ई. | • टेनैन्सी एक्ट या काश्तकारी अधिनियम वर्ष 1822 में लागू<br>• अंग्रेजों और गोरखों के मध्य संगोली की संधि |
| **लॉर्ड विलियम बेंटिक** | 1828 से 1835 ई. | • सती प्रथा को समाप्त किया।<br>• ठगी प्रथा को समाप्त किया। |

| | | |
|---|---|---|
| **लॉर्ड एलिनबरो** | 1842 से 1844 ई. | ● दास प्रथा का उन्मूलन |
| **लॉर्ड डलहौजी** | 1848 से 1856 ई. | ● व्यपगत का सिद्धांत<br>● वुड डिस्पैच को लागू किया।<br>● लोक सेवा विभाग की स्थापना की।<br>● इसे भारत में रेलवे का जनक माना जाता है। |
| **लॉर्ड कैनिंग** | 1856 से 1862 ई. | ● 1857 का ऐतिहासिक विद्रोह<br>● व्यपगत के सिद्धांत को समाप्त कर दिया।<br>● इंडियन कांउसिल एक्ट पारित हुआ। |
| **लॉर्ड रिपन** | 1880 से 1884 ई. | ● वर्नाक्यूलर एक्ट समाप्त कर दिया।<br>● स्थानीय स्वशासन की शुरूआत की।<br>● सिविल सेवा में प्रवेश की आयु 19 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष की। |
| **लॉर्ड डफरिन** | 1884 से 1888 ई. | ● बंगाल, अवध तथा पंजाब टेनेन्सी एक्ट पारित<br>● भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना। |
| **लॉर्ड कर्जन** | 1899 से 1905 ई. | ● विश्विद्यालय अधिनियम पारित किया (1904 ई.)<br>● एण्टनी मैकडोनॉल्ड की अध्यक्षता में तृतीय अकाल आयोग का गठन किया।<br>● 1905 ई. में बंगाल विभाजन |
| **लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय** | 1910 से 1916 ई. | ● बंगाल विभाजन रद्द<br>● भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित |
| **लॉर्ड चेम्सफोर्ड** | 1916 से 1921 ई. | ● सैडलर आयोग का गठन<br>● रौलेट एक्ट पारित |
| **लॉर्ड इरविन** | 1926 से 1931 ई. | ● गाँधी-इरविन समझौता |
| **लॉर्ड माउन्टबेटन** | मार्च 1947 से जून 1948 ई. | ● माउन्टबेटन योजना लागू, भारत और पाकिस्तान दो डोमिनियनों में विभाजित। |

## स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान लिखी पुस्तकें

| **पुस्तकें** | **लेखक** |
|---|---|
| माइ एक्सपेरीमेंट विद द ट्रुथ<br>माई अर्ली लाइफ, मेरी आत्मकथा,<br>माइ चाइल्ड हुड, हिन्द स्वराज | **मोहनदास करमचन्द गाँधी** |
| डिस्कवरी ऑफ इंडिया,<br>ग्लिम्पसेज ऑफ हिस्ट्री,<br>ए बन्च ऑफ ओल्डलेटर्स,<br>मेरी आत्मकथा (ऑटोबायोग्राफी),<br>हिज फादर टू हिज डॉटर | **जवाहर लाल नेहरू** |
| इंडिया डिवाइडेड | **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** |
| अनहैपी इंडिया | **लाला लाजपतराय** |
| इंडिया विन्स फ्रीडम, | **मौलाना अबुल कलाम आजाद** |
| नील दर्पण | **दीन बन्धु मित्र** |
| गीता रहस्य | **बी. जी. तिलक** |
| सत्यार्थ प्रकाश | **दयानन्द सरस्वती** |
| आनन्द मठ, कपालकुडला<br>चन्द्रशेखर, दुर्गेश नन्दिनी | **बंकिमचन्द चटर्जी** |
| पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया | **दादाभाई नौरोजी** |
| इंडियन स्ट्रगल | **सुभाषचन्द्र बोस** |
| गीतांजलि, चित्रा, गोरा, हंग्री | **रवीन्द्रनाथ टैगोर** |
| लाइफ डिवाइन, एसेज आन गीता, सावित्री | **अरविंद घोष** |
| ब्रोकनविंग, सांग ऑफ इंडिया,<br>गोल्डेन थ्रेश, वर्ल्ड ऑफ टाइम | **सरोजिनी नायडू** |

| शिक्षा से संबंधित प्रमुख आयोग तथा समितियाँ | | |
|---|---|---|
| **प्रमुख आयोग/समिति** | **वर्ष** | **गवर्नर जनरल/प्रधानमंत्री** |
| लॉर्ड मैकाले का स्मरण पत्र | 1835 ई. | विलियम बेंटिक |
| चार्ल्स वुड का डिस्पैच | 1854 ई. | लॉर्ड डलहौजी |
| हंटर आयोग | 1882 ई. | लॉर्ड रिपन |
| रैले कमीशन | 1902 ई. | लॉर्ड कर्जन |
| भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | 1904 ई. | लॉर्ड कर्जन |
| शिक्षा नीति पर सरकार प्रस्ताव | 1913 ई. | लॉर्ड हार्डिंग |
| सैडलर आयोग | 1917 ई. | लॉर्ड चेम्सफोर्ड |
| हार्टोग समिति | 1929 ई. | लॉर्ड इरविन |
| वर्धा योजना | 1937 ई. | लॉर्ड लिनलिथगो |
| सार्जेंट योजना | 1944 ई. | लॉर्ड वेवेल |
| राधाकृष्णन आयोग | 1948-49 ई. | पं. जवाहर लाल नेहरू |
| कोठारी शिक्षा आयोग | 1964 ई. | लाल बहादुर शास्त्री |

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

## भारत में यूरोपियों का आगमन (Arrival of the Europeans in India)

**1. भारत आने वाले प्रथम यूरोपियन थे–**

(a) पुर्तगाली (b) डच
(c) ब्रिटिश (d) फ्रांसीसी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 27/09/2014**

**Ans. (a)** भारत आने वाले प्रथम यूरोपियन पुर्तगाली थे, अब्दुल मनीद नामक गुजराती पथ-प्रदर्शक की सहायता से वास्कोडिगामा 20 मई, 1498 को केरल के कालीकट के प्रसिद्ध बन्दरगाह पर सर्वप्रथम भारत पहुँचा।

## स्वतंत्र राज्य/मैसूर/बंगाल (Independent Kingdoms/Mysore/Bengal)

**2. टीपू सुल्तान के पिता कौन थे?**

(a) हैदर अली (b) बाबर
(c) शेर शाह सूरी (d) दीन-ए-इलाही

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (a)** टीपू सुल्तान के पिता हैदर अली थे। 1787 ई. में टीपू ने अपनी राजधानी श्री रंगपट्टनम में 'पादशाह' की उपाधि धारण की। इसने श्रीरंगपट्टनम में स्वतंत्रता का वृक्ष लगवाया तथा जैकोबिन क्लब का सदस्य बना।

**प्रथम मैसूर युद्ध 1767–69–** में हैदर अली और अंग्रेजों के मध्य हुआ जिसमें अंग्रेजों की हार हुई।

**द्वितीय मैसूर युद्ध 1780–84-** में हैदर अली और अंग्रेजों के मध्य हुआ जो अनिर्णित युद्ध रहा।

**तृतीय आंग्ल मैसूर युद्ध 1790-92 ई.–** में टीपू सुल्तान और अंग्रेजों के मध्य हुआ, जो संधि के द्वारा समाप्त हुआ।

**चतुर्थ आंग्ल मैसूर युद्ध 1799 ई.–** में टीपू सुल्तान और अंग्रेजों के मध्य हुआ, जिसमें टीपू की हार हुई और मैसूर शक्ति का पतन हुआ।

**3. टीपू सुल्तान _______ के शासक थे।**

(a) बंगाल (b) मैसूर
(c) पंजाब (d) अजमेर

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 12/11/2017**

**Ans. (b)** टीपू सुल्तान (1750 ई. - 1799 ई.) मैसूर राज्य का वास्तविक शासक था। वह 'टाइगर ऑफ मैसूर' नाम से भी जाना जाता था। इसका पूरा नाम सुल्तान फतेह अली खान टीपू था। वह हैदर अली और फकरून-उन-निशा (फातिमा बेगम) का सबसे बड़ा पुत्र था। टीपू सुल्तान 1782 ई. में मैसूर साम्राज्य का शासक बना तथा इनकी राजधानी श्रीरंगपट्टनम थी।

**4. प्लासी का युद्ध कब लड़ा गया था?**

(a) 1757 (b) 1743
(c) 1749 (d) 1753

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (a)** प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 को हुआ था। यह युद्ध अंग्रेजों तथा नवाब सिराजुद्दौला के बीच लड़ा गया। अंग्रेजों की ओर से इस युद्ध का नेतृत्व राबर्ट क्लाइव ने किया था। जबकि नवाब की ओर से सेना का नेतृत्व विश्वासघाती मीर जाफर कर रहा था। यह युद्ध नादिया जिले में भागीरथी नदी के तट पर स्थित प्लासी नामक स्थान पर हुआ। इस युद्ध में नवाब की तरफ से फ्रांसीसी भी युद्ध कर रहे थे। इस युद्ध में मीरमदान तथा मोहनलाल ने सिराजुद्दौला की तरफ से युद्ध किया जिसमें मीर मदान मारा गया। इस युद्ध में सिराजुद्दौला की हार हुई। इस हार का मुख्य कारण मीर जाफर तथा राय दुर्लभ का विश्वासघात करना था।

## 1857 का विद्रोह (Revolt of 1857)

**5. निम्नलिखित में से 1857 विद्रोह के मुख्य नेताओं की पहचान करें।**

(a) ज्योति राव फुले (b) रानी लक्ष्मी बाई
(c) बिरसा मुंडा (d) तांत्या टोपे
(e) नाना साहेब

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) केवल A, B, C (b) केवल B, C, D
(c) केवल C, D, E (d) केवल B, D, E

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (d) :** रानी लक्ष्मी बाई, तांत्या टोपे और नाना साहेब 1857 विद्रोह के मुख्य नेता थे। ज्योति राव फुले एक महान समाज सुधारक, दार्शनिक और लेखक थे। उन्होंने महाराष्ट्र में अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए काम किया। बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे।

**6. इलाहाबाद में 1857 में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) रानी लक्ष्मी बाई (b) लियाकत अली
(c) कुँवर सिंह (d) नाना साहिब

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (b)**

| केन्द्र | नेतृत्व |
|---|---|
| झांसी | रानी लक्ष्मीबाई |
| इलाहाबाद | लियाकत अली |
| जगदीशपुर | कुँवर सिंह |
| कानपुर | नाना साहेब, तात्या टोपे |

## सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन
## (Social and Religious Reform Movement)

**7. 1839 में, राम मोहन रॉय के विचारों में प्रचारित करने के लिए किसने ''तत्वबोधिनी सभा'' की स्थापना की थी?**

(a) रवीन्द्र नाथ टैगोर (b) देबेन्द्र नाथ ठाकुर
(c) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (d) अक्षय कुमार दत्त

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (b)** ''तत्वबोधिनी सभा'' की स्थापना 6 अक्टूबर, 1839 में ''देवेन्द्र नाथ ठाकुर'' द्वारा की गयी थी। ''तत्वबोधिनी सभा'' एक संघ था जो ब्रह्म समाज से टूटकर अलग हुए लोगों द्वारा बनाया गया था। देवेन्द्र नाथ ठाकुर ब्रह्म समाजी धर्म सुधारक एवं हिन्दू दार्शनिक थे।

**8. 1893 में विश्व धर्मों के शिकागो सम्मेलन में भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किसने किया था?**

(a) राजा राममोहन राय (b) श्री नारायण गुरू
(c) स्वामी विवेकानंद (d) रामकृष्ण परमहंस

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (c)** वर्ष 1893 में विश्व धर्मों के शिकागो सम्मेलन में भारत और हिन्दुत्व का प्रतिनिधित्व स्वामी विवेकानन्द ने किया था। वर्तमान में स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस को देश 'युवा दिवस' के रूप में मनाता है। नरेन्द्र नाथ का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता में हुआ था। विवेकानन्द बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे, कम उम्र में ही उन्होंने वेद और दर्शनशास्त्र का ज्ञान हासिल कर लिया था।

**9. महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार के एक उत्कृष्ट कार्यकर्ता गोपाल हरि देशमुख थे, जो बाद में ..................के उपनाम से प्रसिद्ध हुए थे।**

(a) लोकमान्य (b) लोकहितवादी
(c) लोकप्रिय (d) लोकनायक

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (b)** महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ता गोपाल हरि देशमुख को 'लोकहितवादी' उपनाम से भी जाना जाता है।

- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं गरम दल के नेता बालगंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' उपनाम से जाना जाता है।
- बिहार के जयप्रकाश नारायण को 'लोकनायक' कहा जाता है।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
## (Indian National Congress)

**10. 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में, जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस के अध्यक्ष का पद .................... से लिया था, जो उनसे पहले अध्यक्ष थे।**

(a) सुभाष चंद्र बोस (b) सरोजनी नायडू
(c) महात्मा गांधी (d) मोतीलाल नेहरू

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (d)** 1929 में लाहौर में हुए कांग्रेस अधिवेधन में भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने कांग्रेस अध्यक्ष का पद ग्रहण किया था। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष का पद मोतीलाल नेहरु के पास था।

## महात्मा गाँधी एवं राष्ट्रीय आंदोलन
## (Mahatma Gandhi and National Movements)

**11. निम्नलिखित घटनाक्रम को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :**

**A. गाँधीजी ने दांडी में नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया।**
**B. असहयोग आंदोलन और खिलाफत आंदोलन का आरंभ**
**C. जलियाँवाला बाग नरसंहार (हत्याकांड)**
**D. चौरी-चौरा की घटना**
**E. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :**

(a) D, E, C, B, A (b) E, A, B, D, C
(c) C, B, D, A, E (d) A, C, B, D, E

**Allahabad High Court Group D Exam 02/04/2023**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त घटनाओं का सही कालक्रम है-

- जलियाँवाला बाग नरसंहार (13 अप्रैल, 1919)
- असहयोग आंदोलन (1920) और खिलाफत आंदोलन (अक्टूबर, 1919) का प्रारम्भ।
- चौरी-चौरा की घटना (2 फरवरी, 1922)
- गाँधीजी ने दांडी में नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया (6 अप्रैल, 1930)
- द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (7 सितम्बर, 1931 से 1 दिसंबर 1931)

12. **निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के वर्ष के क्रम में सुव्यवस्थित करें (भूत से वर्तमान)**

**(A) महात्मा गांधी का प्रादुर्भाव**

**(B) बंगाल विभाजन**

**(C) रॉलेट सत्याग्रह**

**(D) दांडी मार्च**

**(E) खिलाफत आंदोलन**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से यही उत्तर का चयन कीजिए।**

(a) C, B, D, A, E (b) A, E, C, B, D

(c) B, A, C, E, D (d) D, B, E, C, A

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त दिए गये घटनाओं के घटित होने का सही क्रम है (भूत से वर्तमान)–

बंगाल विभाजन (1905)

महात्मा गांधी का प्रादुर्भाव (1915)

रॉलेट सत्याग्रह (1919)

खिलाफल आंदोलन (1919-22)

दांडी मार्च (1930)

13. **महात्मा गाँधी का पूरा नाम क्या है?**

(a) मोहनलाल करमचंद गाँधी

(b) मोहनदास करमसिंह गाँधी

(c) मोहनदास करमचंद गाँधी

(d) मदनदास करमसिंह गाँधी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/01/2019**

**Ans. (c)** महात्मा गाँधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी है। इनका जन्म 2 अक्टूबर, 1869 ई. में गुजरात के पोरबंदर जिले में हुआ था। ये पेशे से एक वकील थे।

14. **निम्नलिखित में से किसने असहयोग आंदोलन के दौरान विदेशी कपड़ों को जलाने को 'इनसेंसेट वेस्ट' के रूप में लिया?**

(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल (b) रवीन्द्र नाथ टैगोर

(c) चितरंजन दास (d) मृदुला साराभाई

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** असहयोग आन्दोलन के दौरान विदेशी कपड़ों को जलाने को रवीन्द्रनाथ टैगोर ने निष्ठुर बर्बादी (Insensate waste) कहा। असहयोग आन्दोलन महात्मा गाँधी ने 1 अगस्त 1920 को शुरू किया था। इस दौरान विदेशी कपड़ों का बहिष्कार किया गया तथा विदेशी कपड़ों की सार्वजनिक होली जलाई गई।

15. **भारत छोड़ो आंदोलन चलाया गया-**

(a) 8 अगस्त, 1942 (b) 10 अगस्त, 1942

(c) 15 अगस्त, 1942 (d) 16 अगस्त, 1942

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 12/11/2017**

**Ans. (a) :** गाँधी जी के भारत छोड़ो प्रस्ताव को कॉंग्रेस कार्यसमिति ने 8 अगस्त को स्वीकार किया। इसी दिन से 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत माना जाता है। हालांकि व्यवस्थित रूप से यह आंदोलन अगले दिन 9 अगस्त से शुरू किया गया। 9 अगस्त को ही गाँधी जी सहित कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गाँधी जी को पूना के आगाखाँ महल में तथा अन्य नेताओं को अहमदनगर के किले में रखा गया।

## गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय (Governor/Governor- General/Viceroy)

16. **अंग्रेजों के शासन काल में न्यायाधीशों के रूप में भारतीयों की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन सा गवर्नर जनरल उत्तरदायी था?**

(a) लॉर्ड कार्नवालिस (b) वारेन हेस्टिंग्स

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड डलहौजी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (a)** गवर्नर जनरल लॉर्ड कार्नवालिस (1786–1793) तथा 1805) को पिट्स इण्डिया एक्ट के अन्तर्गत रेखांकित शांति स्थापना तथा शासन के पुनर्गठन हेतु भारत भेजा गया। सर्वप्रथम अपने 'न्यायिक सुधारों' के अन्तर्गत जिले की समस्त शक्ति कलेक्टर के हाथों में केन्द्रित कर दी। इसने 1793 ई. में 'कॉर्नवॉलिस कोड' का निर्माण करवाया, जो 'शक्तियों के पृथ्ककरण' सिद्धान्त पर आधारित था।

## पुस्तकें/पत्र–पत्रिकाएं (Books/Papers-Magazines)

17. **अपनी किस प्रसिद्ध पुस्तक में महात्मा गांधी ने घोषणा की थी कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से स्थापित हुआ?**

(a) स्वराज भारत (b) भारत भूमि

(c) वंदे भारत (d) हिंद स्वराज

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (d) :** महात्मा गाँधी ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक हिंद स्वराज (1909) में घोषणा की थी कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से स्थापित हुआ।

18. **............ एक मुस्लिम राष्ट्रीय विद्वान थे जिन्होंने काहिरा में शिक्षा प्राप्त की थी और अपने अखबार अल हिलाल का प्रकाशन किया और प्रमुख राष्ट्रीय नेता बने थे।**

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(b) मौलाना मोहम्मद अली

(c) मोहम्मद अली जिन्ना

(d) मौलाना जफर अली खान

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 22/07/2017**

**Ans. (a)**

| **समाचार-पत्र** | | **संस्थापक** |
|---|---|---|
| अल हिलाल, अलबिलाग | – | मौलाना अबुल कलाम आजाद |

| | | |
|---|---|---|
| कामरेड, हमदर्द | – | मुहम्मद अली जिन्ना |
| प्रताप | – | गणेश शंकर विद्यार्थी |
| हिन्दू पैट्रियाट | – | हरिश्चन्द्र मुखर्जी |
| अमृत बाजार पत्रिका | – | मोतीलाल और शिषिर घोष |
| बम्बई दर्पण | – | बाल शास्त्री |

## विविध (Miscellaneous)

**19. अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह में अंग्रेजों द्वारा निर्मित सेलुलर जेल को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?**

(a) मौत का कुआँ (b) काला पानी
(c) अन्तिम यात्रा (d) बन्द दरवाजा

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (b)** सेलुलर जेल अण्डमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में बनी हुई है। यह अंग्रेजों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को कैद करने के लिए बनाई गयी थी, जो मुख्य भारत भूमि से हजारों किलोमीटर दूर स्थित थी, व सागर से भी हजारों किलोमीटर दुर्गम मार्ग से जाना पड़ता था। यह काला पानी के नाम से विख्यात था।

**20. खान अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व में, पठानों ने खुदाई खिदमतगार समाज की स्थापना की थी, जिसे लोकप्रिय रूप से...............कहा जाता है।**

(a) नीली कुर्ती (b) पीली कुर्ती
(c) लाल कुर्ती (d) सफेद कुर्ती

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 22/07/2017**

**Ans. (c)** खान अब्दुल गफ्फार खाँ को 'सीमान्त गाँधी' भी कहा जाता है। भारत के पश्चिमोत्तर प्रांत के क्षेत्रों में इनके नेतृत्व में एक आंदोलन चलाया गया जिसे लाल कुर्ती आंदोलन कहा गया। इस लाल कुर्ती आंदोलन कहने के पीछे कारण यह था कि ये आंदोलनकारी पठान 'लाल कपड़ा' पहने रहते थे।

**21. किसके नेतृत्व में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना हुई थी?**

(a) मुहम्मद अली जिन्ना (b) सैयद अहमद खान
(c) आगा खान (d) इनमें से कोई नहीं

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (c)** 1 अक्टूबर, 1906 ई. को एच.एच. आगा खां के नेतृत्व में मुस्लिमों का एक दल वायसराय लार्ड मिण्टो से शिमला में मिला। आर्चबोल्ड इस प्रतिनिधिमण्डल के जनक थे। ढाका के नवाब सलीमुल्ला और आगा खान के नेतृत्व में 30 दिसम्बर, 1906 ई. को ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना की गई।

**22. 1911 में दिल्ली राजधानी बनने से पहले इनमें से कौन-सा शहर भारत की राजधानी था?**

(a) इंदौर (b) शिमला
(c) कलकत्ता (d) बैंगलोर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (c)** 1911 में दिल्ली राजधानी बनने से पहले कलकत्ता शहर भारत की राजधानी था। भारत के तत्कालीन सम्राट जार्ज पंचम द्वारा इसकी आधारशिला रखी गई थी। यह आयोजन नवम्बर 1911 में तृतीय दिल्ली दरबार में हुआ था। दिल्ली की वास्तुकला और योजना सर हर्बर्ट बेकर एवं सर एडविन लुटियन द्वारा बनाई गई।

**23. कौन से अधिनियम के विरुद्ध, 1919 में गांधीजी ने सत्याग्रह सभा प्रारंभ की थी, और जिसके सदस्यों ने इस अधिनियम की अवज्ञा करने की प्रति वचन लिया था?**

(a) स्टाम्प अधिनियम
(b) रोलेट अधिनियम
(c) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
(d) भारत सरकार अधिनियम

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 22/07/2017**

**Ans. (b)** भारत में बढ़ रही क्रांतिकारी गतिविधियों को कुचलने के लिए सरकार ने सिडनी रौलेट की अध्यक्षता में बनी समिति की सिफारिश पर सन् 1919 में एक कानून पारित किया जिसे रौलेट एक्ट कहा गया।
गांधी जी ने इस कानून को 'काला कानून' कहा और इसके विरुद्ध सत्याग्रह करने का संकल्प लिया।

**24. निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सेनानी को 'लोकमान्य' के नाम से जाना जाता था?**

(a) सरदार पटेल (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) भगत सिंह (d) अरबिंदो घोष

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (b)** भारत के प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' के उपनाम से जाना जाता है तथा इन्हें भारतीय 'अशांति का जनक' भी कहा जाता है। भारत के कुछ प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके उपनाम निम्नवत् है-

| **स्वतंत्रता सेनानी** | **उपनाम** |
|---|---|
| सरदार वल्लभ भाई पटेल | भारत का विस्मार्क |
| भगत सिंह | शहीद-ए-आजम |
| डॉ. राजेन्द्र प्रसाद | देशरत्न |
| दादा भाई नौरोजी | वयोवृद्ध पुरुष |

**25. महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार के एक उत्कृष्ट कार्यकर्ता गोपाल हरि देशमुख थे, जो बाद में .................के उपनाम से प्रसिद्ध हुए थे।**

(a) लोकमान्य (b) लोकहितवादी
(c) लोकप्रिय (d) लोकनायक

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 22/07/2017**

**Ans.(b)** महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्त्ता गोपाल हरिदेशमुख को लोकहितवादी उपनाम से भी जाना जाता है।

- प्रसिद्ध उग्रवादी नेता बालगंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' उपनाम से जाना जाता है।
- बिहार के जयप्रकाश नारायण को 'लोकनायक' कहा जाता है।

# विश्व का इतिहास (World History)

- ——अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा व्यक्ति था– **जॉर्ज वाशिंगटन**
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने ——— को लोकतांत्रिक संविधान को अपनाया था– **1787**
- रोमन गणराज्य जो 509 ईसा. पूर्व. से 27 ईसा.पूर्व तक कायम रहा, का तख्यापलट ............ ने किया जो कि जूलियस सीज़र का दत्तक पुत्र तथा उत्तराधिकारी था– **ऑगस्टस**
- प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व के मध्य उच्च कुल में जन्मे सैन्य नायक _____ के अधीन 'रोम साम्राज्य' वर्तमान ब्रिटेन और जर्मनी तक फ़ैल गया– **जूलियस सीज़र**
- छठी शताब्दी ईसा पूर्व तक ____ ने असीरिया के साम्राज्य के अधिकांश भाग पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया था–**ईरानी**
- .........(14–37 ईस्वी) जो रोमन सम्राटों की लम्बी कतारों में दूसरा था, ऑगस्टम का गोद लिया हुआ पुत्र था– **टिबेरियस**
- 1645 में, ब्रिटेन में ____ की सरकार सत्ता में आई और भारत को स्वतंत्रता देने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया– **लेबर पार्टी**
- 1949 में माओ के नेतृत्व में हुई .......... क्रांति के बाद चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई– **साम्यवादी**
- स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्वा के विचार, जिनसे भारत का राष्ट्रीय आंदोलन प्रभावित हुआ था, — से लिए गए थे– **फ्रांस की क्रांति**
- राजवंश के शासन काल में चीन की ग्रेट वॉल का निर्माण हुआ था– **चिन राजवंश में**
- टाओवाद, दर्शन और धार्मिक आस्था की एक प्राचीन परम्परा है जो गहरे रुप से जुड़ी हुई है– **चीनी प्रथा और विश्वदृष्टि से**
- द्वितीय विश्वयुद्ध के समय —— धुरी राष्ट्रों का हिस्सा था– **हंगरी**
- वह रानी जिसका उपनाम ''ब्लडी मैरी'' था– **मैरी प्रथम**
- रेनिसा (पुनर्जागरण), यूरोप में.........तक की एक अवधि है– **14 से 17वीं शताब्दी**
- ''चीन-भारत सीमा विवाद'' भारत और चीन के बीच में एक युद्ध था, जो वर्ष..........में हुआ था– **1962**
- सिकंदर महान .................. में पैदा हुए थे– **356 ई. पू.**
- 'अलेक्जेंडर द ग्रेट' की मृत्यु हुई– **323 ई.पू. में**
- प्रथम विश्व युद्ध ——— वर्ष में शुरू हुआ– **1914 में**
- द्वितीय विश्व युद्ध ——— वर्ष में शुरू हुआ– **1939 में**
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, कोहिमा और इंफाल की लड़ाई — वर्ष —— में लड़ी गई थी– **1944**
- जापान पर गिराए गये परमाणु बमों के नाम ——— थे– **लिटिल बॉय और फैट मैन**
- अमेरिका ने जापानी शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम छोड़ा– **6 अगस्त 1945 को**
- परमाणु बम..........के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराया गया था– **द्वितीय विश्व युद्ध**
- एक रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता...........को दक्षिण अफ्रीका द्वारा वर्ष 1952 में 27 वर्षो के लिये कारागार में रखा गया था– **नेल्सन मंडेला**
- एडोल्फ हिटलर एक................राजनेता लाखों यहूदियों लोगों की हत्या के लिये जिम्मेदार था– **जर्मन**
- एडोल्फ हिटलर ने.............में आत्महत्या की– **1945**
- अफीम युद्ध अंग्रेजों और ——— बीच लड़े गए थे– **चीन**
- बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के समय भारतीय सेना प्रमुख– **सैम मानेकशॉ**
- ——— देश है, जिसने 19वीं शताब्दी से सार्वभौमिक मताधिकार दिया– **न्यूजीलैंड**
- नेपोलियन को ——— युद्ध में हराया गया था– **वाटरलू**
- चीन गणराज्य (Republic of China) के पहले राष्ट्रपति —— —— थे– **युआँन शिकाई**
- सफविद राजवंश ने आधुनिक समय में — से शासन किया– **ईरान**
- बांग्लादेश मुक्ति युद्ध ——समाप्त हुआ–**16 दिसम्बर 1971 में**
- पाकिस्तान का संविधान —— लागू किया गया था–**1973 ई. में**
- वर्ष ...... में बर्मा स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य बन गया था– **1948**

## विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. हिटलर किस देश का तानाशाह था?**

(a) रूस (b) मिस्र
(c) फ्रांस (d) जर्मनी

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (d)** एडोल्फ हिटलर एक प्रसिद्ध जर्मन राजनेता एवं तानाशाह था। वो 'राष्ट्रीय समाजवादी जर्मन कामगार पार्टी' का नेता था। हिटलर को द्वितीय विश्वयुद्ध के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता है।

**2. ''स्टेचू ऑफ लिबर्टी'' ......... में स्थित है।**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) यूनाइटेड किंगडम
(c) फ्राँस (d) भारत

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (a)** ''स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी इनलाइटिंग द वर्ल्ड'' फ्रांस के लोगों की संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों को दोस्ती का उपहार था और इसे स्वतंत्रता और लोकतन्त्र के सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त है। स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को 28 अक्टूबर 1886 को संयुक्त राज्य अमेरिका को समर्पित किया गया था।
द स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के प्रथम गृहमंत्री और स्वतन्त्रता संग्राम कार्यकर्ता सरदार बल्लभ भाई पटेल (1875-1950) की एक विशाल प्रतिमा है। यह भारत के गुजरात राज्य में स्थित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा 182 मीटर (597 फीट) नर्मदा नदी के किनारे स्थित है।

**3. मार्टिन लूथर किंग थे?**

(a) एक जन अधिकार सक्रियतावादी कार्यकर्त्ता
(b) संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव
(c) अमेरिका के राष्ट्रपति
(d) दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans : (a) :** मार्टिन लूथर किंग एक सामाजिक कार्यकर्त्ता थे। उन्होंने अफ्रीकन-अमेरिकन अश्वेत लोगों के अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया था। इन्हें 1964 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

# भूगोल

## A. विश्व का भूगोल (World Geography)

### सौरमण्डल (Solar System)

- कॉस्मोलॉजी खगोल विज्ञान की वह शाखा है इसके अंतर्गत ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति, जीवन के विकास, ग्रहों, सौरमंडल का निर्माण तथा सभी खगोलीय घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।
- आकाशगंगा गैस, धूल और अरबों सितारों का एक विशाल संग्रह, होती है। आकाश गंगा शब्द ग्रीक भाषा से लिया गया है। जिसका शाब्दिक अर्थ 'दूधिया' होता है।

| | | |
|---|---|---|
| ✪ सर्वाधिक गर्म ग्रह | – | शुक्र |
| ✪ सबसे बड़ा ग्रह | – | बृहस्पति |
| ✪ सबसे छोटा ग्रह | – | बुध |
| ✪ शाम का तारा (Evening Star) | – | शुक्र |
| ✪ सर्वाधिक चमकीला ग्रह | – | शुक्र |
| ✪ पृथ्वी से निकटस्थ ग्रह | – | शुक्र |
| ✪ लाल ग्रह (Red Planet) | – | मंगल |
| ✪ भोर का तारा (Morning Star) | – | शुक्र |
| ✪ नीला ग्रह (Blue Planet) | – | पृथ्वी |

**ग्रहों का क्रम-**

1. आकार के अनुसार– बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण, पृथ्वी, शुक्र, मंगल, बुध।
2. पृथ्वी से दूरी के अनुसार– शुक्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण।
3. सूर्य से दूरी के अनुसार– बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण।

- हमारे सौरमण्डल में पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है। पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चन्द्रमा है।
- शनि ग्रह के सर्वाधिक उपग्रह हैं।
- सूर्य एक गैसीय गोला है, जिसमें मुख्य रूप से हाइड्रोजन 71% तथा हीलियम 26.5% एवं अन्य तत्व 2.5% होते हैं। सूर्य का केन्द्रीय भाग 'क्रोड' कहलाता है।
- बुध एवं शुक्र ग्रह के पास कोई प्राकृतिक उपग्रह नहीं है।
- चंद्र ग्रहण (Lunar eclipse) हमेशा पूर्णिमा (Full Moon) की रात को होता है जबकि सूर्यग्रहण हमेशा अमावस्या को होता है।
- शुक्र ग्रह को 'पृथ्वी के जुड़वां (Earth's twin)' के रूप में जाना जाता है।
- बुध, शुक्र, पृथ्वी तथा मंगल को पार्थिव ग्रह तथा बृहस्पति, शनि, अरूण तथा वरूण को जोवियन ग्रह कहा जाता है।
- बुध ग्रह सूर्य के सबसे निकट का ग्रह है।
- 21 मार्च और 23 सितम्बर को सूर्य की किरणें सीधे भूमध्य रेखा पर लम्बवत् पड़ती है, जिसके कारण पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते है।
- रात्रि के समय आकाश में मौजूद सबसे चमकीला ग्रह 'शुक्र' है। इस ग्रह को 'पृथ्वी की बहन' के नाम से भी जाना जाता है।

### भूकम्प/प्रमुख ज्वालामुखी एवं उनकी स्थिति (Earth Quakes/Major Volcanoes & Their Location)

| स्थित | नाम |
|---|---|
| **इटली** | माउंट एटना |
| **इटली** | माउंट विसुवियस |
| **तंजानिया** | माउंट किलिमंजारो |
| **संयुक्त राज्य अमेरिका** | माउंट रेनियर |
| **संयुक्त राज्य अमेरिका (कैलिफोर्निया)** | माउंट शास्ता |
| **इक्वाडोर** | कीटोपैक्सी |
| **इक्वाडोर** | चिम्बोरेजो |
| **फिलीपींस** | माउंट पिनाटुबो |
| **कनाडा** | माउंट रैजल |
| **अलास्का** | कटमई |
| **लिपारी द्वीप (इटली)** | स्ट्रॉम्बोली |
| **ईरान** | कोह सुल्तान |
| **जॉर्जिया** | एलबुर्ज |
| **USA** | सेंट हेलेन्स |
| **जापान** | फ्यूजीयामा |

- जिस स्थान से भू-कम्पीय तरंगें उत्पन्न होती हैं अर्थात् जहाँ भूकम्प की ऊर्जा निकलती है उसे 'अवकेन्द्र' (Hypocenter) अथवा 'भूकम्प मूल' (Focus) कहते हैं; जबकि भूतल का वह बिन्दु जहाँ भूकम्पीय लहरों का अनुभव किया जाता है, उसे 'अधिकेन्द्र' (Epicentre) कहते हैं। अधिकेंद्र, भूकंप के उद्गम केंद्र के ठीक ऊपर (लम्बवत्) होता है। भूकम्प आने के पहले वायुमण्डल में 'रेडॉन' गैसों की मात्रा में वृद्धि हो जाती है। भूकम्पीय तरंगों की तीव्रता सिस्मोग्रॉफ (Seismograph) से मापी जाती है।
- भूकम्प के दौरान पृथ्वी में तरंगे उत्पन्न होती है जिन्हें भूकम्पीय तरंगें कहते है। ये मुख्यतः तीन प्रकार की होती हैं-
  (1) प्राथमिक या P- तरंगें
  (2) द्वितीयक/गौण या S- तरंगें
  (3) धरातलीय/दीर्घ या L- तरंगें

1. प्राथमिक या P भूकंपीय तरंगों की चाल सबसे तीव्र लगभग 8 km/sec होती है। ये तरंगें ध्वनि की भांति अनुदैर्ध्य तरंगें होती है। ये ठोस, द्रव्य तथा गैसीय पदार्थो में यात्रा कर सकती है। P तरंगें सबसे तेजी से आगे बढ़ती हैं और सतह पर सबसे पहले आती हैं।
2. द्वितीयक/गौण या S भूकम्पीय तरंगों में अनुप्रस्थ विस्थापन होता है। P तरंगों के पश्चात S तरंगें पृथ्वी की सतह पर पहुँचती है। यही कारण कि इन्हें 'द्वितीयक तरंगें' अथवा 'गौण तरंगें' भी कहते है। ये केवल ठोस माध्यम में गमन करती है। ये प्रकाश तरंगों के समान अनुप्रस्थ तरंगें होती है।
3. धरातलीय/दीर्घ या L भूकम्पीय तरंगें लंबी तरंगदैर्ध्य की तरंगें हैं, जो पृथ्वी की पर्पटी की सतह तक सीमित होती हैं।

- यह भूकम्प के संरचनात्मक हानि का सबसे अधिक कारण बनता है।
- धरातलीय तरंगों को सबसे अधिक हानिकारक तरंगें माना जाता है।
- अन्तः सागरीय भूकम्पों द्वारा उत्पन्न लहरों को सुनामी कहा जाता है। सुनामी जापानी भाषा का एक शब्द है जो सु (Tsu) और नामी (nami) से मिलकर बना है। सु (Tsu) का अर्थ होता है 'समुद्र का तट' और नामी (nami) का अर्थ होता है 'लहरें' सुनामी आने का मुख्य कारण समुद्र के नीचे ज्वालामुखी विस्फोट, जमीन का धंसना एवं उल्कापात इत्यादि है। जिसके कारण समुद्री जल में विशालकाय लहरें उत्पन्न होती है और समुद्र में उत्पन्न ये जल की लंबी और ऊँची लहरें तट से टकराती है तथा आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाती है।

## पर्वत शृंखलाएँ/हिमनद/स्थानीय पवनें (Mountain Range/Glaciers/Local Winds)

- स्थायी मौसमी और स्थानीय पवनों सहित तीन प्रकार की पवनें होती हैं। स्थायी पवन पूरे वर्ष एक विशिष्ट दिशा में लगातार चलती है। स्थायी पवन के कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण पश्चिम, पूर्वी और व्यापारिक पवन हैं।
- **पश्चिमी पवन-** पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है।
- **पूर्वी पवन-** पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है।
- **व्यापारिक पवन-** पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है।
- ज्ञातव्य है कि लू उत्तरी भारत एवम् पाकिस्तान के मैदानों में मई-जून में प्रवाहित होने वाली गर्म एवं शुष्क स्थानीय वायु है।
- गरजता चालीसा (Roaring Forties) पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्द्ध में $40^o$ से $65^o$ अक्षांशों के मध्य चलने वाली शक्तिशाली पछुआ पवनें हैं। उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्धों में उपोष्ण उच्च वायुदाब कटिबंधों से उपध्रुवीय निम्न वायुदाब कटिबंधों की ओर चलने वाली स्थायी हवा को, इनकी पश्चिम दिशा के कारण, पछुआ पवन कहा जाता है।
- बोरा एक शुष्क व अत्यधिक ठंडी वायु है जो एड्रियाटिक सागर के पूर्वी किनारों पर चलती है। इससे मुख्यतः इटली व यूगोस्लाविया प्रभावित होते हैं
- **हरमट्टन-** सहारा रेगिस्तान में उ.पू. दिशा से पश्चिमी दिशा में चलने वाली यह गर्म तथा शुष्क वायु है। यह अफ्रीका के पश्चिमी तट की उष्ण व आर्द्र वायु में शुष्कता लाती है जिससे मौसम सुहावना व स्वास्थ्यप्रद हो जाता है। इसी कारण गिनी तट पर इसे 'डॉक्टर हवा' भी कहा जाता है।

### स्थानीय पवनें

- **चिनूक**– संयुक्त राज्य अमेरिका में राकी पर्वत के पूर्वी ढाल के सहारे चलने वाली गर्म या शुष्क हवा।
- **सिमूम**– अरब के रेगिस्तान में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा।
- **फॉन**– आल्पस पर्वत के उत्तरी ढाल से नीचे उतरने वाली गर्म एवं शुष्क हवा जिसका सर्वाधिक प्रभाव स्विटजरलैण्ड में है।
- **नारवेस्टर**– न्यूजीलैण्ड में उच्च पर्वतों से उतरने वाली गर्म शुष्क तथा धूल भरी हवा।

| पर्वत शृंखला | स्थिति | उच्चतम शिखर |
|---|---|---|
| हिमालय पर्वत शृंखला | दक्षिण एशिया | माउंट एवरेस्ट |
| एल्बुर्ज शृंखला | ईरान | माउंट देमावंद |
| हिमालय-काराकोरम-हिन्दुकुश | द.-म. एशिया | माउंट एवरेस्ट |
| यूराल पर्वत शृंखला | मध्य रूस | गोरा नैरोड्नाया |
| कॉकेशस शृंखला | रूस | माउंट एल्ब्रुस |
| एटलस पर्वत शृंखला | उ.-प. अफ्रीका | जेबेल टाउब्काल |
| बर्खोयांस्क पर्वत शृंखला | पूर्वी रूस | माउंट गोरा मास खाया |
| ग्रेट डिवाइडिंग रेंज शृंखला | पूर्वी ऑस्ट्रेलिया | माउंट कोस्युस्को |
| ट्रॉन्स अंटार्कटिका पर्वत शृंखला | अंटार्कटिका | माउंट विन्सन मॉसिफ |
| रॉकी पर्वत शृंखला | पश्चिम-उत्तर अमेरिका | माउंट एल्बर्ट |
| कास्केड रेंज शृंखला | सं.रा.अमेरिका, कनाडा | माउंट रेनियर |
| अप्लेशियन पर्वत शृंखला | पूर्वी सं.रा. अमेरिका, कनाडा | माउंट मिशेल |
| पश्चिमी घाट शृंखला | पश्चिमी भारत | अनाइमुडी |
| आल्पस | मध्यवर्ती यूरोप | माउंट ब्लॉक |

- दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत माउंट एवरेस्ट है जिसकी ऊँचाई 8848 मीटर है। इसे नेपाल में सागरमाथा तथा चीन में चोमोलंगता के नाम से जाना जाता है। दुनिया के दूसरे तथा तीसरे सबसे ऊँचे पर्वत क्रमशः माउन्ट K2 तथा कंचनजंगा है, जिसकी ऊँचाई क्रमशः 8,611 मीटर तथा 8,586 मीटर है।

### हिमनद

- हिमनद जलवायु परिवर्तन के संवेदनशील संकेतक होते हैं। क्रिस्टलीय बर्फ, चट्टान, तलछट एवं जल से निर्मित क्षेत्र, जहाँ पर वर्ष के अधिकांश समय बर्फ जमा होती है, को हिमनद कहते हैं। अत्यधिक भार व गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से हिमनद ढलान की ओर प्रवाहित होते हैं।

| हिमालय के प्रमुख हिमनद | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | हिमानी के नाम | स्थिति | लंबाई (किमी.) |
| 1. | सियाचिन | काराकोरम | 75 |
| 2. | हिस्पर | काराकोरम | 61 |
| 3. | बियाफो | काराकोरम | 60 |
| 4. | बालटोरो | काराकोरम | 58 |
| 5. | गंगोत्री | उत्तराखंड | 26 |
| 6. | जेमू | सिक्किम/नेपाल | 25 |

- **चक्रवात (Cycolone)-** ये निम्न वायुदाब के केंद्र होते हैं, जिनके चारों ओर क्रमशः बढ़ते वायुदाब की समदाब रेखाएं होती हैं। चक्रवात में पवन की दिशा परिधि से केंद्र की ओर होती है। इनकी दिशा उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सुई के दिशा की विपरीत (वामावर्त) एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सुई की दिशा के

अनुरूप होती है। चक्रवात केंद्र में निम्न वायुदाब क्षेत्र का निर्माण करता है।

- **प्रतिचक्रवात (Anticyclone)-** ये उच्च वायुदाब के केंद्र होते हैं। इसमें परिधि से बाहर की ओर क्रमशः घटते वायुदाब संकेन्द्रीय समदाब रेखाएं होती हैं। परिणामस्वरूप वायु का प्रवाह केंद्र से परिधि की ओर होता है। अतः प्रति चक्रवात केंद्र में उच्च वायुदाब क्षेत्र का निर्माण करता है। प्रति चक्रवात में उत्तरी गोलार्द्ध में पवन दिशा का प्रारूप घड़ी की सुई की दिशा (दक्षिणावर्त) के अनुरूप एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में पवन दिशा का प्रारूप घड़ी की सुई की दिशा के विपरीत (वामावर्त) होता है।
- चक्रवात प्रायः गोलाकार, अंडाकार या V–आकार का होता है। किसी चक्रवात का भीतरी भाग को 'चक्रवात की आँख' कहा जाता है। चक्रवात के इस स्थान पर वायुदाब निम्न रहता है अर्थात् इसके केन्द्र में शांत वायु क्षेत्र पाया जाता है। किसी चक्रवात की आँख का व्यास आमतौर 15 से 30 किमी. तक होता है।

| चक्रवातों के नाम | | जल निकाय के नाम जहाँ से वे विकसित हुए |
|---|---|---|
| (i) चक्रवात ताउते | → | अरब सागर |
| (ii) चक्रवात यास | → | बंगाल की खाड़ी |
| (iii) तूफान कैटरीना | → | अटलांटिक महासागर |
| (iv) तूफान इंग्रिड | → | मैक्सिको की खाड़ी |

## वायुमण्डल (Atmosphere)

- पृथ्वी के चारों तरफ फैले गैसों के आवरण को वायुमण्डल कहते हैं। वायुमण्डल में विभिन्न गैसों का संगठन निम्नलिखित रूप में है–

  नाइट्रोजन –78.08%
  ऑक्सीजन – 20.95%
  ऑर्गन – 0.93%
  कार्बन डॉईऑक्साइड – 0.003%
- इसके अलावा निऑन, हीलियम, क्रिप्टॉन, जेनॉन, हाइड्रोजन, मीथेन, ओजोन आदि गैसे भी है।
- तापमान भिन्नता के आधार पर वायुमण्डल को निम्न परतों में विभाजित किया जाता है-
  1. क्षोभमण्डल (Troposphere) – 8–18 किमी.
  2. समतापमण्डल (Stratosphere) – 18-50 किमी.
  3. मध्यमण्डल (Mesosphere) –50-80 किमी.
  4. आयनमण्डल (Ionosphere) – 80 किमी. से ऊपर
- क्षोभमण्डल पृथ्वी के वायुमण्डल का सबसे निचला हिस्सा है क्षोभमण्डल में ऊँचाई बढ़ने के साथ-साथ तापमान घटता जाता है। इस मण्डल को परिवर्तन मण्डल भी कहते हैं और समस्त मौसमी घटनाएँ (वर्षा, कोहरा) इसी मंडल में घटित होती है
- **समताप मण्डल–** क्षोभ सीमा से ऊपर 50 किमी. की ऊँचाई तक समताप मण्डल का विस्तार है। इस मण्डल के निचले भाग में 20 किमी. की ऊँचाई तक तापमान में कोई परिवर्तन नहीं होता है। अतः इसे समताप मण्डल कहा जाता है। इस मण्डल के 15 किमी. से 35 किमी. के बीच ओजोन परत पायी जाती है जो सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर लेती है। समताप मण्डल मौसमी घटनाओं से मुक्त होता है। अतः वायुयान चालकों के लिए यह एक उत्तम मण्डल होता है।

## रेगिस्तान/महासागर (Deserts/Oceans)

- अटलांटिक महासागर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह सागर दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, यूरोप से आर्कटिक सागर तक फैला हुआ है। अटलांटिक महासागर के पूर्व में एशिया, यूरोप और अफ्रीका महाद्वीप हैं तो इसके पश्चिम में उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप। इस प्रकार स्पष्ट है कि अटलांटिक महासागर उत्तरी अमेरिका को यूरोप से अलग करता
- रिंग ऑफ फायर प्रशांत महासागर से संबंधित है। यह प्रशांत महासागर के बाहरी सीमा पर स्थित ऐसा क्षेत्र है जहां अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी और भूकम्प रिकॉर्ड किए जाते हैं। पृथ्वी के 75% ज्वालामुखी इसी क्षेत्र में स्थित है व 90% भूकम्प इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं।
- आकार (सबसे बड़े से सबसे छोटे) के अनुसार महासागरों का सही क्रम निम्न है-

  प्रशांत महासागार > अटलांटिक महासागर > हिंद महासागर > अंटार्कटिक महासागर > आर्कटिक महासागर
- महासागरीय जल के ऊपर उठने तथा गिरने को ज्वार-भाटा कहते हैं। महासागरीय जल के ऊपर उठने की क्रिया को ज्वार तथा नीचे गिरने की क्रिया को भाटा कहा जाता है। यह प्रक्रिया सूर्य और चन्द्रमा की आकर्षण शक्तियों अर्थात् गुरुत्वाकर्षण बल के कारण महासागरों में घटित होती है। सूर्य की अपेक्षा चन्द्रमा पृथ्वी के अधिक नजदीक है, जिसके कारण चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल ज्वार उत्पन्न करने में सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल से अधिक होता है।

| क्रम | रेगिस्तान | विस्तार क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | कालाहारी | बोत्सवाना (मध्य अफ्रीका) |
| 2. | तकला मकान | सीक्यांग (चीन) |
| 3. | अटाकामा | उत्तरी चिली (दक्षिणी अमेरिका) |
| 4. | नामिब | द. अफ्रीका (नामीबिया) |
| 5. | काराकुम | तुर्कमेनिस्तान |
| 6. | ऑस्ट्रेलियन | ग्रेट सेन्डी,ग्रेट विक्टोरिया, सिम्पसन, गिब्सन तथा स्टुअर्ट रेगिस्तानी क्षेत्र इसमें सम्मिलित हैं। |
| 7. | काजिलकुम | उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान |
| 8. | अरेबियन | सऊदी अरब, यमन, सीरिया, रूबअलखाली क्षेत्र एवं नाफुद क्षेत्र के रेगिस्तान सम्मिलित हैं। |
| 9. | सहारा रेगिस्तान (11 देशों की सीमा रेखा को छूता है।) | अल्जीरिया, चाड, लीबिया, माली मारितानिया, नाइजर, सूडान ट्यूनीशिया, मिस्र और मोरक्को। |
| 10. | दस्ते-ए-लुट | पूर्वी ईरान |
| 11. | मोजावे | दक्षिणी कैलीफोर्निया (सं. रा. अमेरिका) |
| 12. | सोमाली | सोमालिया (अफ्रीका) |

- दस्त-ए-काविर एवं दस्त-ए-लुत दोनों मरुस्थल ईरान में अवस्थित हैं।

## महासागरीय गर्त

| गर्त का नाम | गहराई | स्थिति |
|---|---|---|
| सुण्डा गर्त | 7,450 | पूर्वी हिन्द महासागर |
| पोर्टोरिको गर्त | 9,219 | अटलांटिक महासागर |
| टोंगा गर्त | 10,882 | मध्य द. प्रशान्त महासागर |
| मेरियाना ट्रेंच गर्त | 11,022 | उ. प्रशान्त महासागर |

- प्रशांत महासागर में फिलीपीन्स के पास स्थित मेरियाना गर्त विश्व का सबसे गहरा गर्त (11,022 मीटर) है।

## चैनल/स्ट्रेट

| विभाजित स्थल खण्ड | चैनल/खाड़ी/स्ट्रेट |
|---|---|
| • मालद्वीव व मिनीकाय के मध्य | $8^0$ चैनल |
| • लक्षद्वीव (कावारत्ती) व मिनीकाय के मध्य | $9^0$ चैनल |
| • छोटा अंडमान व कार निकोबार के मध्य | $10^0$ चैनल |
| • दक्षिणी अंडमान व लघु अंडमान के मध्य | डंकन पास |
| • कोको द्वीप (म्यान्मार) व उत्तरी अंडमान के मध्य | कोको स्ट्रेट |
| • सुमात्रा (इण्डोनेशिया) व निकोबार के मध्य | ग्रैण्ड चैनल |
| • तमिलनाडु व श्रीलंका के मध्य | पाक स्ट्रेट |
| • द. पू. तमिलनाडु व श्रीलंका के मध्य | मन्नार की खाड़ी |

## जलसंधियाँ/जलडमरुमध्य

| जलडमरुमध्य | स्थलाकृतियाँ |
|---|---|
| पाक | भारत और श्रीलंका |
| मलक्का | मलय प्रायदीप और इंडोनेशिया का सुमात्रा द्वीप |
| पनामा | उत्तरी अमेरिका और दक्षिणी अमेरिका |
| जिब्राल्टर | अफ्रीका (मोरक्को) और यूरोप (स्पेन) |

## नदियाँ/झील/नहर (Rivers/Lakes/ Canal)

- टिटिकाका झील विश्व की सबसे ऊँची नौगम्य झील है। यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। यह झील बोलीविया और पेरू के बीच की सीमा पर स्थित है।
- नील नदी विश्व की सबसे लंबी नदी है। यह भूमध्य रेखा के दक्षिण से निकलकर उत्तरी पूर्वी अफ्रीका से होकर भूमध्य सागर में गिरती है। इसकी लम्बाई 6,695 किमी. है।
- कैस्पियन सागर एक झील है इसके वृहद आकार के कारण इसे सागर की संज्ञा दी जाती है।
- बैकाल झील रूस के दक्षिण भाग में स्थित है। बैकाल विश्व की सबसे अधिक गहरी व प्राचीन झील है।
- सबसे लम्बी नदी अमेजन (अपवाह क्षेत्र व जल आयतन की दृष्टि से) दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग में प्रवाहित होती है।
- डेन्यूब नदी यूरोप में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदियों में से एक है। यह दक्षिण-पश्चिम जर्मनी के ब्लैक फारेस्ट पर्वतीय क्षेत्र से निकल कर लगभग 1725 मील लंबा भाग तय करती हुई काला सागर में गिरती है। डेन्यूब यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी नदी है यह यूरोप के 10 देशों (जर्मनी, ऑस्ट्रिया स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन एवं माल्डोवा) से होकर बहती है।

## प्रमुख नदियाँ

| नाम | उद्गम स्थान | गिरने का स्थान |
|---|---|---|
| कोलोरेडो | ग्रैंड कण्ट्री | कैलीफोर्निया की खाड़ी |
| नाइजर | फूटा जलान पठार | गिनी की खाड़ी |
| मीकांग | तिब्बत के पठार | दक्षिणी चीन सागर |
| वोल्गा | ब्लडाई पठार (रूस) | कैस्पियन सागर |
| यांग्सीक्यांग | तिब्बत का पठार | चीन सागर |
| ह्वांगहो | क्युनलुन पर्वत | पीला सागर |
| कांगो | टांगानिका व मलावी झील | अटलांटिक महासागर |
| डेन्यूब | ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी) | काला सागर |
| नील | विक्टोरिया झील (बुंरूडी) | भूमध्य सागर |
| अमेजन | लैगो विलफेरो (द. अमेरिका) | अटलांटिक महासागर |
| मिसीसिपी-मिसौरी | रेड रॉक स्रोत (उ. अमेरिका) | मैक्सिको की खाड़ी |

- आस्वान बांध व नासिर झील नील नदी पर हैं एवं हूबर बाँध कोलोरेडो नदी पर है।
- मिसीसिपी- मिसौरी नदी विश्व का सबसे बड़ा नदी-तंत्र बनाती है। यह नदी पक्षी-पाद डेल्टा बनाती हैं। परित्यक्त डेल्टा का उदाहरण ह्वांगहो नदी द्वारा प्रस्तुत किया जाता हैं।
- विक्टोरिया जलप्रपात व करीबा बाँध जाम्बेजी नदी पर है।
- कांगो या जायरे नदी विषुवत रेखा को दो बार काटती है।
- लिम्पोपो नदी (द. अफ्रीका) मकर रेखा को दो बार काटती है।
- आमूर नदी चीन व रूस के मध्य सीमा बनाती है।
- ब्रह्मपुत्र नदी में स्थित माजुली द्वीप दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है। यहाँ मिशिंग, सोनोवाल कछारी तथा देवरी जनजातियाँ रहती हैं।
- विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नदी द्वीप मराजो द्वीप है जो अमेजन नदी पर ब्राजील में स्थित है।

| नाम | स्थिति | जोड़ती है |
|---|---|---|
| स्वेज नहर | मिस्र | लाल सागर एवं भूमध्य सागर |
| कील नहर | जर्मनी | उत्तरी सागर और बाल्टिक सागर |
| पनामा नहर | पनामा | कैरेबियन सागर (अटलांटिक महासागर) और प्रशान्त महासागर |
| कोरिथ नहर | ग्रीस (यूनान) | सरोनिक खाड़ी और कुरिन्थ की खाड़ी |

- वोल्गा नदी यूरोप की सबसे लम्बी नदी है। यह कैस्पियन सागर में गिरती है। वोल्गा नदी यूरोप तथा यूरोपीय रूस की सबसे लम्बी नदी तथा रूस का महत्वपूर्ण जलमार्ग है।
- ह्वांग हो (Hwang Ho), जिसे पीली नदी भी कहा जाता है यह चीन में बहती है। यह नदी अपने बेसिन के रूप में 'चीनी सभ्यता का उद्गम स्थल' कही जाती है। इसे 'चीन का शोक' भी कहा जाता है।

## वन/घास के मैदान (Forest/Grass Lands)

- अमेजन वर्षावन विशाल उष्णकटिबंधीय वर्षावन है, जो दक्षिण अमेरिका में अमेजन नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन में मौजूद है। यह 6,000,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है।
- टैगा जलवायु के प्रदेश उत्तरी गोलार्द्ध में 50°-65° अक्षांशों के मध्य पाए जाते हैं। इन प्रदेशों का विस्तार उत्तरी अमेरिका में मध्य कनाडा, यूरोप में स्वीडन, दक्षिणी फिनलैण्ड, पोलैण्ड तथा पश्चिमी रूस में है। टैगा वनों के प्रमुख वृक्ष चीड़, स्प्रूस, फर, बर्च, सिलवर आदि हैं।
- उष्ण कटिबंधीय सदाहरित वनों में सूर्य को रोशनी की पहुँच (उपस्थिति) के आधार पर इन वनों को उर्ध्वरूप (ऊँचाई के हिसाब) से पाँच स्तर (लेयर) में विभाजित किया गया-
  **(1) क्राउन (अकस्मिक परत)-** इस स्तर की ऊँचाई 125-200 फीट तक होती है, इसमें सदाबहार वनों के सबसे लम्बे वृक्ष पाये जाते है।
  **(2) कैनोपी (चंदवा) परत-** यह परत 100 से 125 फीट के बीच पायी जाती है। ट्रोपिकल वनों में सर्वाधिक जैवविविधता इसी परत में पायी जाती है।
  **(3) अण्डरस्टोरी परत-** इनकी ऊँचाई 50 से 100 फीट तक होती है परंतु वनस्पतियों की सर्वाधिक सघनता 50-75 फीट के बीच होती हैं चौड़ी पत्ती वाले वनस्पतियों की यहाँ प्रचुरता होती है।
  **(4) स्लैब परत-** इनकी ऊँचाई 0-25 फीट तक होती है। यहाँ सूर्य की रौशनी नहीं पहुँचती। यहाँ प्रकाश-विहीन दलदली झाड़ियां कहीं-कहीं पर उग आती हैं।
  **(5) फॉरेस्ट फ्लोर परत-** यहाँ कभी सूर्य की रोशनी नहीं पहुँचती इसलिए यहाँ किसी प्रकार की वनस्पति नहीं पाई जाती है। कहीं-कहीं भूमि दलदली रूप में होती है।

| **घास भूमि** | | **देश** |
|---|---|---|
| डाउन्स | – | आस्ट्रेलिया |
| प्रेयरी | – | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| पम्पास | – | अर्जेंटीना |
| वेल्ड | – | दक्षिण अफ्रीका |
| स्टेपीज | – | यूरोप |
| लानोज | – | वेनेजुएला एवं कोलम्बिया |
| सवाना | – | सूडान (अफ्रीका) |
| स्टेपी | – | यूरेशिया |

## परिवहन

| प्रमुख रेलमार्ग | जुड़ने वाले स्टेशन |
|---|---|
| **ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग** | – सेंट पीट्सबर्ग एवं ब्लाडीवोस्टक |
| **ट्रांस ऑस्ट्रेलियन रेलमार्ग** | – सिडनी एवं पर्थ |
| **केप काहिरा रेलमार्ग** | – काहिरा एवं केपटाऊन |
| **कनाडियन नेशनल रेलमार्ग** | – हेलीफैक्स एवं प्रिंस रोपर्ट |
| **मध्य ट्रांस महाद्वीपीय रेलमार्ग** | – सैन फ्रांसिस्को एवं न्यूयॉर्क |
| **दक्षिणी ट्रांस महाद्वीपीय रेलमार्ग** | – लॉस एंजिल्स एवं न्यूयॉर्क |

- जकार्ता (इण्डोनेशिया), मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) तथा चेन्नई (भारत) हिन्द महासागर में अवस्थित बन्दरगाह शहर हैं;
- 

| **बन्दरगाह** | **स्थित** |
|---|---|
| योकोहामा (जापान) | प्रशान्त महासागर |
| रियो डि जेनेरो (ब्राजील) | अटलांटिक महासागर |
| शंघाई (चीन) | प्रशांत महासागर |
| सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) | प्रशान्त महासागर |

- ट्रांस-साइबेरियाई रेलमार्ग विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग है जो रूस की राजधानी मास्को से लेनिनग्राड होते हुए व्लादिवोस्तोक शहर (रूस) को जोड़ती है। यह लगभग 9,289 किमी. लम्बी है, इसका निर्माण 1891 से 1916 में हुआ था। एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में कुल 8 दिन का समय लगता है।
- गोथार्ड बेस सुरंग, स्विट्जरलैण्ड में स्थित है। यह सुरंग 1 जून 2016 से खोली गई है। यह सुरंग विश्व की सबसे लम्बी और सबसे गहरी रेल सुरंग बन गयी है, इस सुरंग की कुल लम्बाई 57.09 किमी. है।

## खनिज संसाधन (Mineral Resources)

| खनिज | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| सोना | चीन | आस्ट्रेलिया | यु. एस. ए. |
| चाँदी | मैक्सिको | पेरू | चीन |
| कोयला | चीन | यू. एस. ए. | भारत |
| बॉक्साइट | आस्ट्रेलिया | ब्राजील | चीन |
| जस्ता | चीन | आस्ट्रेलिया | पेरू |
| प्राकृतिक गैस | रूस | यू. एस. ए. | कनाडा |
| लोहा | चीन | आस्ट्रेलिया | ब्राजील |
| यूरेनियम | कजाकिस्तान | कनाडा | आस्ट्रेलिया |
| खनिज तेल | रूस | सऊदी अरब | यू. एस. ए. |
| ताँबा | चिली | पेरू | चीन |
| मैंगनीज | चीन | द. अफ्रीका | आस्ट्रेलिया |
| * उत्पादन वर्ष - 2021 | | | |

- ऑस्ट्रेलिया दुनिया का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक देश है। बॉक्साइट उत्पादन में चीन का विश्व में दूसरा स्थान है। बॉक्साइट एल्युमिनियम का एक अयस्क है।
- अनुमानतः संपूर्ण विश्व में कुल कोयला भण्डार का 22.6% अमेरिका में है जो विश्व का सबसे बड़ा कोयला भण्डार है।

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**ब्रह्माण्ड (Universe)**

**1. निम्नलिखित में कौन-सा तारा सूर्य के निकटस्थ है**

(a) देनेक (b) सिरियस
(c) बेटेलग्यूस (d) प्रॉक्सिमा सेंचुरी

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** प्रॉक्सिमा सेंचुरी सूर्य के सबसे पास (नजदीक) का तारा है। यह सूर्य के बाद पृथ्वी का दूसरा निकटतम तारा है। तारों का निर्माण गैलेक्सी में उपस्थित हाइड्रोजन एवं हीलियम की संघटक निहारिकाओं (Nabulae) से होता है।

**2. निम्नलिखित में से सर्वाधिक बड़ा मान्यता प्राप्त तारामण्डल है :**

(a) हाइड्रा (b) डोरडो
(c) अन्तीला (d) क्रूक्स

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** हाइड्रा सर्वाधिक बड़ा मान्यता प्राप्त तारामण्डल है। तारामण्डल तारों का एक ऐसा समूह है जो एक विशेष आकार बनाता है और इसे इसके आकार के अनुसार नामित किया जाता है। आधिकारिक तौर पर अब तक मान्यता प्राप्त 88 तारामण्डल हैं।

**3. निम्नलिखित में कौन-सी एक संकल्पना/ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की व्याख्या करता है?**

(a) निहारिका (नेबुलर) संकल्पना (b) बाइनरी सिद्धांत
(c) बिग-बैंग सिद्धांत (d) प्लेनेटेसिमल सिद्धांत

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** बिग-बैंग सिद्धांत ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की व्याख्या करता है। इसका प्रतिपादन बेल्जियम के खगोलज्ञ एवं पादरी जार्ज लैमेन्टेयर ने किया था। बाद में राबर्ट बेगनेर ने इस सिद्धान्त की व्याख्या की। महाविस्फोट के अनुसार, वे सभी पदार्थ जिनसे ब्रह्माण्ड बना है, अति छोटे गोलक के रूप में एक ही स्थान पर स्थित थे, जिनका आयतन अत्यधिक सूक्ष्म एवं तापमान तथा घनत्व अनंत था। अत्यधिक संकेन्द्रण के कारण इस पिण्ड का आकस्मिक विस्फोट हुआ। इसे ही बिग-बैंग कहा गया।

**4. हमारा सौरमण्डल किस आकाश गंगा का भाग है?**

(a) एंड्रोमेडा (b) ट्राइएंगुलम
(c) मिल्की वे (d) बोड्स

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** हमारा सौरमण्डल 'मिल्की वे' आकाश गंगा का भाग है। यह एक बड़ी सर्पिलाकार आकाश गंगा है। यह अरबों सितारो की एक हल्की चमकदार रोशनी के रूप में दिखाई देता है इसलिए इसे मिल्की वे कहा जाता है। ये तारे इतने दूर है कि उन्हें केवल तारों के समूह में देखा जा सकता है अलग से नहीं।

**5. निम्नलिखित नगरों में से किस नगर में वर्ष के किसी भी समय रात के आकाश में किसी प्रेक्षक को ध्रुवतारा नहीं दिखाई देगा?**

(a) दिल्ली (b) मैक्सिको नगर
(c) ब्राजीलिया (d) मास्को

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam-28/09/2014**

**Ans. (c)** ब्राजीलिया (ब्राजील) दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है इसलिए इन नगर में वर्ष के किसी भी समय रात को आकाश में किसी प्रेक्षक को ध्रुवतारा नहीं दिखाई पड़ेगा। ध्रुवतारा एक निश्चित तारा है तथा पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमा के बावजूद पृथ्वी का उत्तरी अक्ष सदैव इसकी ओर रहता है। अतः पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्द्ध में ध्रुव तारा को नही देखा जा सकता है।

## सौरमण्डल (Solar System)

**6. सौर-मण्डल ________ गैलेक्सी का भाग है।**

(a) सॉम्ब्रेरो (b) आकाश गंगा
(c) भंवर (d) एन्ड्रोमेडा

**Allahabad High Court (CA) 21/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सौर-परिवार 'आकाशगंगा' गैलेक्सी का भाग है। सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह तथा कुछ अन्य खगोलीय पिण्ड, जैसे क्षुद्र ग्रह एवं उल्कापिण्ड मिलकर सौरमण्डल का निर्माण करते हैं। इन्हें संयुक्त रूप से हम सौर परिवार का नाम देतें हैं, जिसका मुखिया सूर्य है।
मिल्की-वे (आकाशगंगा) एक सर्पिल अवरूद्ध आकाशगंगा है। जिसमें अरबों तारे, ग्रह तथा अन्य खगोलीय पिण्ड भी शामिल हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा सूर्य से उनकी दूरी के बढ़ते हुए क्रम में ग्रहों का प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) बुध, पृथ्वी, बृहस्पति (b) यूरेनस, मंगल, शनि
(c) शुक्र, शनि, बृहस्पति (d) इनमें से कोई नहीं

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (a)** सूर्य से उनकी दूरी के बढ़ते हुए क्रम में ग्रहों की स्थिति- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण तथा वरुण है। आकार के अनुसार ग्रहों का क्रम-
बृहस्पति (सबसे बड़ा), शनि, अरुण, वरुण, पृथ्वी, शुक्र, मंगल तथा बुध है।

**8. सूर्य ग्रहण होता है, जब**

(a) सूर्य, चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच आ जाता है
(b) चन्द्रमा, पृथ्वी के साथ समकोण बनाता है
(c) पृथ्वी, सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच आ जाती है
(d) चन्द्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी के बीच आ जाता है

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 27/09/2014**

**Ans. (d)** जब चन्द्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी के बीच आ जाता है जिसके कारण पृथ्वी पर सूर्य का प्रकाश न पड़कर चन्द्रमा की छांया पड़ती है तब उस घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। यह घटना सर्वदा अमावस्या के दिन होती है।

**9. सौर ज्वालाएँ क्या हैं?**

(a) सूर्य की सतह से निकाली हाइड्रोजन गैस
(b) सूर्य से किरीट (कोरोना) से निकला प्लाज्मा
(c) सूर्य के केन्द्र से निकला प्लाज्मा
(d) क्रोड से निकले न्यूट्रिनो

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** सूर्य के किरीट (कोरोना) से निकला प्लाज्मा सौर ज्वालाएँ कहलाती है।

**10. सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य, चन्द्रमा तथा पृथ्वी की सापेक्षिक स्थिति क्या होती है?**

(a) पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा के मध्य होती है
(b) चन्द्रमा सूर्य तथा पृथ्वी के मध्य होता है
(c) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा एक सीधी रेखा में नहीं होता है
(d) सूर्य पृथ्वी तथा चन्द्रमा के मध्य होता है

**Allahabad High Court (RO/ARO) 06/02/2011**

**Ans. (b)** जब सूर्य तथा पृथ्वी के मध्य चन्द्रमा आ जाता है, तो चन्द्रमा की छाया पृथ्वी पर पड़ने लगती है तथा इस छायांकित भाग से सूर्य नहीं दिखता अर्थात दिन में कुछ समय के लिए अंधेरा छा जाता है तथा तारे दिखने लगते है ऐसी स्थिति को सूर्यग्रहण कहते है। सूर्य ग्रहण के समय चन्द्रमा, सूर्य तथा पृथ्वी के एक ही दिशा में होते है। इस कारण इस स्थिति को युति या संयुक्त सिजगी (conjunction Syzygy) के नाम से जाना जाता है। इस समय सूर्य तथा चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल एक ही दिशा में कार्य करता है इसी कारण सूर्य ग्रहण के समय पृथ्वी पर सर्वाधिक दीर्घ ज्वार आता है।

**11. सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह है?**

(a) शुक्र (b) बृहस्पति
(c) बुध (d) नेपच्यून

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह बुध है। यह सूर्य का सबसे नजदीकी ग्रह है, जो सूर्य निकलने के दो घण्टा पहले दिखाई देता है। बुध सबसे छोटा व सबसे हल्का ग्रह है। इसके पास अपना कोई उपग्रह नहीं है।

**12. सौर मण्डल में सूर्य के सबसे निकट कौन सा ग्रह है?**

(a) बृहस्पति (b) बुध
(c) शुक्र (d) मंगल

**Allahabad High Court (RGC) Exam 28/09/2014**

**Ans. (b)** सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रहों का क्रम –बुध (Mercury), शुक्र (Venus), पृथ्वी (Earth), मंगल (Mars), बृहस्पति (Jupiter), शनि (Saturn), अरुण तथा वरुण (सबसे दूर)। अतः उपर्युक्त व्याख्या से विदित है कि सौर मण्डल में सूर्य के सबसे निकट बुध (Mercury) ग्रह है।

**13. किस ग्रह को 'लाल ग्रह' का जाता है?**

(a) पृथ्वी (b) बुध
(c) मंगल (d) बृहस्पति

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/12/2016**

**Ans. (c)** मंगल ग्रह को लाल ग्रह की संज्ञा दी जाती है क्योंकि इसका रंग आयरन ऑक्साइड के कारण लाल है। ज्ञातव्य है कि सौर मण्डल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलम्पस मोन्स एवं सौर मण्डल का सबसे ऊँचा पर्वत निक्स ओलम्पिया जो कि माउंट एवरेस्ट से तीन गुना अधिक ऊँचा है, इसी ग्रह पर स्थित है। मंगल के दो उपग्रह है जिसका नाम फोबोस तथा डीमोस है।

**14. सूर्य से चौथा ग्रह कौन-सा है?**

(a) बुध (b) पृथ्वी
(c) बृहस्पति (d) मंगल

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 12/11/2017**

**Ans. (d)** सौरमंडल में मंगल सूर्य से चौथा ग्रह है। मंगल ग्रह को लाल ग्रह के नाम से भी जाना जाता है। पृथ्वी की तरह, मंगल भी एक स्थलीय धरातल वाला ग्रह है।

**15. हमारे सौरमंडल में सबसे बड़ा ग्रह निम्नलिखित में से कौन सा है?**

(a) शनि (b) नेप्च्युन
(c) पृथ्वी (d) बृहस्पति

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/01/2019**

**Ans. (d)** हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति है। बृहस्पति सूर्य की परिक्रमा लगभग 12 वर्ष में पूरी करता है। बृहस्पति बाह्य ग्रह के अन्तर्गत आता है। इसका सबसे बड़ा उपग्रह गैनीमीड है जिसका रंग पीला है।

## अक्षांश एवं देशान्तर (Latitude and Longitude)

**16. भारत के मानक समय के रूप में $82^0 30'$ पूर्व देशांतर रेखा को माना जाता है जो उत्तर प्रदेश में ............... से होकर गुजरती है।**

(a) गाजीपुर (b) मिर्जापुर
(c) गोरखपुर (d) लखनऊ

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (b)** मानक समय किसी देश के मध्य से गुजरने वाली यम्योत्तर का माध्य होता है। उदाहरण के लिए भारत के मानक समय के रूप में $82\frac{1}{2}^0$ पूर्व देशान्तर रेखा को माना गया है। यह रेखा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से होकर गुजरती है। हालांकि उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (नैनी) को भी माना जाता है लेकिन सही उत्तर मिर्जापुर है।

## ज्वालामुखी (Volcano)

**17. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी अंडमान एवं निकोबार के ............ द्वीप में स्थित है।**

(a) हैवलॉक (b) नील
(c) बैरेन (d) कच्छल

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी अंडमान एवं निकोबार के बैरन द्वीप में स्थित है। बैरन द्वीप को पहले मृत ज्वालामुखी माना जाता था, किन्तु 20वीं शताब्दी के अन्त में यह सक्रिय हो गया। करीब 180 साल शान्त रहने के बाद इसमें विस्फोट हुए थे। ये विस्फोट 1991, 1994–95 और 2005 में हुए थे। इस विस्फोट के दौरान इसमें से 2006 से लगातार लावा निकल रहा है।

## भू-आकृतियाँ (Landforms)

**18. किसी हिमनद का निक्षेपीय अभिलक्षण है :**

(a) हिमोद (b) खड़ी चट्टान
(c) जलोद मैदान (d) समुद्र तट

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (a) :** हिमोद (मोरेन) हिमनद का निक्षेपीय अभिलक्षण है। हिमनद अपने साथ बारीक कणों वाले पदार्थों के साथ-साथ बड़े-बड़े शीला खण्डों का परिवहन करता है। ढाल कम होने पर जब इन पदार्थों का निक्षेप हो जाता है और परिवहन नही हो पाता तो इस निक्षेपकों को हिमोढ़ कहते हैं।

## वायुमण्डल (Atmosphere)

**19. पृथ्वी की सतह पर ठंडी वायु के एक परत के ऊपर उष्ण वायु की एक परत हो सकती है, यह .................. कहलाता है।**

(a) पूर्णोष्मा (b) तापीय रूपांतरण
(c) तापीय प्रतिलोमता (d) उपर्युक्त सभी

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (c) :** सामान्य परिस्थितियों में क्षोभमंडल में सतह से ऊपर की ओर जाने पर तापमान में कमी आती है जो 5° सेंटीग्रेड प्रति किलोमीटर होती है। परन्तु जब विशेष परिस्थितियों में कालिक एवं स्थानीय रूप से क्षोभमंडल में ऊपर की ओर जाने पर तापमान में कमी के स्थान पर वृद्धि होती है तो इस स्थिति को तापमान व्युत्क्रमण/प्रतिलोमन कहते हैं। इस क्रिया के फलस्वरूप नीचे की वायु परत अपेक्षाकृत ठंडी तथा इसके ऊपर गर्म वायु की परत स्थापित हो जाती है। तापीय व्युत्क्रमण के कारण वायुमंडल में स्थिरता आ जाती है।

**20. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) मेसोस्फेयर | I. (85-105) किमी. तक |
| (B) स्ट्रैटोस्फेयर | II. (10-45) किमी. तक |
| (C) थर्मोस्फेयर | III. 10 km./किमी. तक |
| (D) ट्रोपोस्फेयर | IV. (45-85) किमी. तक |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

(a) A-IV, B-II,C-I, D-III
(b) A-I, B-IV,C-II, D-III
(c) A-III, B-II,C-I, D-IV
(d) A-II, B-I,C-III, D-IV

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (a) :** सही सुमेलित है-

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| मेसोस्फेयर (मध्य मंडल) | - | (45 – 85) कि.मी. |
| स्ट्रेटोस्फेयर (समताप मंडल) | - | (10 – 45) कि.मी. |
| थर्मोस्फेयर (ताप मंडल) | - | (85 – 105 ) कि.मी. |
| ट्रोपोस्फेयर (क्षोभ मंडल | - | 10 कि.मी. तक |

**21. हमारे वायुमंडल में निम्नलिखित में से कौन सी गैस सूर्य की हानिकारक यू.वी. किरणों को अवशोषित करती है?**

(a) मीथेन (b) ओजोन
(c) हीलियम (d) निऑन

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (b)** ओजोन ($O_3$) गैस सूर्य की हानिकारक UV किरणों (पराबैगनी किरणों) को अवशोषित करती है। पृथ्वी के वायुमण्डल के समताप मण्डल में ओजोन गैस की एक परत पायी जाती है। यह परत सामान्यतः धरातल से 15 किमी. से 50 किमी की ऊँचाई के बीच पायी जाती है। ओजोन ऑक्सीजन के 3 परमाणुओं से मिलकर बनी है। यह अण्विक ऑक्सीजन $O_2$ के साथ सौर पराबैंगनी (UV) विकिरण के अन्तः क्रियाओं के माध्यम से बनती है। ओजोन परत में छिद्र की पुष्टि 1985 में निम्बस-7 उपग्रह ने की थी। ओजोन परत में छिद्र करने में CFC गैसों की प्रमुख भूमिका है।

## शुष्क प्रदेश एवं मरुस्थल (Dry Region and Desert)

**22. किस पशु को ''रेगिस्तान का जहाज़'' कहा जाता है?**

(a) हाथी (b) हिरण
(c) ऊँट (d) गेंडा

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 2017**

**Ans. (c)** ऊँटों को मुख्य रूप से उनकी शारीरिक बनावट के कारण रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है। इनमें गद्दीदार पैर रेगिस्तानी रेत की परिस्थितियों के अनुकूल है जो उन्हें गर्म रेत में चलने में मदद करते हैं। यह रेतीले मैदानों में कई दिनों तक बिना पानी पिये रह सकते है।

## विश्व के प्रमुख देश/राजधानियाँ/मुद्राएँ (Major Country/Capitals/Currencies of the World)

**23. चीन की मुद्रा क्या है?**

(a) दीनार (b) युआन रॅन्मिन्बी
(c) डॉलर (d) पौंड

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (b)**

| देश | मुद्रा |
|---|---|
| चीन | युआन रॅन्मिन्बी |
| ट्यूनीशिया | दीनार |
| यू.एस.ए. | डॉलर |
| आयरलैण्ड | पौंड |

**24. ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है?**

(a) ऑस्ट्रेलियन डॉलर (b) ऑस्ट्रेलियन यूरो
(c) ऑस्ट्रेलियन पौंड (d) ऑस्ट्रेलियन रेनमिनबी

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (a)**

| देश | – | मुद्रा |
|---|---|---|
| आस्ट्रेलिया | – | ऑस्टेलियन डॉलर |
| बेल्जियम | – | यूरो |
| लेबनान | – | पौंड |
| बांग्लादेश | – | टका |

**25. बगदाद किस देश की राजधानी है?**

(a) थाईलैंड (b) मंगोलिया
(c) इराक (d) सोमालिया

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (c)**

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| इराक | – | बगदाद |
| थाईलैण्ड | – | बैंकाक |
| मंगोलिया | – | उलानबटोर |
| सोमालिया | – | मोगादिशू |

**26. सैंटियागो .......... की राजधानी है।**

(a) काँगो (b) क्यूबा
(c) क्रोएशिया (d) चिली

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (d)**

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| काँगो | – | ब्राजिविले |
| क्यूबा | – | हवाना |
| क्रोएशिया | – | जाग्रेब |
| चिली | – | सैंटियागो |

**27. ........... नेपाल की राजधानी है।**

(a) थिम्पू (b) दार्जिलिंग
(c) काठमांडू (d) पोखरा

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/01/2019**

**Ans. (c)** नेपाल की राजधानी काठमांडू है। यह भारत का पड़ोसी देश है। इसकी सीमा भारत के उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम राज्यों से लगती है। वर्तमान में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री के.पी.शर्मा ओली तथा राष्ट्रपति रामचन्द्र पैडोल है।

**28. यू.एस.ए. की मुद्रा यू.एस. ...... है।**

(a) रेन (b) डॉलर
(c) रुपया (d) टका

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/01/2019**

**Ans. (b)** यू.एस.ए. की मुद्रा यू.एस. डॉलर है। इसको अन्य देशों जैसे आस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, जमैका, न्यूजीलैण्ड, सिंगापुर, ताइवान द्वारा मान्यता प्रदान किया गया है।

**29. श्रीलंका की मुद्रा निम्न में से कौन-सी है?**

(a) डॉलर (b) रुपया
(c) यूरो (d) दीनार

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-22/07/2017**
**Allahabad High Court Group 'D' Exam-22/07/2018**

**Ans. (b)** श्री लंका की मुद्रा रुपया है।

| मुद्रा | | संबंधित देश |
|---|---|---|
| डॉलर | – | अमेरिका, बरमूडा |
| रुपया | – | श्रीलंका, भारत |
| यूरो | – | आयरलैंड, इटली, फ्रांस, जर्मनी |
| दीनार | – | इराक, कुवैत |
| रियाल | – | सऊदी अरब, कतर, ओमान |

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अपनी मुद्रा के रूप में यूरो का उपयोग नहीं करता है?**

(a) ग्रीस (b) फिनलैंड
(c) एस्टोनिया (d) स्वीडन

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (d)**

| देश | मुद्रा |
|---|---|
| ग्रीस | यूरो |
| फिनलैंड | यूरो |
| एस्टोनिया | यूरो |
| स्वीडन | स्वीडिश क्रोनर |

**31. दिए गए विकल्पों में से ऑस्ट्रेलिया की राजधानी को पहचानें।**

(a) सिडना (b) कैनबरा
(c) पथ (d) मेलबर्न

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/12/2016**

**Ans. (b)** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है। ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नगर सिडनी है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य शहरों में सिडनी, मेलबर्न, बिस्ब्रेन, पर्थ व एडिलेड है। मेलबर्न में विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट का मैदान है।

**32. ओटावा किस देश की राजधानी है?**

(a) ग्रीनलैण्ड (b) कनाडा
(c) फिजी (d) साइबेरिया

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 27/09/2014**

**Ans. (b)** ओटावा कनाडा देश की राजधानी है। यह नगर कनाडा में ओण्टेरियो प्रान्त के कार्लटन प्रदेश में ओटावा नदी के दाहिने किनारे पर शोडयेर जलप्रपात के पास स्थित है।

## अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा (International Border line)

**33. निम्नलिखित में से कौन-सा देश डूरण्ड रेखा द्वारा विभाजित है?**

(a) भारत और पाकिस्तान
(b) भारत और अफ़गानिस्तान
(c) चीन और पाकिस्तान
(d) पाकिस्तान और अफगानिस्तान

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (d)**

| रेखा | देश |
|---|---|
| डूरण्ड रेखा | पाकिस्तान और अफगानिस्तान |
| रेडक्लिफ रेखा | भारत और पाकिस्तान |
| मैकमोहन रेखा | भारत और चीन |
| 38वीं समान्तर रेखा | उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया |

## विश्व की नदियाँ/नदियों के किनारे स्थित महत्वपूर्ण नगर (World's Rivers/Important Cities Situated on the Bank of Rivers)

**34. किस शहर को 'सिटी ऑफ सेवन हिल्स' कहा जाता है?**

(a) शिमला (b) रोम
(c) वेनिस (d) ऊटी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 2017**
**Allahabad High Court Group 'D' Exam-22/07/2018**

**Ans. (b)** इटली देश की राजधानी शहर रोम को 'सिटी ऑफ सेवन हिल्स' कहा जाता है जबकि श्रीलंका को 'पूर्व का मोती' के नाम से भी जाना जाता है।

## खनिज एवं उद्योग (Minerals and Industries)

**35. निम्नलिखित में से कौन सा बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश है?**

(a) चीन (b) भारत
(c) अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (d)** बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश ऑस्ट्रेलिया है। बॉक्साइट एल्युमिनियम का प्रमुख अयस्क है। इसके उत्पादन में ऑस्ट्रेलिया और गिनी गणराज्य के बाद चीन का तीसरा स्थान है। ओडिशा (गंधमर्दन हील्स), झारखण्ड (कोडरमा, हजारी बाग), बिहार (गया, मुंगेर), राजस्थान (अजमेर, शाहपुर), महाराष्ट्र (नागपुर, रत्नागिरी), आन्ध्र प्रदेश (नेल्लौर) आदि में इसके भंडार हैं। ओडिशा तथा आन्ध्र प्रदेश में देश का 79% बॉक्साइट का संचित भण्डार है। भारत में सर्वाधिक बॉक्साइट ओडिशा (लगभग 50%) से प्राप्त किया जाता है।

**36. ऐन्थ्रेसाइट क्या है?**

(a) गहरे रंग का, कायांतरित बलुआ पत्थर
(b) बलुआ पत्थर का एक नर्म स्वरूप
(c) कठोर और गहरे रंग का कोयला
(d) कायांतरित शैल

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (c)** ऐन्थ्रेसाइट एक कठोर और गहरे काले रंग का कोयला है। एन्थ्रेसाइट सबसे उच्च कोटि का कोयला है। इसमें कार्बन 85% से ज्यादा होता है। इसकी कठोरता 0.5 से 2.5 तक तथा आपेक्षिक घनत्व 9.3 से 7.84 तक होती है।

## परिवहन (Transport)

**37. निम्नलिखित में से किस नहर मार्ग के माध्यम से सर्वाधिक अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार हो रहा है?**

(a) पनामा नहर (b) स्वेज नहर
(c) इंग्लिश चैनल (d) कील नहर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** स्वेज नहर के माध्यम से सर्वाधिक अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार हो रहा है। नवम्बर 1869 में मिस्र में निर्मित यह नहर लाल सागर को भूमध्यसागर से जोड़ती है, जिससे यूरोप से एशिया के बीच लगभग 6000 मील की व्यापारिक दूरी कम हो जाती है। वर्तमान में कुल अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का लगभग 12% स्वेज नहर के माध्यम से होता है।

**38. व्यस्ततम समुद्री मार्ग जो बिग ट्रंक रूट नाम से भी जाना जाता है, कहां से होकर गुजरता है?**

(a) उत्तरी प्रशांत महासागर
(b) भूमध्य सागर-हिंद महासागर
(c) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(d) दक्षिणी अटलांटिक महासागर

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (c) :** व्यस्ततम समुद्री मार्ग जो ''बिग ट्रंक रूट'' के नाम से जान जाता है जो उत्तरी अटलांटिक महासागर से होकर गुजरता है। यह मार्ग दुनिया के विदेशी व्यापार का लगभग एक-चौथाई हिस्सा कवर करता है और इसे दुनिया का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग माना जाता है। बिग ट्रंक रूट उत्तरी-पूर्वी अमेरिका और उत्तरी-पश्चिमी यूरोप को जोड़ता है, इसका महत्व वैश्विक व्यापार में अत्यधिक है। इस मार्ग पर दोनों तरफ अच्छे बंदरगाह है। गर्म जल धाराओं की वजह से यहां के बंदरगाह साल भर खुले रहते हैं।

## मानचित्र रेखाएँ (Map Lines)

**39. निम्नलिखित में से कौन-सी मापनी विधि सार्वभौमिक विधि है?**

(a) रेखीय मापनी (b) मापनी कथन
(c) साधारण कथन (d) प्रतिनिधि भिन्न

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (d) :** प्रतिनिधि भिन्न या निरूपक भिन्न (Representative fractions) मापनी विधि सार्वभौमिक विधि है। यह मानचित्र पर दी गई दूरी तथा धरातल पर उन्हीं दूरियों के बीच के अनुपात को व्यक्त करती है। मापनी में व्यक्त इकाइयों के उपयोग ने इस विधि को सबसे उपयुक्त बना दिया है।

**40. मापनी में गणक किसका प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) दोनों दूरियां (b) प्रतिनिधि भिन्न
(c) भू दूरी (d) मानचित्र दूरी

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (d) :** मापनी में गणक मानचित्र दूरी का प्रतिनिधित्व करता है। मापनी, मानचित्र पर दिखाए गए संपूर्ण पृथ्वी या इसके किसी आंशिक भाग के साथ मानचित्र के संबंध को दर्शाता है। इस संबंध को मानचित्र पर किन्हीं स्थानों के बीच की दूरी एवं धरातल पर उन्हीं दो स्थानों के बीच की वास्तविक दूरी के अनुपात के रूप में भी व्यक्त कर सकते है।

## महासागर/जलडमरूमध्य (Oceans/ Straits)

**41. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए-**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | सुनामी | I. | एक निश्चित पथ से हो कर गुजरने वाली जल धारा |
| (B) | कैस्पियन सागर | II. | मजबूत भूकंपीय तरंगें |
| (C) | महासागरीय धारा | III. | जल का सार्वाधिक रूप से उठना और गिरना |
| (D) | ज्वार | IV. | वृहदतय झील |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

(a) A-III, B-II,C-IV, D-I
(b) A-I, B-II,C-IV, D-III
(c) A-II, B-III,C-I, D-IV
(d) A-II, B-IV,C-I, D-III

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है-

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| सुनामी | - | मजबूत भुकंपीय तरंगे |
| कैस्पियन सागर | - | वृहदतम झील |
| महासागरीय धारा | - | एक निश्चित पथ से हो कर गुजरने वाली जल धारा |
| ज्वार | - | जल का सावधिक रूप से उठना और गिरना |

## ऊर्जा संसाधन (Energy Resources)

**42. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | जल मंडल | I. | रेडियो तरंगे और एक्स-रे |
| B. | भू-पर्पटी मंडल | II. | मिट्टी और चट्टान |
| C. | रेडियेंट ऊर्जा | III. | भू-जल/सतह जल |
| D. | तापीय ऊर्जा | IV. | ऊष्मा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A-III, B-II, C-I, D-IV
(b) A-IV, B-III, C-II, D-I
(c) A-II, B-I, C-IV, D-III
(d) A-I, B-II, C-III, D-IV

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (a) :** सही सुमेलित है-

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A | जल मंडल | III | भू-जल/सतह जल |
| B | भू-पर्पटी ऊर्जा | II | मिट्टी और चट्टान |
| C | रेडियेंट ऊर्जा | I | रेडियो तरंगे और एक्स-रे |
| D | तापीय ऊर्जा | IV | ऊष्मा |

**43. निम्नलिखित में से कौन से देश में विश्व का सबसे बड़ा भू-तापीय विद्युत संयंत्र है?**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) कनाडा
(c) रूस (d) भारत

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (a)** भू-तापीय ऊर्जा (जिसे जियो थर्मल पॉवर कहते हैं, ग्रीक भाषा से आया है, जिसका अर्थ है पृथ्वी और थर्मोस अर्थात् ताप) वह ऊर्जा है जिसे पृथ्वी में संग्रहित ताप से निकाला जाता है। विश्व में भू-तापीय ऊर्जा संयंत्र का सबसे बड़ा समूह, द गीजर में स्थित है, जो कैलिफोर्निया, अमेरिका में एक भू-तापीय ऊर्जा क्षेत्र है।

# (B) भारत का भूगोल (Geography of India)

## भारत एक संक्षिप्त परिचय
## (A Brief Introduction of India)

- भारत उत्तरी गोलार्द्ध में 8º4'–37º6' उत्तरी अक्षांश और 68º7' – 97º25' पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है।
- भारत का क्षेत्रफल 32 लाख 87 हजार 263 वर्ग किमी है।
- क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत विश्व का 7वाँ सबसे बड़ा देश है। क्षेत्रफल के दृष्टि से भारत से बड़े छः देश हैं– रूस, कनाडा, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील एवं आस्ट्रेलिया।
- भारत का क्षेत्रफल सम्पूर्ण विश्व के क्षेत्रफल का 2.4% है। जबकि इसकी जनसंख्या सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या का 17.5% है। (जनगणना 2011 के अनुसार)
- भारत का उत्तर से दक्षिण में विस्तार 3,214 किमी. है व पूरब से पश्चिम में विस्तार 2,933 किमी. है।
- भारत की स्थल-सीमा की लम्बाई 15,200 किमी. है। इसके तटीय भाग की लम्बाई 7,516.6 किमी. है; परन्तु मुख्य भूमि के तटीय भाग की लम्बाई 6100 किमी. है।

## भारत के सीमावर्ती देश

| सीमावर्ती देश | सीमा की लम्बाई (km) | पड़ोसी देशों की सीमा से संबद्ध राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश |
|---|---|---|
| नेपाल | 1,751.0 | उ.प्र., बिहार, पं बंगाल, सिक्किम व उत्तराखंड। |
| म्यांमार | 1,643.0 | अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम व मणिपुर। |
| भूटान | 699.0 | सिक्किम, असम, पश्चिम बंगाल व अरुणाचल प्रदेश। |
| अफगानिस्तान | 106.0 | लद्दाख (पाक-अधिकृत)। |
| बांग्लादेश | 4,096.7 | असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल। |
| चीन | 3,488.0 | लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश। |
| पाकिस्तान | 3,323.0 | गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख। |

- भारत का सबसे दक्षिणी बिन्दु इन्दिरा प्वाइन्ट है। यह बृहत निकोबार द्वीप में स्थित है। यह भूमध्य रेखा से 876 किमी दूर है। भारत का सबसे उत्तरी बिन्दु इन्दिरा कॉल लद्दाख में है। पश्चिमी बिन्दु गुहार मोती (गुजरात) व पूर्वी बिंदु किबिथु (अरुणाचल प्रदेश) में है।
- भारत एवं चीन की सीमा को मैकमोहन रेखा कहते हैं। यह रेखा 1914 ई. में शिमला में निर्धारित की गयी थी।
- भारत और अफगानिस्तान के बीच डूरण्ड रेखा है, जो 1893 ई. में सर डूरण्ड द्वारा निर्धारित की गई थी।
- भारत एवं पाकिस्तान के बीच रेडक्लिफ रेखा है, जो 15 अगस्त, 1947 ई. को सर सी. जे. रेडक्लिफ के द्वारा निर्धारित की गई थी।
- भारत और नेपाल के मध्य काली नदी सीमा बनाती है।
- पटकोई की पहाड़ियाँ भारत को म्यांमार से अलग करती है।
- दक्षिण में श्रीलंका भारत से पाक जलसंधि तथा मन्नार की खाड़ी द्वारा अलग होता है, पाक जलडमरू मध्य में ही राम सेतु स्थित है।
- भारत का मानक समय इलाहाबाद के निकट नैनी से गुजरने वाली $82\frac{1^o}{2}$ पूर्वी देशान्तर रेखा को माना गया है, जो ग्रीनविच समय से $5\frac{1}{2}$ घंटा आगे है।
- कर्क रेखा लगभग भारत के मध्य से गुजरती है। यह आठ राज्यों से होकर जाती है। राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम।
- भारतीय राज्यों में गुजरात राज्य की तट रेखा सर्वाधिक लम्बी (1663 किमी.) है।
- नेपाल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले राज्य हैं–उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल,एवं सिक्किम।
- प. बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, एवं मिजोरम की सीमा बांग्लादेश से मिलती है।
- पाकिस्तानी सीमा से लगे भारतीय राज्य हैं–राजस्थान (1179 km), गुजरात (506 km) एवं पंजाब (425 km) तथा केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख हैं।
- सिक्किम की सीमा नेपाल, भूटान और चीन से मिलती है।
- तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा राज्य त्रिपुरा है। केवल उत्तर-पूर्व में यह असम और मिजोरम से जुड़ा है।

## भारत की जनसंख्या (Indian Population)

- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 1.21 बिलियन है, जिसमें पुरुषों की जनसंख्या 51.47% तथा महिलाओं की जनसंख्या 48.53% है।
- 2011 की जनगणना के अनुसार सिक्किम राज्य की जनसंख्या सबसे कम है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है।
- जनगणना 2011 के अनुसार (अंतिम आकड़ों) बिहार में (51.5%) महिला साक्षरता सबसे कम दर्ज की गई। भारत की महिला साक्षरता 65.46% है। सबसे अधिक महिला साक्षरता केरल राज्य (91.98%) में है।

| जनगणना, 2011 | |
|---|---|
| **कुल जनसंख्या (2011)** | 1,21,05,69,573 |
| पुरुष | 62,32,21,843 (51.47%) |
| महिला | 58,74,47,730 (48.53%) |
| **जनसंख्या वृद्धि दर (2001-11)** | 17.7% (18.18 करोड़ ) |
| पुरुष | 17.10 % |
| महिला | 18.30% |
| लिंगानुपात (2011) | 943/1000 |
| लिंगानुपात (0-6 आयु वर्ग) | 919 |

| | |
|---|---|
| **साक्षरता (2011)** | 74.04% |
| पुरुष | 82.14% |
| महिला | 65.46% |
| जनसंख्या घनत्व (2011) | 382 प्रति वर्ग किमी |
| सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले 3 राज्य | 1. राजस्थान<br>2 म.प्र.<br>3. महाराष्ट्र |
| न्यूनतम क्षेत्रफल वाले 3 राज्य | 1. गोवा<br>2. सिक्किम<br>3. त्रिपुरा |
| सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला केन्द्रशासित प्रदेश | अण्डमान निकोबार द्वीप समूह |
| न्यूनतम क्षेत्रफल वाला केन्द्रशासित प्रदेश | लक्षद्वीप |
| सर्वाधिक जनसंख्या वाले 3 राज्य | 1. उत्तर प्रदेश<br>2. महाराष्ट्र<br>3. बिहार |
| न्यूनतम जनसंख्या वाले 3 राज्य | 1. सिक्किम<br>2. मिजोरम<br>3. अरुणाचल प्रदेश |
| सर्वाधिक जनसंख्या वाले 3 केन्द्रशासित प्रदेश | 1. दिल्ली<br>2. पुडुचेरी<br>3. चण्डीगढ़ |
| सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाले 3 राज्य | 1. मेघालय (27.9%)<br>2. अरुणाचल प्रदेश (26%)<br>3. बिहार (25.4%) |
| न्यूनतम दशकीय वृद्धि दर वाले 3 राज्य | 1. नागालैण्ड (−0.6%)<br>2. केरल (4.9%)<br>3. गोवा (8.2%) |
| सर्वाधिक लिंगानुपात वाले 3 राज्य | 1. केरल (1084)<br>2. तमिलनाडु (996)<br>3. आन्ध्र प्रदेश (993) |
| न्यूनतम लिंगानुपात वाले 3 राज्य | 1. हरियाणा (879)<br>2. जम्मू कश्मीर (889)<br>3. सिक्किम (890) |
| सर्वाधिक लिंगानुपात वाला केन्द्रशासित प्रदेश | पुडुचेरी (1073) |
| न्यूनतम लिंगानुपात वाला केन्द्रशासित प्रदेश | दमन व दीव (618) |
| सर्वाधिक साक्षरता वाले 3 राज्य | 1. केरल (94.0%)<br>2. मिजोरम (91.30%)<br>3. गोवा (88.7%) |
| न्यूनतम साक्षरता वाले 3 राज्य | 1. बिहार (61.8%)<br>2. अरुणाचल प्रदेश (65.4%)<br>3. राजस्थान (66.1%) |
| सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले 3 राज्य | 1. बिहार (1106)<br>2. पं. बंगाल (1028)<br>3. केरल (860) |
| न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले 3 राज्य | 1. अरुणाचल प्रदेश (17)<br>2. मिजोरम (52)<br>3. सिक्किम (86) |
| सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले 3 केन्द्रशासित प्रदेश | 1. दिल्ली (11320)<br>2. चण्डीगढ़ (9258)<br>3. पुडुचेरी (2547) |

- 2011 की जनगणना (15वीं जनगणना) (स्वतंत्र भारत की 7वीं जनगणना) की शुरूआत महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के द्वारा 1 अप्रैल, 2010 से हुई। जनगणना 2011 का शुभंकर 'प्रगणक शिक्षिका' थी तथा इसका आदर्श वाक्य था- 'हमारी जनगणना हमारा भविष्य।'
- भारत में पहली बार जनगणना 1872 में ब्रिटिश शासन के दौरान की गई थी
- वर्तमान में भारत में लिंगानुपात 943/1000 है।

## खनिज संसाधन/उद्योग (Mineral Resources/ Industries)

- गुआ और नोआमुंडी खदानें भारत के झारखंड राज्य में स्थित हैं। नोआमुंडी हेमेटाइट लौह अयस्क के खनन के लिए प्रसिद्ध है।
- कोलार गोल्ड फील्ड्स भारत के कर्नाटक राज्य के कोलार जिला में स्थित है।
- झारखंड में कोयले के सबसे बड़ा भंडार है। कोयला देश में ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है, भारत में गोंडवाना काल की चट्टानों में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक कोयला प्राप्त होता **है।**
- भारत में तेल निम्नलिखित क्षेत्रों में पाया जाता हैः-
  **असम का तेल क्षेत्र–** डिगबोई क्षेत्र, सुरमा घाटी, नाहर-कटिया तेल क्षेत्र।
  **गुजरात का तेल क्षेत्र–** अंकलेश्वर तेल क्षेत्र, खम्भात तेल क्षेत्र, अहमदाबाद व कलोल क्षेत्र
  **अरब सागर के अपतटीय तेल क्षेत्र–** मुम्बई हाई तेल क्षेत्र, बसीन तेल क्षेत्र, अलिया बेट तेल क्षेत्र
- हीरे का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला भारत का एक मात्र राज्य (पन्ना पट्टी) मध्य प्रदेश हैं।
- झारखण्ड राज्य का जादूगोड़ा नामक स्थान यूरेनियम की खान के लिए प्रसिद्ध है। यह झारखण्ड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले में स्थित है।

| प्रमुख खनिज एवं ऊर्जा के स्रोत | |
|---|---|
| चाँदी | चित्रदुर्ग और बेलारी (कर्नाटक); सिंहभूम तथा सन्थाल परगना (झारखण्ड), जावर क्षेत्र (राजस्थान) आदि क्षेत्रों में प्राप्त होती है। |
| यूरेनियम | जादुगोड़ा (झारखण्ड); तटीय केरल (मोनोजाइट बालू से), अरावली की चट्टानों से। |

| | |
|---|---|
| ताँबा | सिंहभूमि, हजारीबाग, सन्थाल परगना, खेतड़ी, कोलीहन नगर, देहरादून, गुन्टूर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल। |
| ऐल्युमीनियम | केरल, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा। |
| बॉक्साइट | झारखण्ड, बिहार, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश, मणिपुर, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर। |
| कोयला | पश्चिम बंगाल व झारखण्ड 90% कोयले का उत्पादन करते हैं। रानीगंज, वर्धमान, बीरभूमि, जलपाईगुड़ी, झरिया, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, सिंगरौली, कोरबा, बल्लारपुर आदि प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र हैं। |
| अभ्रक | अभ्रक के उत्पादन में भारत का विश्व में प्रथम स्थान है। यह झारखण्ड के हजारीबाग एवं कोडरमा जिले में और नेल्लोर, गुंटूर, कुडप्पा (आन्ध्र प्रदेश) आदि में मिलता है। |
| पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस | असम (डिगबोई, बदरपुर, नाहरकटिया, कासिमपुर, पल्हारिया),; गुजरात- (खंभात की खाड़ी, अंकलेश्वर, कलोल); बॉम्बे हाई (सागर सम्राट प्लेटफार्म से); राजस्थान- (थार रेगिस्तान; आदि। गैस के प्रमुख भण्डार असम, गुजरात व राजस्थान में हैं। |
| सोना | कोलार व हट्टी (कर्नाटक) और चित्तूर व अनन्तपुर (आन्ध्र प्रदेश) |
| लौह अयस्क | भारत में विश्व का 20% लोहा पाया जाता है, जिसमें 65% लोहा हेमेटाइट किस्म का है। सिंहभूम (झारखण्ड), क्योंझर, तलचेर, बौनाई, मयूरभंज (ओडिशा), मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा और कर्नाटक। |

- मोनेजाइट की प्राप्ति मोनेजाइट बालू के निक्षेपों से होती है। भारत में मोनेजाइट का सर्वाधिक भण्डारण केरल में पाया जाता है।
- टाटा स्टील (पूर्व में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी) को टिस्को के नाम से भी जाना जाता है, जो भारत की प्रमुख इस्पात कंपनी है। यह मुंबई-कोलकाता रेलवे लाइन के करीब और कोलकाता से लगभग 240 किमी. दूर स्थित है। सुवर्णरेखा और खरकई नदियाँ इस संयंत्र को पानी प्रदान करती है। संयंत्र के लिए लौह अयस्क नोवामुंडी और बादाम पहाड़ से आता है। संयंत्र के लिए कोकिंग कोल झरिया और वेस्ट बोकारो कोलफील्ड्स से आता है।
- भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र राउरकेला इस्पात संयंत्र है। यह ओडिशा राज्य के सुंदरगढ़ जिले में स्थित है। यह संयंत्र जर्मनी की सहायता से 1955 में बनाया गया था।
- बोकारो इस्पात संयंत्र भारत के सार्वजनिक क्षेत्र का इस्पात संयंत्र है। जो रूस (सोवियत संघ) के सहयोग से 1964 में झारखंड के बोकारो शहर में स्थापित किया गया था।
- **इस्पात संयंत्र** — **राज्य**

| इस्पात संयंत्र | राज्य |
|---|---|
| दुर्गापुर | पश्चिम बंगाल |
| सलेम | तमिलनाडु |
| राउरकेला | ओडिशा |

## पर्वत श्रृंखलाएँ/दर्रे/घाटियाँ
## (Mountain Range/ Pass/Valley)

- हिमालय के उत्तर से दक्षिण म्यांमार-भारत सीमा तक फैली पहाड़ी श्रेणियों को सामूहिक रूप से पूर्वांचल की पहाड़ियों की संज्ञा दी गयी है। पूर्वांचल मे पटकाई, नागा, मिजों तथा मणिपुर पहाड़ियाँ शामिल
- भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पर्वत श्रृंखला को पश्चिमी घाट या सह्याद्री के नाम से जाना जाता है।
- शेवराय पहाड़ियाँ भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है। यह पूर्वी घाट का भाग है। इसका सबसे ऊँचा शिखर 1620 मीटर पर स्थित है।
- अरावली पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी गुरूशिखर (1722 मीटर) है, जो राजस्थान के सिरोही जिले के माउंट आबू में है।
- माउंट एवरेस्ट पर्वत दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है, जिसकी ऊँचाई 8848 मीटर है।
- **पर्वत** — **स्थिति**

| पर्वत | | स्थिति |
|---|---|---|
| पीरपंजाल पर्वत | – | जम्मू-कश्मीर |
| धौलाधर पर्वत | – | हिमाचल प्रदेश |
| नागटिब्बा पर्वत | – | उत्तराखण्ड |
| मसूरी पर्वत | – | उत्तराखंड |

- अनाईमुडी शिखर दक्षिण भारत की और पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची (2,695 मीटर) चोटी है।

| पर्वत श्रृंखला | देश | ऊँचाई ( मी.) | पर्वत-शिखर | देश | ऊँचाई ( मी.) |
|---|---|---|---|---|---|
| धौलागिरी | नेपाल | 8,167 | नामचाबरवा | चीन | 7,782 |
| नंगा पर्वत | भारत | 8,126 | गुर्लमान्धाता | चीन | 7,694 |
| अन्नपूर्णा | नेपाल | 8,091 | तिरिचमीर | पाकिस्तान | 7,708 |
| एवरेस्ट | नेपाल | 8848.86 | ग्रेशरब्रम | पाकिस्तान | 8,068 |
| मकालू | नेपाल-चीन | 8,481 | कामेट | भारत-चीन | 7,756 |
| के-2 (गाडविन आस्टिन) | भारत | 8,611 | गोसांईथान | चीन | 8,013 |
| कंचनजंगा | नेपाल-भारत | 8,586 | नन्दा देवी | भारत | 7,816 |
| लहात्से | नेपाल -तिब्बत | 8,501 | राकापोशी | पाकिस्तान | 7,788 |

| प्रमुख दर्रे | | | |
|---|---|---|---|
| दर्रे | राज्य | दर्रे | राज्य |
| काराकोरम दर्रा | लद्दाख | जोजिला दर्रा | लद्दाख |
| पीरपंजाल दर्रा | जम्मू-कश्मीर | बनिहाल दर्रा | जम्मू-कश्मीर |
| रोहतांग दर्रा | हिमाचल प्रदेश | बड़ालाचा दर्रा | हिमाचल प्रदेश |
| लिपुलेख दर्रा | उत्तराखंड | माना दर्रा | उत्तराखंड |
| नीति दर्रा | उत्तराखंड | नाथूला दर्रा | सिक्किम |
| तुजु दर्रा | मणिपुर | पांगसाऊ दर्रा | अरुणाचल प्रदेश |

- तुजू दर्रा (मणिपुर) भारत एवं म्यांमार को जोड़ता है।
- शिपकीला दर्रा शिमला को तिब्बत से जोड़ता है।
- यांग्याप दर्रे के पास ब्रह्मपुत्र नदी भारत में प्रवेश करती है।
- जोजिला दर्रे का निर्माण सिंधु नदी द्वारा, शिपकीला का निर्माण सतलज नदी द्वारा एवं जेलेप्ला का निर्माण तिस्ता नदी द्वारा हुआ है।
- लद्दाख में स्थित काराकोरम दर्रा भारत का सबसे ऊँचा दर्रा (5,624 मीटर) है। यहाँ से चीन को जाने वाली एक सड़क बनाई गयी है।
- बुर्जिल दर्रा श्रीनगर से गिलगित को जोड़ती है।
- बनिहाल दर्रे से जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग गुजरता है। जवाहर सुरंग इसी में स्थित है।

| प्रमुख घाटियाँ | |
|---|---|
| घाटी | विवरण |
| किन्नौर घाटी | यह घाटी हिमाचल प्रदेश के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित है। जो तिब्बत की सीमा के समीप है। यह हिमाचल प्रदेश के अंतिम गाँव चिटकुल को मार्ग प्रदान करता है। |
| कुल्लू घाटी (हिमाचल प्रदेश) | यह धौलाधर एवं पीरपंजाल श्रेणियों के मध्य अवस्थित है, जिसे देवताओं की घाटी भी कहा जाता है। इसे सात दिनी दशहरा के लिए भी जाना जाता है। |
| यूथांग घाटी | यह सिक्किम राज्य में गंगटोक से लगभग 149 किमी. की दूरी पर स्थित है। |
| स्पीति घाटी (हिमाचल प्रदेश) | बौद्धों का प्रसिद्ध ताबोमठ इसी घाटी में अवस्थित है। |
| पांगी घाटी (हिमाचल प्रदेश) | पंगवाल और भोटिया जनजातियों का आवास क्षेत्र |
| चुंबी घाटी (सिक्किम) | चुंबी प्रमुख पर्यटक स्थल इसी घाटी में अवस्थित है। नाथूला दर्रा व जैलेप्ला दर्रा इसी घाटी में स्थित है। |
| कांगड़ा घाटी (हिमाचल प्रदेश) | प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल धर्मशाला इसी घाटी में अवस्थित है। |

- गारो, खासी और जयंतिया पहाड़ियों का निर्माण लगभग मालवा पठार के निर्माण काल में हुआ था। यह मेघालय राज्य में स्थित है गारों पहाड़ी की सबसे ऊँची चोटी नोकरेक है।
- हिमालय पर्वतों से घिरी हुई युमथांग घाटी 'सिक्किम' के उत्तर में स्थित एक खूबसूरत स्थान है। इस घाटी को 'फूलों की घाटी' भी कहा जाता है।
- फोटू ला दर्रा भारत के 'लद्दाख' प्रदेश के हिमालय पर्वतों में एक पहाड़ी दर्रा है। यह लेह से श्रीनगर शहर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-1 में स्थित है

## नदी/झील/जल प्रपात/नदी घाटी परियोजनाएँ (River/Lake/Water Fall/River Valley Project)

- गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा अर्थात सुंदरवन भारत में पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बीच में स्थित है। इसमें सर्वाधिक मैंग्रोव वन पाये जाते हैं।
- श्रीनगर में स्थित डल झील को 'श्रीनगर के आभूषण या 'श्री नगर का गहना' के नाम से जाना जाता है।:

| झील | | संबंधित राज्य |
|---|---|---|
| लोनार झील | - | महाराष्ट्र |
| लोकटक झील | - | मणिपुर |
| पेरियार झील | - | केरल |

- कोल्लेरू झील (Kolleru Lake) आंध्र प्रदेश राज्य में कृष्णा और गोदावरी नदियों के डेल्टा के मध्य स्थित तटीय झील है।
- चिल्का झील भारत के ओड़िशा राज्य में स्थित भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।
- मणिपुर में स्थित लोकटक झील पूरे विश्व में एक मात्र ऐसी झील है जिस पर तैरता हुआ दुनिया का इकलौता फ्लोटिंग नेशनल पार्क है इसे केबुल लामजाओ के नाम से जाना जाता है।
- अष्टमुडी झील भारत के केरल राज्य में स्थित है। कोल्लम जिले में स्थित अष्टमुडी झील केरल की दूसरी सबसे बड़ी झील है, इसका आकार आठ भुजाओं वाला है।

| नदी | उद्गम स्थल | संगम | सहायक नदियाँ |
|---|---|---|---|
| गंगा नदी | केदारनाथ चोटी के उत्तर में गोमुख नामक स्थान से | गोलुंडों के निकट ब्रह्मपुत्र के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में | अलकनन्दा, भागीरथी, रामगंगा, यमुना, गोमती, घाघरा, गंडक, कोसी |
| यमुना नदी | बंदरपूँछ में पश्चिमी ढाल स्थित यमुनोत्री हिमानी से | प्रयागराज में गंगा नदी में | चंबल, बेतबा, केन, टोंस |
| सिन्धु नदी | तिब्बत में मानसरोवर झील (कैलाश पर्वत) | कराची (पाकिस्तान) के निकट अरब सागर | सतलज, व्यास, रावी, चेनाब, झेलम, जास्कर, श्योक, शिगार, गिलगित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सतलज नदी | मानसरोवर झील के निकट राकसताल झील | कपूरथला के द.प. सिरे पर व्यास नदी में तथा मीठानकोट के निकट सिंधु नदी में | व्यास, स्पीति |
| नर्मदा नदी | मध्य प्रदेश में अमरकंटक की पहाड़ियों से | भरुच (भड़ौच) में अरब सागर में | तवा, कुंडी, शक्कर, हिरण |
| कावेरी नदी | कर्नाटक राज्य से ब्रह्मगिरि पहाड़ियों में कुर्ग जिले में | तमिलनाडु में कारकोल के ऊपर बंगाल की खाड़ी में | हरांगी, हेमवती, अमरावती, लक्ष्मणतीर्थ, काबिनी भवानी |
| चम्बल नदी | मध्य प्रदेश में महू के निकट विन्ध्य पर्वत माला की जनापाव पहाड़ी से | इटावा के पास यमुना नदी में | काली सिंध, पार्वती, बनास, क्षिप्रा, दूध नदी |
| महानदी | छत्तीसगढ़ में रायपुर जनपद में सिहावा के निकट | कटक के निकट नरज नामक स्थान पर कट जूरी तथा बिरुपा नाम की दो धाराओं में बंटकर बंगाल के खाड़ी में | शिवनाथ, हसदो, मांड, ईब, जोंक, तेल, ब्रह्माणी |
| तुंगभद्रा नदी | तुंग + भद्रा नदियों के कृष्णा नदी में पश्चिमी घाट में काडूर जनपद से | कुर्नूल सागर के पास और हिन्द गंगा मूल चोटी से भद्रा | वर्धा, हगरी |
| ब्रह्मपुत्र नदी | मानसरोवर झील के निकट चेमायुंगडुंग हिमनद से | गोलुंडों के निकट पद्मा (गंगा) नदी में | दिबांग, लोहित, सुबनसिरी, धनसीरि, बड़ी मानस, संकोश, तीस्ता, दिहांग, कायिली |
| गोदावरी नदी (वृहद गंगा, दक्षिणी गंगा) | नासिक (महाराष्ट्र) के पश्चिमी घाट में त्रयंबकेश्वर पहाड़ी से | मसूलीपट्टनम (आन्ध्र प्रदेश) के निकट बंगाल की खाड़ी | प्रवरा, पूर्णा, मंजरी, पेनगंगा, वेन गंगा, वर्धा, प्राणहिता, इन्द्रावती, मानेर |

- चम्बल राजस्थान की एकमात्र ऐसी नदी है जो सालभर बहती है।
- सिंधु नदी भारत में केवल जम्मू व कश्मीर से होकर बहती है। भारत व पाकिस्तान सिंधु नदी जल समझौता संधि (1960) के अनुसार भारत इस नदी प्रक्रम यानी सिंधु नदी एवं उसके सहायक नदी झेलम एवं चिनाव के सम्पूर्ण जल का केवल 20% जल उपयोग कर सकता है।
- गोदावरी नदी का जलग्रहण क्षेत्र (Catchment Area) भारत के सात राज्यों– महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक एवं ओडिशा में विस्तृत है।
- गोवा में दो महत्वपूर्ण नदियां हैं– मांडवी एवं जुआरी।

## नदी घाटी परियोजनाएँ

| परियोजना | सम्बन्धित नदी | लाभान्वित राज्य |
|---|---|---|
| दामोदर घाटी | दामोदर | पश्चिम बंगाल और झारखंड |
| हीराकुड बांध | महानदी | ओडिशा |
| तुंगभद्रा | तुंगभद्रा | कर्नाटक तथा तेलंगाना |
| नागार्जुन सागर | कृष्णा | तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश |
| घाटप्रभा | घाटप्रभा | कर्नाटक |
| टिहरी बांध | भागीरथी | उत्तराखंड |
| इडुक्की | पेरियार | केरल |
| राणा प्रताप सागर | चंबल | राजस्थान |
| भाखड़ा-नांगल | सतलज | पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश |
| बगलिहार | चिनाब | जम्मू और कश्मीर |
| दुलहस्ती | चिनाब | जम्मू और कश्मीर |

- हुडरू जलप्रपात झारखण्ड राज्य का सबसे प्रसिद्ध जलप्रपात है। यह जलप्रपात स्वर्णरेखा नदी पर अवस्थित है।
- धुआँधार जलप्रपात नर्मदा नदी द्वारा निर्मित हुआ है। यह जलप्रपात जबलपुर में भेड़ाघाट के समीप स्थित है।
- यमुना नदी का उद्गम उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के बंदरपूँछ के पास यमुनोत्री हिमनद से हुआ है। यमुना, गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है। यमुना की प्रमुख सहायक नदियों में टोंस, चंबल, बेतवा, केन, आदि हैं।
- चंबल नदी का उद्‌गम विंध्याचल शृंखला के जानापाओं पहाड़ियों से होता है। यह मालवा पठार से होकर बहती है और उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में यमुना में मिलती है।
- अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ हैं- नर्मदा, ताप्ती, माही, साबरमती, मांडवी, जुआरी।
- टिहरी बाँध का निर्माण भागीरथी नदी (गंगा) पर भागीरथी और भिलंगना के संगम के थोड़ा आगे उत्तराखण्ड के टिहरी जिले में किया गया है।
- बगलिहार बाँध भारत के जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में पाकिस्तान की ओर बहने वाली चिनाब नदी पर बना है।

## जलवायु (Climate)

- **जलवायु-** किसी क्षेत्र में लम्बे समय तक जो मौसम की स्थिति होती है, उसे उस स्थान की जलवायु कहते हैं। भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय मानसूनी जलवायु है।

- **मौसम-** किसी स्थान पर थोड़े समय की, जैसे एक दिन या एक सप्ताह की वायुमंडलीय अवस्थाओं को वहाँ का मौसम कहते हैं।
- भारतीय जलवायु को मानसून के अलावा प्रभावित करने वाले दो प्रमुख कारक हैं–
  **1. उत्तर में हिमालय पर्वत-** इसकी उपस्थिति के कारण मध्य एशिया से आने वाली शीतल हवाएँ भारत में नहीं आ पाती हैं।
  **2. दक्षिण में हिन्द महासागर-** इसकी उपस्थिति एवं भूमध्य रेखा की समीपता के कारण उष्णकटिबंधीय जलवायु अपने आदर्श स्वरूप में पायी जाती है।
- जाड़े के दिनों में (जनवरी-फरवरी महीने में) तमिलनाडु के तटों पर या कोरोमंडल तट पर वर्षा लौटती हुई मानसून या उत्तरी-पूर्वी मानसून के कारण होती है।
- ग्रीष्म ऋतु में असम एवं पश्चिम बंगाल राज्यों में तीव्र आर्द्र हवाएँ चलने लगती हैं, जिनसे गरज के साथ वर्षा होती है। इन हवाओं को पूर्वी भारत में 'नार्वेस्टर' एवं बंगाल में 'काल बैशाखी' के नाम से जाना जाता है। कर्नाटक में इसे चेरी ब्लास्म एवं कॉफी वर्षा कहा जाता है।
- उत्तर-पश्चिम भारत के शुष्क भागों में ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवाओं को 'लू' (Loo) कहा जाता है।
- मानसूनी पवनों द्वारा समय-समय पर अपनी दिशा पूर्णतया बदल लेने के कारण भारत में निम्न चार ऋतुएं पायी जाती है। 1. शीत ऋतु (15 दिसम्बर से 15 मार्च तक) 2. ग्रीष्म ऋतु (16 मार्च से 15 जून तक) 3. वर्षा ऋतु (16 जून से 15 सितम्बर तक) 4. शरद ऋतु (16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक)
  **नोट-** ये तिथियाँ एक सामान्य सीमा रेखा को तय करती हैं, मानसूनी पवनों के आगमन एवं प्रत्यावर्तन में होने वाला विलंब इनको पर्याप्त रूप से प्रभावित करता है।
- उत्तरी भारत के मैदानी भागों में शीत ऋतु में वर्षा पश्चिमी विक्षोभ या जेट स्ट्रीम के कारण होती है राजस्थान में इस वर्षा को मावट कहते हैं।
- वर्षा ऋतु में उत्तर-पश्चिम भारत तथा पाकिस्तान में उष्णदाब का क्षेत्र बन जाता है, जिसे मानसून गर्त कहते हैं। इसी समय उत्तरी उष्ण अभिसरण उत्तर की ओर खिसकने लगती है, इसके कारण विषुवत रेखीय पछुआ पवन एवं दक्षिणी गोलार्द्ध की दक्षिण-पूर्वी वाणिज्यिक पवन विषुवत रेखा को पार कर फेरेल के नियम का अनुसरण करते हुए भारत में प्रवाहित होने लगती हैं। जिसे दक्षिण-पश्चिम मानसून के नाम से जाना जाता है। भारत की अधिकांश वर्षा (लगभग 80%) इसी मानसून से होती है।

**मौसम के अनुसार वर्षा का वितरण**

| वर्षा का मौसम | समयावधि | वार्षिक वर्षा का प्रतिशत (लगभग) |
|---|---|---|
| दक्षिणी-पश्चिमी मानसून | जून से सितम्बर | 73.7% |
| परवर्ती मानसून | अक्टूबर से दिसम्बर | 13.3% |
| शीत ऋतु या उत्तर पश्चिम मानसून | जनवरी-फरवरी | 2.6% |
| पूर्व मानसून | मार्च से मई | 10.0% |

- तमिलनाडु पश्चिम घाट के पर्वत वृष्टि छाया में पड़ता है। अतः यहाँ दक्षिण-पश्चिम मानसून द्वारा काफी कम वर्षा होती है।
- तमिलनाडु में शरदकालीन वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण होती है।
- गारो, खासी एवं जयंतिया पहाड़ियों पर बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएँ (द. प. मानसून की शाखा) अधिक वर्षा लाती है जिसके कारण यहाँ स्थित मासिनराम (मेघालय), विश्व में सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान है। (लगभग 11872mm)

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

## जनसंख्या एवं नगरीकरण
## (Population and Urbanization)

**1. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?**

(a) महाराष्ट्र (b) पश्चिम बंगाल
(c) मध्य प्रदेश (d) राजस्थान

**Allahabad High Court Group D Exam 02/04/2023**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में पश्चिम बंगाल का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले 5 राज्य है- बिहार, 1106), पश्चिम बंगाल (1028), केरल (860), उत्तर प्रदेश (829), हरियाणा (573)

**2. 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य/संघ क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?**

(a) दिल्ली (b) केरल
(c) उत्तर प्रदेश (d) चंडीगढ़

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (a) :** 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली संघ क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक (11320) और अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह का जनसंख्या घनत्व न्यूनतम (46) है। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्यों में बिहार का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक (1106) और अरूणाचल प्रदेश का जनसंख्या घनत्व न्यूनतम (17) है।

**3. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से भारत का कौन सा राज्य सबसे कम आबादी वाला राज्य है?**

(a) मिजोरम (b) अरूणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) जम्मू-कश्मीर

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के 5 सबसे कम आबादी वाले राज्यों का बढ़ता हुआ क्रम निम्न है।
सिक्किम < मिजोरम < अरूणाचल प्रदेश < गोवा < नागालैंड

## भारत के राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश
## (State and Union Territories of India)

**4. वर्ष 2014 में गठित भारत के 29वें राज्य का नाम बताइए।**

(a) उत्तराखंड (b) छत्तीसगढ़
(c) तेलंगाना (d) ओडिशा

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (c)** तेलंगाना 2 जून, 2014 को भारत के आन्ध्र प्रदेश राज्य से अलग होकर 29वां राज्य बना। हैदराबाद को 10 वर्षों के लिए आन्ध्र प्रदेश तथा तेलंगाना की संयुक्त राजधानी बनाया गया। वर्तमाान में तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद है जबकि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती है।

**5. दिल्ली NCR में 'NCR' का पूरा रूप क्या है?**

(a) नेशनल क्राइम रिपोर्ट (b) नेशलन कैपिटल रीजन
(c) नेचर कन्जर्वेशन रिसोर्सेज (d) इनमें से कोई नहीं

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (b)** दिल्ली NCR में 'NCR' का पूरा नाम National Capital Region (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले राज्य उत्तर प्रदेश हरियाणा और राजस्थान के कई शहर शामिल है। एनसीआर के तहत आने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के प्रमुख क्षेत्र- मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर, शामली, बुलन्दशहर, बागपत, हापुड़ और मुजफ्फरनगर तथा हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गाँव, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल भिवाडी, जींद, नूह, चरखी दादरी, महेन्द्रगढ़, करनाल तथा राजस्थान के क्षेत्र भरतपुर और अलवर एन सी आर में शामिल किए गये है।

**6. चंडीगढ़ ........... की राजधानी है।**

(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) पंजाब और हरियाणा दोनों की (d) उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (c)** चण्डीगढ़ भारत का केन्द्रशासित प्रदेश है यह पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी है। पंजाब राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर है। चण्डीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित है।

**7. इनमें से कौन-सा भारत का एक महानगर है?**

(a) मुम्बई (b) नई दिल्ली
(c) पुणे (d) ये सभी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (d)** पुने, मुम्बई, नई दिल्ली भारत के महानगरीय क्षेत्र हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में दस लाख या उससे अधिक की आबादी वाले 53 शहरी समूह है, जिसे महानगरीय श्रेणी में रखा जाता है। भारतीय संविधान के 74वें संशोधन में महानगरीय क्षेत्र को दस लाख या दस लाख से अधिक आबादी आबादी वाला क्षेत्र जो एक या अधिक नगर पालिकाओं के अंतर्गत आता हो और दो या अधिक नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायत या अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों से मिलकर बना हो।

**8. गुजरात की राजधानी क्या है?**

(a) गाँधीनगर (b) अहमदाबाद
(c) सूरत (d) जामनगर

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-2017**
**Allahabad High Court Group 'D' Exam-22/07/2018**

**Ans. (a)** गुजरात की राजधानी गाँधीनगर है।

## भारत का अपवाह तन्त्र (India's Drainage System)

**9. बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) सांगपो (b) पद्मा
(c) दिहांग (d) जमुना

**Allahabad High Court Stenographer (PA) 15/07/2017**

**Ans. (d) :** बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को जमुना के नाम से जाना जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग जांग्बो और चीन में यारलुंग त्सांग्पो के नाम से जाना जाता है। भारत के अरूणाचल प्रदेश में माध्यम से प्रवेश करती है जहाँ इसे दिहांग के नाम से जाना जाता है।

**10. काशी, जो भारत के सबसे पवित्र शहरों में से एक है, _______ नदी के किनारे पर बसा हुआ है।**

(a) यमुना (b) कावेरी
(c) गंगा (d) ब्रह्मपुत्र

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 12/11/2017**

**Ans. (c)** वाराणसी भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का प्रसिद्ध नगर है। इसे हिन्दू धर्म के सर्वाधिक पवित्र नगरों में से एक माना जाता है, जो गंगा नदी के किनारे बसा हुआ है। इसके अलावा बौद्ध एवं जैन धर्म में भी इसे पवित्र स्थान माना जाता है। गंगा नदी का उद्गम उत्तराखण्ड में गोमुख ग्लेशियर से निकलती है जहाँ इसे भागीरथी के नाम से जाना जाता है। गंगा नदी भारत के चार राज्य (उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल) से होकर बहती है। गंगा नदी उत्तर प्रदेश में 28 जिलों से होकर बहती है।

## भारत में नदी घाटी परियोजनाएँ (River Valley Projects in India)

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा बाँध हिमाचल प्रदेश में बनाया गया है?**

(a) मैथन बाँध (b) मुल्लापेरियार बाँध
(c) हीराकुंड बाँध (d) भाखड़ा नांगल बाँध

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (d)** भाखड़ा नांगल बाँध हिमाचल प्रदेश में बनाया गया है। यह भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय परियोजना है, जो सतलज नदी पर बनाया गया है। यह संसार का सबसे ऊँचा गुरूत्वीय बाँध है। इसका मुख्य उद्देश्य सिंचाई और बिजली उत्पादन है। यह बाँध पंजाब के अलावा हरियाणा, राजस्थान, गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश में बिजली व पानी की आपूर्ति करता है।

**12. कृष्णराज सागर बांध निम्नलिखित में से कौन-से राज्य में है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (b)** कृष्णराज सागर बांध भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित है। इसकी योजना पर कार्य व निर्माण एम. विश्वैश्वरैया ने वर्ष 1932 में शुरू किया था। इस बांध से कावेरी, हेमावती और लक्ष्मणतीर्था नदियाँ आपस में मिलती है। इस बांध की लम्बाई 2621 मीटर और ऊँचाई 39 मीटर है।

## भारत की जलवायु/वर्षा (Climate of India/Rain)

**13. निम्नलिखित में से किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है?**

(a) गुवाहाटी (b) सिल्चर
(c) मौसिनरम (d) चेरापूँजी

**Allahabad High Court Group D Exam 02/04/2023**

**Ans. (c) :** मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ी जिले का मासिनराम गाँव विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान है। मासेनराम में एक वर्ष में 10,000 मिलीमीटर से अधिक वर्षा होती है। चेरापूँजी-मासिनराम में अत्यधिक वर्षा मानसूनी पवनों द्वारा समर्थित पर्वतीय स्थिति के कारण होती है।

**14. मानसून पूर्व की जिन बौछारों से आम जल्दी पक जाते हैं, उन्हें 'आम्र बौछार' कहा जाता है। ये ......... होती है।**

(a) राजस्थान और गुजरात (b) उत्तर प्रदेश और बिहार
(c) पश्चिम बंगाल और असम (d) केरल और कर्नाटक

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (d) :** ग्रीष्म ऋतु के अंत में कर्नाटक एवं केरल में प्रायः पूर्व-मानसूनी वर्षा होती है। इसके कारण आम जल्दी पक जाते हैं तथा प्रायः इसे 'आम्र वर्षा' भी कहा जाता है।

**15. उत्तरी भारत में शीतकाल में बरसात होने का मुख्य कारण क्या है?**

(a) आगे की ओर बढ़ता मानसून (b) पश्चिमी विक्षोय
(c) काल बैशाखी (d) उपर्युक्त सभी

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (b) :** शीत ऋतु में भारत के उत्तरी मैदानों में पश्चिमी एवं उत्तर-पश्चिम से चक्रवाती विक्षोभ का अंर्तवाह विशेष लक्षण है। यह कम दाब वाली प्रणाली भूमध्य सागर एवं पश्चिम एशिया के ऊपर उत्पन्न होती है तथा पश्चिमी पवनों के साथ भारत में प्रवेश करती है। उसके कारण शीतकाल में मैदानों में (उत्तरी भारत) वर्षा होती है तथा पर्वतों पर हिमपात। इस वर्षा को स्थानीय तौर पर 'महावट' कहा जाता है। ये रबी फसलों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

## भारतीय कृषि/पशुपालन (Indian Agriculture/Animal Husbandry)

**16. इनमें से कौन-सी एक खरीफ फसल है?**

(a) धान (b) मक्का
(c) बाजरा (d) ये सभी

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (d)** खरीफ की फसल को बोते समय अधिक तापमान और आर्द्रता तथा पकते समय शुष्क वातावरण की आवश्यकता होती है उत्तर भारत में खरीफ की फसल जून-जुलाई में बोते है और सितम्बर-अक्टूबर के आस-पास काटा जाता है। खरीफ की फसलों के अंतर्गत धान, मक्का, बाजरा आदि हैं।

**17. भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य _____है।**

(a) असम (b) कर्नाटक
(c) केरल (d) हिमाचल प्रदेश

**Allahabad High Court Group 'D' Exam 20/12/2016**

**Ans. (a)** असम भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य है। जबकि कर्नाटक कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है तथा वर्तमान में मध्यप्रदेश मसालों का सर्वाधिक उत्पादन करता है।

## भारत में खनिज संसाधन/उद्योग (Mineral Resources/Industry in India)

**18. निम्नलिखित में से मानव निर्मित संसाधन की पहचान करें।**

**(A) थंडा - समूह (मशीनरी) (B) सड़कें**
**(C) उष्णकटिबंधीय वन (D) नदी जल**
**(E) पुल**

(a) केवल A, B, E (b) केवल B, C, D
(c) केवल A, B,C (d) केवल D, A, B

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (a) :** प्राकृतिक संसाधन वन, जल, हवा, आदि माने जाते है। वनों का मनुष्य के माध्यम से उनका मूल रूप बदल दिया जाता है। लोग प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पुल, सड़क, मशीन और वाहन बनाने में करते है जो मानव संसाधन के नाम से जाते है। प्रौद्योगिकी भी एक मानव निर्मित संसाधन है। वायु, जल, मृदा, वन और खनिज प्राकृतिक संसाधन के अंतर्गत आते है।

**19. भारत में, टाटा ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ का वर्तमान अध्यक्ष कौन है?**

(a) साइरस मिस्त्री (b) नटराजन चंद्रशेखरन
(c) रतन टाटा (d) पवन मुंजाल

**Allahabad High Court Group 'C' Exam-2019**

**Ans. (b)** टाटा ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज के वर्तमान अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन है।

**20. कौन-से शहर को ''बुनकरों का शहर'' के रूप में जाना जाता है?**

(a) पानीपत (b) जयपुर
(c) अंबाला (d) चेन्नई

**Allahabad High Court Group 'D' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (a)** हरियाणा के पानीपत शहर को 'बुनकरों का शहर' कहा जाता है। पानीपत में कपड़ा और कालीन बनाने का कार्य होता है। पानीपत को टेक्सटाइल सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

## भारत की जनजातियाँ (Tribes of India)

**21. बकरवाल जनजाति मुख्य रूप से भारत के .......... राज्य में रहती है।**

(a) उत्तर प्रदेश (b) जम्मू-कश्मीर
(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (b)** बकरवाल जनजाति मुख्य रूप से भारत के जम्मू–कश्मीर राज्य में पायी जाती है। माना जाता है कि गुज्जर और बकरवाल राजपूत है जो विभिन्न कारणों से गुजरात के कठियावाड़ से कश्मीर चले गये थे। प्राचीन कश्मीर के इतिहास कल्हण के राजतरंगिणी में इन लोगों का 9वीं –10वीं शताब्दी में कश्मीर की सीमा पर रहने का उल्लेख मिलता है। इन्होंने मुस्लिम धर्म को स्वीकार कर लिया और फिर दो अलग–अलग सम्प्रदायों गुज्जर और बकरवाल में विभाजित हो गये।

## भारत में परिवहन (Transport in India)

**22. दिए गए ट्रैफिक संकेत का सही मतलब पहचानिए।**




(a) एक-तरफा संकेत (b) हाथ गाड़ी निषिद्ध
(c) सभी मोटर वाहन निषिद्ध (d) ओवरटेकिंग निषिद्ध

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (c)** दिये गये ट्रैफिक सिग्नल का सही अर्थ सभी प्रकार के मोटर वाहन का प्रवेश वर्जित होता है।

**23. दिए गए ट्रैफिक संकेत का सही मतलब पहचानिए।**



(a) एक-तरफा संकेत (b) बायाँ मोड़ निषिद्ध
(c) सभी मोटर वाहन निषिद्ध (d) अनिवार्य ही आगे

**Allahabad High Court Group 'D' Driver Exam 20/01/2019**

**Ans. (a)** दिये गये चित्र में ट्रैफिक संकेत का सही तात्पर्य एक तरफा संकेत होता है।

**24. केवल महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाने वाला भारत का पहला रेलवे स्टेशन निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(a) बांद्रा (b) बेलापुर
(c) माटुंगा (d) छत्रपति शिवाजी टर्मिनस

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (c)** माटुंगा रेलवे स्टेशन भारतीय रेल का पहला उपनगरीय स्टेशन है जो केवल महिलाओं द्वारा परिचालित किया जा रहा है। यह स्टेशन मध्य रेलवे (सीआर) के तहत आता है। इस स्टेशन का नाम सभी महिला कर्मचारी को लेकर लिम्का बुक ऑफ रिकार्डस 2018 में भी दर्ज किया गया है। जयपुर का गांधीनगर रेलवे स्टेशन सामान्य श्रेणी के मुख्य लाइन का पहला स्टेशन है जो पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है।

**25. सूची-I के साथ सूची-I I का मिलान कीजिए**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नेताजी सुभाष चंन्द्र बोस हवाई अड्डा | I. मुंबई |
| B. इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | II. अमृतसर |
| C. छत्रपति शिवाजी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | III. दिल्ली |
| D. गुरू रामदास जी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | IV. कोलकाता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A-III, B-I, C-II, D-IV
(b) A-IV, B-III, C-II, D-I
(c) A-III, B-IV, C-I, D-II
(d) A-IV, B-III, C-I, D-II

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है–

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| A. नेताजी सुभाष चंन्द्र बोस हवाई अड्डा | (IV). कोलकाता |
| B. इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (III). दिल्ली |
| C. छत्रपति शिवाजी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (I). मुंबई |
| D. गुरू रामदास जी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (II). अमृतसर |

## भाषा (Language)

**26. संस्कृत कौन-से राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) झारखंड (d) मध्य प्रदेश

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

| Ans. (b) राज्य | भाषा |
|---|---|
| उत्तराखण्ड | संस्कृत, गढ़वाली, जौनसारी |
| उत्तर प्रदेश | हिन्दी, उर्दू |
| झारखण्ड | हिन्दी (भोजपुरी, मगधी) |
| मध्य प्रदेश | हिन्दी, बघेली |

## विविध (Miscellaneous)

**27. सूची-I साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भूमि के वर्ण का निर्धारण करता है। | I. समय |
| B. मिट्टी सृजन की दर को प्रभावित करता है। | II. उच्चावच |
| C. भूमि प्रोफाइल की मोटाई का निर्धारण करता है। | III. प्रथामिक चट्टान |
| D. उंचाई और ढलान | IV. जीव- जंतु पौधे और सूक्ष्म जीवाणु |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) A-III, B-I, C-II, D-IV
(b) A-III, B-IV, C-I, D- II
(c) A-II, B- III, C- IV, D - I
(d) A-I, B-II, C-III, D-IV

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है–

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| A. भूमि के वर्ण का निर्धारण करता है। | (III) प्राथमिक चट्टान (Parent Rock) |
| B. मिटटी सृजन की दर को प्रभावित करता है। | (IV)जीव- जंतु (Fauna) पौधे (flora) और सूक्ष्म जीवाणु |
| C. भूमि प्रोफाइल की मोटाई का निर्धारण करता है। | (I) समय (Time) |
| D. उंचाई और ढ़लान | (II) उच्चाक्च (Relief) |

# भारतीय राजव्यवस्था (Indian Polity)

## भारत का संवैधानिक विकास

- संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 ई. को नई दिल्ली के संसद हॉल, जिसे अब संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष के नाम से जाना जाता है, में हुई। 26 नवम्बर, 1949 को भारत का संविधान अंगीकृत किया गया तथा 24 जनवरी, 1950 को माननीय सदस्यों ने उस पर अपने हस्ताक्षर किये। 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान पूर्णतः लागू हो गया।

### प्रस्तावना (Preamble)

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष, गणतंत्र तथा समाजवादी शब्द का उल्लेख है। प्रस्तावना भारतीय संविधान का हिस्सा है। यह सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य वाद में माना।
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'बन्धुत्व' शब्द व्यक्तियों के मध्य भाई-चारे की भावना को सुनिश्चित करता है।
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 5 प्रकार की स्वतंत्रता- विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था (धर्म) और उपासना की स्वतंत्रता की उद्घोषणा की गई है। 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' और 'अखण्डता' शब्द शामिल किये गए। प्रसिद्ध न्यायविद व संविधान विशेषज्ञ एन.ए. पालकीवाला ने प्रस्तावना को संविधान के 'परिचय पत्र' की संज्ञा दी है।

## भारतीय संविधान के स्रोत (Source of Indian Constitution

- भारतीय संविधान के अन्तर्गत विश्व के अनेक देशों की संवैधानिक विशेषताओं को समाहित किया गया है, जिनका विवरण निम्न प्रकार है–
- **ब्रिटिश संविधान से–** संसदात्मक शासन पद्धति, विधि निर्माण प्रक्रिया, एकल नागरिकता, संसदीय विशेषाधिकार व संसद तथा विधानमंडल की प्रक्रिया।
- **अमेरिकी संविधान से–** प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, न्यायिक पुनरावलोकन, संविधान की सर्वोच्चता, स्वतंत्र न्यायपालिका, राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाये जाने का प्रावधान, उपराष्ट्रपति का पद, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को पद से हटाया जान, वित्तीय आपात।
- **आयरलैंड के संविधान से**– नीति निदेशक तत्व, राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल की व्यवस्था, राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में साहित्य कला, विज्ञान तथा समाज सेवा इत्यादि के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व्यक्तियों का मनोनयन।
- **आस्ट्रेलिया के संविधान से**– प्रस्तावना की भाषा, समवर्ती सूची का प्रावधान, संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक।
- **जर्मनी के वाइमर संविधान से–** आपातकाल के प्रवर्तन के दौरान राष्ट्रपति की मौलिक अधिकार संबंधी शक्तियाँ।
- **कनाडा के संविधान से–** सशक्त केन्द्र के साथ संघीय शासन व्यवस्था, अवशिष्ट शक्तियाँ केंद्र के पास, राज्यपाल की नियुक्ति प्रक्रिया।
- **दक्षिण अफ्रीकी संविधान से–**संविधान संशोधन की प्रक्रिया का प्रावधान तथा राज्यसभा के सदस्यों का मनोनयन।
- **रूसी संविधान से** - मूल कर्तव्यों का प्रावधान।
- **जापान के संविधान से**- विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
- **फ्रांस के संविधान से- गणतंत्र और प्रस्तावना में स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्श।**

## संविधान के भाग एवं अनुसूचियाँ (Parts and Schedules of the Constitution)

| | |
|---|---|
| भाग 16 | कुछ वर्गों के सम्बन्ध में विशेष उपबंध (अनुच्छेद 330-342) |
| भाग 17 | राजभाषा (अनुच्छेद 343-351) |
| भाग 18 | आपात उपबंध (अनुच्छेद 352-360) |
| भाग 19 | प्रकीर्ण (अनुच्छेद 361-367) |
| भाग 20 | संविधान का संशोधन (अनुच्छेद 368) |
| भाग 21 | अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष उपबंध (अनुच्छेद 369-392) |
| भाग 22 | संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन (अनुच्छेद 393-395) |

■ मूल संविधान में 8 अनुसूचियाँ थी, वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ हैं।

| | |
|---|---|
| प्रथम अनुसूची | 1. राज्य, 2. संघ राज्यक्षेत्र |
| द्वितीय अनुसूची | परिलब्धियां पर भत्ते, विशेषाधिकार और इनसे संबंधित प्रावधान<br>(क) भारत के राष्ट्रपति व राज्यों के राज्यपालों के बारे में उपबंध<br>(ग) लोक सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के तथा राज्य सभा के सभापति और उपसभापति के तथा राज्यों के विधान सभा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा विधान परिषद के सभापति और उपसभापति के बारे में उपबंध।<br>(घ) उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के बारे में उपबंध<br>(ङ) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के बारे में उपबंध। |
| तृतीय अनुसूची | विभिन्न पदाधिकारियों के पद ग्रहण के वक्त शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप। |
| चतुर्थ अनुसूची | राज्य सभा में सीटों का आवंटन |
| पाँचवी अनुसूची | अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का उल्लेख। |
| छठी अनुसूची | असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध। |

| | |
|---|---|
| सातवीं अनुसूची | केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन संघ सूची में कुल 97 विषय (वर्तमान में 100) राज्य सूची में कुल 66 विषय (वर्तमान में 61) समवर्ती सूची में 47 विषय (वर्तमान में 52)। |
| आठवीं अनुसूची | भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं का उल्लेख |
| नवीं अनुसूची | ■ विशिष्ट अधिनियमों और विनियमों का विधिमान्यकरण<br>■ प्रथम संविधान संशोधन 1951 द्वारा संविधान में शामिल। |
| दसवीं अनुसूची | ■ दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारें में उपबंध।<br>■ 52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985 द्वारा संविधान में जोड़ा गया। |
| ग्यारहवीं अनुसूची | ■ पंचायतों की शक्तियां, प्राधिकार तथा उत्तरदायित्व आदि के बारे में उपबंध।<br>■ इसे 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा जोड़ा गया। इसमें कुल 29 विषय मौजूद है। |
| बारहवीं अनुसूची | ■ नगरपालिकाओं आदि की शक्तियां, प्राधिकार और उत्तरदायित्व<br>■ इसे 74वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा शामिल किया गया।<br>■ इसमें कुल 18 विषय शामिल है। |

| भारतीय संविधान के भाग | सम्बन्धित प्रावधान |
|---|---|
| भाग- II | नागरिकता |
| भाग III | मौलिक अधिकार |
| भाग IV | नीति निदेशक तत्व |
| भाग V | संघ |
| भाग- VI | राज्य |
| भाग- VIII | संघ राज्य क्षेत्र |
| भाग IX A | नगरपालिकाएं |
| भाग XV | निर्वाचन |
| भाग XVI | कुछ वर्गों से संबंधित विशेष उपबंध |

- केन्द्र और राज्य के विषयों का विभाजन भारतीय संविधान के सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत तीन सूचियों संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची में किया गया है। जिसमें-
- संघ सूची का संबंध संघीय विषयों से है जैसे- बैंकिंग, मुद्रा, परमाणु ऊर्जा, विदेश मामले, रक्षा, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, टेलीग्राफ, आयकर, कस्टम ड्यूटी आदि वर्तमान में इस सूची में 100 विषय (मूल सूची में 97) हैं।
- राज्य सूची में राज्यीय विषय शामिल है जैसे कृषि, राज्यों के मध्य व्यापार, पुलिस, मत्स्य पालन, वन, स्थानीय सरकारें, थिएटर उद्योग आदि वर्तमान में इस सूची में 61 विषय (मूल में 66) शामिल हैं।
- समवर्ती सूची में केन्द्र एवं राज्यों के साझे मुद्दों से सम्बन्धित विषय शामिल होते हैं जैसे- स्टाम्प ड्यूटी, ड्रग्स एवं जहर, बिजली, समाचार पत्र, अपराधिक कानून, श्रम कल्याण, कारखाने आदि वर्तमान में इसमें कुल 52 विषय (मूल में 47) शामिल हैं।
- भारतीय संविधान में कुल 12 अनुसूचियों का वर्णन हैं, जिसमें संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को सूचिबद्ध किया गया है जिसमें से सिंधी, नेपाली, संथाली तथा अन्य 19 भाषाओं को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि प्रारम्भ में संविधान की आठवीं अनुसूची में 14 भाषाएँ ही सूचीबद्ध थी, परन्तु वर्तमान में 22 भाषाएँ सूचीबद्ध है।
- ■ राज्यसभा के सीटों का आवंटन संविधान की चौथी अनुसूची के तहत किया गया है। इसके अन्तर्गत भारत के सभी राज्यों तथा 2 संघ राज्य क्षेत्रों (दिल्ली व पांडिचेरी) की राज्यसभा में प्रतिनिधित्व का वर्णन दिया गया है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से 233 सीटें विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों को आवंटित है, जिसमें सर्वाधिक 31 सीटें उत्तर प्रदेश की है।

## संविधान सभा की प्रमुख समितियाँ एवं अन्य प्रमुख आयोग (Major Committees of the Constituent Assembly and Other Major Commissions)

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| संचालन समिति | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |
| संघीय संविधान समिति | पंडित जवाहरलाल नेहरू |
| प्रांतीय संविधान समिति | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| प्रारूप समिति | डॉ. भीमराव अम्बेडकर |
| संघ शक्ति समिति | पंडित जवाहरलाल नेहरू |
| मौलिक अधिकारों एवं अल्पसख्यकों संबंधी परामर्श समिति | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| राष्ट्रध्वज संबंधी तदर्थ समिति | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |

- मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव के तहत 1 जनवरी, 2015 से 'योजना आयोग' का स्थान 'नीति आयोग' ने ले लिया है। इस नई संस्था को 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान' (National Institution for Transforming India-NITI) का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला यह आयोग सरकार के थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है।
- वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत किया गया है। वित्त आयोग संघ और राज्य सरकारों के बीच कुछ राजस्व संसाधनों के आवंटन के उद्देश्य से गठित एक संवैधानिक निकाय है।
- वित्त आयोग द्वारा दी गई सिफारिश केवल सलाहकारी प्रकृति की होती है इसलिए सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं होती है।
- सरकार ने 16वें वित्त आयोग का गठन किया गया है, इसके अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पनगढिया होगे।
- भारतीय वित्त आयोग की स्थापना वर्ष 1951 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य भारत के केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकारों के बीच वित्तीय सम्बन्धों को परिभाषित करना था
- दिसंबर 1953 ई. में फजल अली के नेतृत्व में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग ने 30 सितम्बर, 1955 ई. को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

## मौलिक अधिकार/मौलिक कर्तव्य
## (Fundamental Rights/ Fundamental Duties)

**मूल रूप से संविधान में सात मूल अधिकार प्रदान किये गये है–**

- ✪ समता का अधिकार (अनु. 14–18)
- ✪ स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 19–22)
- ✪ शोषण के विरूद्ध अधिकार (अनु. 23–24)
- ✪ धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 25–28)
- ✪ संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार (29–30)
- ✪ सम्पत्ति का अधिकार {अनु. 31 और 19 (च)}
- ✪ संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनु. 32)

**नोट-** सम्पत्ति के अधिकार को 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा मूल अधिकरों से हटा कर संविधान के भाग–XII में अनुच्छेद-300(क) के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया है।

- भारतीय संविधान में 6 मूल अधिकार तथा 11 मौलिक कर्तव्य निर्धारित किये गये हैं। मूल अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद-12 से 35 में किया गया है, जबकि मौलिक कर्तव्य भाग-IV-क में वर्णित है।
- 44वें संविधान संशोधन, 1978 द्वारा मूल अधिकारों की सूची से संपत्ति का अधिकार समाप्त किया गया तथा संविधान के अनुच्छेद 300 (क) में इसे केवल विधिक अधिकार बनाया गया है।
- सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 46 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में 10 मौलिक कर्तव्य जोड़े गये।
- भारतीय संविधान के भाग–4(क) में अनुच्छेद-51(क) में मौलिक कर्तव्यों का वर्णन किया गया है। इसे सरदार स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर संविधान के 42वें संशोधन 1976 द्वारा जोड़ा गया है। इसे सोवियत संघ (वर्तमान रूस) से लिया गया है।

  **अनुच्छेद 51 A (c)–** भारत की प्रभुता एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।

  **अनुच्छेद 51 A (d)–** देश की रक्षा करें।

  **अनुच्छेद 51 A (e)–** भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें।

  **अनुच्छेद 51 A (f)–** हमारी समग्र संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझें और उनका परीक्षण करें।
- 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के द्वारा 11 वां मौलिक कर्तव्य 51A) जोड़ा गया जिसमें यह उल्लिखित है कि 6-14 वर्ष के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराएंगे

## राज्य के नीति निदेशक तत्त्व
## (Directive Principles of State)

- राज्य के नीति निदेशक तत्व की अवधारणा आयरलैण्ड के संविधान से ली गई है। भारत के संविधान के भाग-4 (अनुच्छेद 36–51) में इसे शामिल किया गया है।
- भारतीय संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक 'राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों का उल्लेख है, जिसमें अनुच्छेद-44 के तहत पूरे भारत में एक समान सिविल संहिता की बात की गई है। वर्तमान में एकमात्र राज्य गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है।
- नीति निदेशक सिद्धांतों को उनके वैचारिक स्रोत और उद्देश्य के आधार पर मुख्यतः तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है-

**(1) समाजवादी सिद्धांत-** अनुच्छेद 38, 39, 39A, 41, 42, 43, 43A तथा 47

**(2) गाँधीवादी सिद्धांत-** अनुच्छेद 40, 43, 43B, 46, 47 तथा 48

**(3) उदार-बौद्धिक सिद्धांत-** अनुच्छेद 44, 45, 48, 48A, 49, 50 तथा 51

**कुछ नीति निदेशक तत्व निम्नलिखित हैं-**

**अनुच्छेद 40-** राज्य ग्राम पंचायतों को स्वाशासन की इकाइयों के रूप में संगठित करने के लिए कदम उठाएगा।

**अनुच्छेद 44-** भारतीय नागरिकों के लिए एकसमान नागरिक संहिता।

**अनुच्छेद 49-** राज्य की कलात्मक या ऐतिहासिक महत्व के प्रत्येक स्मारक या स्थान की रक्षा करना।

**अनुच्छेद 50-** राज्य लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाएगा।

**अनुच्छेद 51-** यह घोषणा करता है कि राज्य अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा स्थापित करने का प्रयास करेगा।

| | |
|---|---|
| अनु.-36 | इसमें यह कहा गया है कि अनु.-12 में दी गयी 'राज्य' शब्द की परिभाषा भाग चार अर्थात् नीति निर्देशक तत्वों के लिए भी लागू होगी। |
| अनु.-37 | भाग-4 में अन्तर्विष्ट तत्त्वों का लागू होना अर्थात् राज्य का यह कर्तव्य है कि वह इस भाग में अंतर्विष्ट तत्त्वों को, विधि बनाते समय लागू करें, किन्तु यह किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। |
| अनु.-38 | राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा। |
| अनु.-39(क) | समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता (42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा अन्तःस्थापित) |
| अनु.-40 | ग्राम पंचायतों का संगठन। |
| अनु.-41 | कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार। |
| अनु.-42 | काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबन्ध |
| अनु.-43 | कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि। |
| अनु.-43क | उद्योगों के प्रबन्ध में कर्मकारों की भागीदारी को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाना। |
| अनु.-41ख | सहकारी सोसायटियों का संवर्धन संविधान 97वाँ संशोधन (2011) द्वारा अन्तःस्थापित। |
| अनु.-44 | नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता |
| अनु.-45 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख तथा 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का उपबन्ध (86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा प्रतिस्थापित।) |

## आपातकाल एवं राष्ट्रपति शासन
## (Emergency and President's Rule)

- भारत का राष्ट्रपति, भारत के गणराज्य का प्रमुख होता है। यह कार्यकारी नाममात्र प्रमुख तथा देश का प्रथम नागरिक है। यह भारतीय सशस्त्र बलों का सर्वोच्च कमांडर होता है।

- भारत के उपराष्ट्रपति को पद की शपथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाती है जबकि भारत के राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा शपथ दिलाई जाती है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के अनुसार, राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश को निलंबन, परिहार या लघुकरण करने की शक्ति देती है।
- भारतीय संविधान में राष्ट्रपति से संबंधित विभिन्न अनुच्छेद-
  अनुच्छेद 54– राष्ट्रपति का निर्वाचन।
  अनुच्छेद 55– राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति।
  अनुच्छेद 56– राष्ट्रपति की पदावधि।
  अनुच्छेद 58– राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिये योग्यताएं।
  अनुच्छेद 59– राष्ट्रपति पद के लिये शर्तें।

| | |
|---|---|
| अनु.-352 | आपात की उद्घोषणा |
| अनु.-353 | आपात की उद्घोषणा का प्रभाव |
| अनु.-354 | जब आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में है तब राजस्वों के वितरण सम्बन्धी उपबन्ध का लागू होना |
| अनु.-355 | बाह्य आक्रमण और आन्तरिक अशांति से राज्य की संरक्षा करने का संघ का कर्तव्य |
| अनु.-356 | राज्यों में सांविधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में उपबन्ध (राष्ट्रपति शासन) |
| अनु.-357 | अनु. 356 के अधीन की गई उद्घोषणा के अधीन विधायी शक्तियों का प्रयोग |
| अनु.-358 | आपात के दौरान अनु. 19 के उपबन्धों का निलंबन |
| अनु.-359 | आपात के दौरान भाग 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन का निलंबन |

- संविधान में वर्णित अनुच्छेद–360 के तहत राष्ट्रपति को वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने का अधिकार प्राप्त है। राष्ट्रपति वित्तीय आपात की घोषणा तब कर सकता है, जब पूरे भारत या उसके किसी भाग का वित्तीय स्थायित्व संकट में हो अर्थात् दिवालिए पन की स्थिति आ गई हो, राज्य या देश, ली गयी उधारी को चुकाने में असमर्थ हो गया हो। भारत में अब तक एक बार भी वित्तीय आपात की उद्घोषणा नहीं हुई है।

## राष्ट्रीय प्रतीक : एक नजर
## (National Symbol of India)

- **राष्ट्र ध्वज-** लम्बाई और चौड़ाई 3 : 2 के अनुपात में, केसरिया, सफेद, हरा, मध्य में नीले रंग का चक्र जिसमें 24 तीलियां हैं। 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया।
- **राजचिन्ह–** सारनाथ (वाराणसी) में स्थित अशोक की लाट। 26 जनवरी, 1950 को भारत सरकार द्वारा अपनाया गया।
  **राष्ट्रगान-** 'जन-गण-मन' संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी, 1950 को अपनाया गया। 27 दिसम्बर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। गायन में लगभग (52 सेकेण्ड), प्रथम व अंतिम पंक्ति (20 सेकेण्ड)।
  **राष्ट्रगीत-** 'वन्देमातरम्' (आनन्दमठ से उद्धृत)
- **राष्ट्रीय पंचांग कैलेण्डर-** ग्रिगेरियन कैलेण्डर के साथ-साथ शक् संवत् पर आधारित राष्ट्रीय पंचाग को 22 मार्च, 1957 को अपनाया गया।
- **राष्ट्रीय पशु-** बाघ (पैंथेरा टाइग्रिस-लिन्नायस)
- **राष्ट्रीय पक्षी-** मयूर (पावो क्रिस्टेटस)

- भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' बंकिमचन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनन्दमठ' से लिया गया है। 24 जनवरी, 1950 ई. को इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया। सर्वप्रथम इसे 1896 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।
- भारत के राष्ट्रीय चिह्न को 26 जनवरी 1950 को अपनाया गया था। इस पर सत्यमेव जयते लिखा है, जिसे मुंडकोपनिषद से लिया गया है।
- संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई, 1947 ई. को राष्ट्रीय ध्वज को अपनाया गया। इस प्रस्ताव में कहा गया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा होगा जो सफेद, केसरिया और गहरे हरे रंग का होगा। सफेद पट्टी में गहरे नीले रंग का चक्र है, जो अशोक के सारनाथ स्थित 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। राष्ट्रीय ध्वज पर गठित तदर्थ समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे।
- 'जन-गण-मन' भारत का राष्ट्रीय गान है। भारतीय संविधान द्वारा 24 जनवरी, 1950 ई. को इसे अंगीकृत किया गया। इसके रचयिता रवीन्द्रनाथ ठाकुर हैं।

## संविधान के प्रमुख अनुच्छेद
## (Major Articles of the Constitution)

- **राज्यों के संबंध में विशेष उपबंध-**
  **अनुच्छेद 371–** महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के संबंध में विशेष उपबंध-
  **अनुच्छेद 371क–** नागालैण्ड राज्य के संबंध में विशेष उपबंध।
  **अनुच्छेद 371ख–** असम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध।
  **अनुच्छेद 371ग–** मणिपुर राज्य के संबंध में विशेष उपबंध।
- अनुच्छेद 370 भारत के जम्मू और कश्मीर से संबंधित है। ध्यातव्य है कि जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत संविधान के अनुच्छेद 370 और 35A में वर्णित जम्मू कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर राज्य को दो केन्द्रशासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित कर दिया गया है।
  **अनुच्छेद 108–** संयुक्त बैठक (राज्य सभा और लोकसभा) का प्रावधान।
  **अनुच्छेद 110–** धन विधेयक की परिभाषा।
  **अनुच्छेद 98–** संसद के प्रत्येक सदन का पृथक् सचिवालय एवं कर्मचारी होंगे।

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 239AA दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक विधानसभा होगी का प्रावधान करता है। इस प्रावधान को बालकृष्ण समिति के सुझाव पर संसद ने 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 के माध्यम से किया।
  **अनुच्छेद 38–** राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिये सामाजिक व्यवस्था बनाएगा।
  **अनुच्छेद 42–** काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध।
  **अनुच्छेद 44–** नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता।
  **अनुच्छेद 45–**छह वर्ष से कम आयु के बालकों के लिये प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा का उपबंध।

- **भातीय संविधान के प्रमुख अनुच्छेद-**
  **अनुच्छेद-153-** प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल होगा। परन्तु एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।
  **अनुच्छेद-124-** उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन।
- भारतीय संविधान के भाग-17 (अनुच्छेद 343-351) के अनुच्छेद 343(1) में यह उल्लिखित है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 148, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के एक स्वतंत्र कार्यालय का उपबंध करता है।
  **अनुच्छेद 165–** राज्य का महाधिवक्ता
  **अनुच्छेद 76–** भारत का महान्यायवादी
- भारतीय संविधान के भाग 20 के अंतर्गत अनुच्छेद 368 में संसद को संविधान एवं इसकी व्यवस्था में संशोधन की शक्ति प्रदान की गई है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(1) के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा। 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या, लोकसभा की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 153 प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल के पद का प्रावधान करता है। एक व्यक्ति एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।

# विगत परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

## संविधान सभा (Constituent Assembly)

**1. 1946 में, संविधान सभा के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में किसने अध्यक्षता की थी?**
(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा
(c) सी. राजगोपालाचारी (d) जे. बी. कृपलानी
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 22/07/2017**

**Ans. (b)** कैबिनेट मिशन योजना के द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों के तहत 6 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा का गठन हुआ। 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ सदस्य डा. सच्चिदानन्द सिन्हा को सभा का अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्थाई अध्यक्ष, एच. सी. मुखर्जी को उपाध्यक्ष तथा सर बी. एन. राव को संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया।

**2. भारत की संविधान सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला कौन थी?**
(a) बेगम ऐज़ाज रसूल (b) अरूणा आसफ अली
(c) बेगम हज़रत महल (d) आबादी बानों बेगम
**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (a)** बेगम ऐजाज रसूल भारत की संविधान सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला सदस्य थी। संविधान सभा में महिला सदस्यों की कुल संख्या 15 थी।

## प्रस्तावना

**3. भारत के संविधान की इस विशेषता के कारण कोई व्यक्ति स्वंतत्रतापूर्वक अपने धार्मिक विश्वासों और परंपराओं का पालन कर सकता है।**
(a) पथनिरपेक्षता (b) अखंडता
(c) संप्रभुता (d) संघवाद
**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (a) :** पंथनिरपेक्षता से तात्पर्य धर्म और राजनीति का अलगाव है अर्थात् राज्य का कोई अपना राजकीय धर्म नहीं होगा और न ही धर्म के नाम पर किसी भी नागरिक के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव किया जायेगा। इस विशेषता के कारण कोई व्यक्ति स्वतंत्रतापूर्वक अपने धार्मिक विश्वासों और परम्पराओं का पालन कर सकता है। 'पंथनिरपेक्षता' शब्द मूल प्रस्तावना में शामिल नहीं था। इसे 42 में संविधान संशोजन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में शामिल किया गया।

## संविधान के स्रोत (Sources of Constitution)

**4. भारतीय संविधान द्वारा अपनाई गई सरकार की संघीय संरचना मुख्य रूप से ....................से प्रभावित है।**
(a) कनाडा (b) ब्रिटेन
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) आयरलैंड
**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (a)** भारतीय संविधान द्वारा अपनाई गई सरकार की संघीय संरचना मुख्य रूप से कनाडा से प्रभावित है। इसके अलावा अवशिष्ट शक्तियों का केन्द्र में निहित होना, राज्यपालों की नियुक्ति व उच्चतम न्यायालय का परामर्शी निर्णयन जैसे प्रावधान भी कनाडा से ही लिये गये हैं।
नीति-निदेशक तत्व आयरलैंड से, संसदीय व्यवस्था ब्रिटेन से व समवर्ती सूची का प्रावधान भारतीय संविधान में ऑस्ट्रेलिया से लिया गया है।

## संघीय शासन प्रणाली

**5. जब हम कहते हैं कि भारत में संघीय शासन प्रणाली है, तो इसका क्या अर्थ होता है?**
(a) सभी नागरिकों को समान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकार प्रदान करना
(b) सभी नागरिकों को आस्था और पूजा की स्वतंत्रता प्रदान करना
(c) देश के भिन्न-भिन्न राज्यों और प्रांतों के पास अपने कानून बनाने और निर्णय लेने का अधिकार है
(d) 18 वर्ष से उपर की आयु के सभी व्यक्तियों को मताधिकार
**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (c) :** जब हम कहते हैं कि भारत में संघीय प्रणाली है इसका अर्थ यह है कि देश के भिन्न-भिन्न राज्यों और प्रांतों के पास अपने कानून बनाने और निर्णय लेने का अधिकार है। यह प्रणाली केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों के विभाजन पर आधारित है, जिससे राज्यों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और समस्याओं के समाधान करने की स्वतंत्रता मिलती है।

## संविधान के भाग एवं अनुसूचियाँ (Parts and Schedules of the Constitution)

**6. निम्नलिखित में से किस विषय को समवर्ती सूची में सम्मिलित किया गया है?**
(a) वन (b) रक्षा
(c) मुद्रा (d) कृषि
**Allahabad High Court Group D Exam 02/04/2023**

**Ans. (a) :** सातवीं अनुसूची में केन्द्र एवं राज्यों के बीच शक्तियों के बँटवारे के बारे में उल्लेख किया गया है। इसके अंतर्गत तीन सूचियाँ हैं- संघ सूची, समवर्ती सूची, राज्य सूची।

1. **संघ सूची-** इस सूची में दिये गये विषय पर केन्द्र सरकार कानून बनाती है। संविधान के लागू होने के समय 97 विषय थे।
2. **राज्य सूची-** इस सूची में दिये गये विषय पर राज्य सरकार कानून बनाती है। संविधान के लागू होने के समय 66 विषय थे। (वर्तमान में 61 विषय) राज्य सूची में शामिल कुछ विषय हैं- शांति और व्यवस्था, कृषि, स्थानीय स्वशासन, जनस्वास्थ्य, पुलिस, जेल आदि।
3. **समवर्ती सूची-** संविधान के लागू होने के समय इसमें 47 विषय थे। (वर्तमान में 52 विषय) समवर्ती सूची के कुछ प्रमुख विषय हैं- दीवानी और फौजदारी, शिक्षा, वन, बिजली, श्रमिक संघ आदि।

**7. संघ सूची में शामिल विषय की पहचान करें-**

(a) विदेशी मामले (b) पुलिस
(c) व्यापार (d) शिक्षा

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (a) :** संविधान के अनुच्छेद 246 में तीन सूचियों की चर्चा है, जिसे सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

1. संघ सूची - राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंध, रेल, बैंक, मुद्रा निर्माण, बीमा, डाक-तार, जनगणना आदि।
2. राज्य सूची - लोक व्यवस्था, पुलिस, कृषि, स्थानीय शासन, सड़क परिवहन, होटल, पथकर आदि।
3. समवर्ती सूची - शिक्षा, वन, मापतौल, जनसंख्या नियंत्रण, समाचार पत्र, कारखाना आदि।

**8. भारतीय संविधान की राज्य सूची में शामिल विषय की पहचान करें**

(a) रक्षा (b) विवाह
(c) मुद्रा (d) कृषि

**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (d) :** संविधान के अनुच्छेद 246 में तीन सूचियों की चर्चा है, जिसे सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

1. संघ सूची - राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंध, रेल, बैंक, मुद्रा निर्माण, बीमा, डाक-तार, जनगणना आदि।
2. राज्य सूची - लोक व्यवस्था, पुलिस, कृषि, स्थानीय शासन, सड़क परिवहन, होटल, पथकर आदि।
3. समवर्ती सूची - शिक्षा, वन, मापतौल, जनसंख्या नियंत्रण, समाचार पत्र, कारखाना आदि।

## पंचायती राज

**9. भारत में, अब एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं :**

(a) पंचायती राज संस्थाओं में (b) लोक सभा में
(c) राज्य विधान सभाओं में (d) मंत्रिमण्डलों में

**Allahabad High Court Group D Exam 02/04/2023**

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(घ) में पंचायतों में आरक्षण से सम्बन्धित प्रावधान दिए गए हैं। महिलाओं के लिए प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में कम से कम 1/3 स्थान आरक्षित हैं। राज्य विधानमंडल चाहे तो इस संख्या को बढ़ा सकती है, लेकिन कम नहीं कर सकती। वर्तमान में बिहार, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।

## न्यायपालिका

**10. सर्वोच्च न्यायालय के कौन से न्यायाधीश के विरुद्ध, भारतीय संसद में पहली बार महाभियोग चलाया गया था?**

(a) सौमित्र सेन (b) वी रामास्वामी
(c) पी. डी. दिनाकरन (d) सी. एस. कर्णन

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (b)** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. रामास्वामी के विरुद्ध वर्ष 1993 में भारतीय संसद में पहली बार महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। परन्तु लोकसभा में यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

**11. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद प्रत्येक उच्च न्यायालय को रिट जारी करने की शक्ति देता है।**

(a) अनुच्छेद 214 (b) अनुच्छेद 227
(c) अनुच्छेद 229 (d) अनुच्छेद 226

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (d)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अनुसार प्रत्येक उच्च न्यायालय को यह शक्ति प्राप्त है कि वह अपने कार्य क्षेत्र में संविधान में दिए गये मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट जारी कर सकता है। ये रिटें निम्न है– 1. बंदी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश 3. उत्प्रेषण 4. अधिकारपृच्छा 5. प्रतिषेध।

## नागरिकता (Citizenship)

**12. निम्नलिखित में से कौन सा देश दोहरी नागरिकता की अनुमति देता है?**

(a) भारत (b) जापान
(c) अमेरिका (d) नीदरलैंड

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (c)** संयुक्त राज्य अमेरिका में दोहरी नागरिकता प्रणाली है जिसमें व्यक्ति अपने राज्य के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका का भी नागरिक होता है।

## मौलिक कर्त्तव्य (Fundamental Duties)

**13. भारतीय संविधान में मूलभूत कर्तव्यों को --------- के तहत जोड़ा गया था।**

(a) 41वां संशोधन (b) 42वां संशोधन
(c) 43वां संशोधन (d) 44वां संशोधन

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (b)** 1976 में गठित स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर 42 वे संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा 10 मूल कर्त्तव्यों को भारतीय संविधान में जोड़ा गया। इसके लिए संविधान में एक नया भाग IVक जोड़ा गया। वर्तमान में मूल कर्त्तव्यों की संख्या 11 हैं।

## अनुसूचियाँ

**14. साइबर कानून, भारतीय संविधान की.............. के अंतर्गत आता है।**

(a) संघ सूची (b) राज्य सूची
(c) समवर्ती सूची (d) अवशिष्ट शक्ति

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (d)** भारत के संविधान में तीन प्रकार की सूचियों का प्रावधान किया गया है–संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। संघ सूची में उन विषयों का उल्लेख है जिन पर कानून बनाने का अधिकार केवल केन्द्र सरकार को प्रदान किया गया है। राज्य सूची में ऐसे विषयों का उल्लेख है जिन पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों को